ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ईद मुबारक

रांची, चैत्र शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 11 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-70, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय आदिशक्ति की आराधना और भारतीय ... 08 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | द्रमुक ने तमिलनाडु के लोगों को पुरानी सोच ...12 देश-विदेश

## वासंतिक नवरात्र

### तृतीय : चंद्रघण्टा



यह देवी दुर्गा के नौ रूपों में से तीसरा रूप है। नवरात्रि के तीसरे दिन इनका पूजन किया जाता है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का मन 'मणिपूर' चक्र में प्रविष्ट होता है।

पिण्डज प्रवरारुढ़ा
चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यम्
चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

मां का यह स्वरूप शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्र है, इसीलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। इनका शरीर स्वर्ण के समान उज्ज्वल है। इनके दस हाथ हैं। दसों हाथों में खड्ग, बाण आदि शस्त्र सुशोभित रहते हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्यत रहनेवाली है। इनके घंटे की भयानक चडंध्वनि से दानव, अत्याचारी, दैत्य, राक्षस डरते रहते हैं। नवरात्र के तीसरे दिन साधक का मन मणिपूर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक को अलौकिक दर्शन होते हैं। मां चन्द्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं विनष्ट हो जाती हैं।

### दोहरे हत्याकांड में कोर्ट ने सुनाया फैसला

# पौलुस व जेठा को उम्रकैद

### पौलुस सुरीन दो बार रह चुके हैं विधायक

### पीएलएफआई का उग्रवादी है जेठा कच्छप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने बुधवार को दोहरे हत्याकांड में दोषी पूर्व तोरपा विधायक पौलुस सुरीन और पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के उग्रवादी जेठा कच्छप को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पिछले दिनों अदालत ने दोनों को भूषण कुमार सिंह और राम गोबिंद की हत्या मामले में दोषी पाया था। पौलुस सुरीन और जेठा कच्छप पर आरोप था कि उन्होंने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर दोनों की हत्या की थी।



### तोरपा से दो बार विधायक रहे हैं पौलुस सुरीन

पौलुस सुरीन साल 2009 और 2014 में झामुमो के टिकट पर तोरपा से विधायक बने थे। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो ने पौलुस को टिकट नहीं दिया था। इसके बाद वे निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे और हार गए।

अदालत ने पौलूस सुरीन पर 25 हजार और जेठा कच्छप पर 45 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर दोनों को एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। कोर्ट के फैसले के समय पूर्व झामुमो विधायक पौलुस सुरीन अदालत में सशरीर उपस्थित रहे, जबकि गोड्डा जेल में बंद नक्सली जेठा कच्छप वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उपस्थित था।

इससे पूर्व, छह अप्रैल को अदालत ने मामले में ट्रायल फेस कर रहे तीन महिलाओं और कृष्णा महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। जबकि, पौलुस सुरीन और जेठा कच्छप को दोषी करार दिया था। पौलुस सुरीन दो बार झामुमो के विधायक रह चुके हैं।

घटना खूंटी के तोरपा में वर्ष 2013 की है। मामले में पुलिस मुखबिर भूषण सिंह और राम गोविंद की हत्या कर दी गई थी। मामले में पौलूस सुरीन, नक्सली जेठा कच्छप, कृष्णा महतो और तीन महिला सहित शेष पृष्ठ 11 पर

### भूषण सिंह पर लगा था एक महिला से दुष्कर्म का आरोप

वर्ष 2013 में ठेकेदार भूषण सिंह पर एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा था। लेकिन, पुलिसिया जांच में रेप केस फर्जी निकला और पुलिस ने जांच बंद कर दी थी। इसके बाद भूषण सिंह की गिरफ्तारी के लिए विधायक ने कर्रा में धरना दिया था। इसी बीच, नक्सलियों ने 27 मई 2013 को ग्राम त्रिला में पुस्तकालय के पास ताश खेल रहे ठेकेदार भूषण सिंह और रामगोविंद सिंह की एके 47 राइफल से गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद भूषण की बहन ने पौलुस पर हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया था।

### लोकपाल के सीबीआई जांच के आदेश को शिबू सोरेन ने दिल्ली हाईकोर्ट में दी चुनौती



**रांची।** झामुमो के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने दिल्ली हाईकोर्ट में लोकपाल के उस आदेश को चुनौती दे दी है, जिसमें लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया है। जिसपर 23 अप्रैल को सुनवाई होनी है। पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड प्रज्ञा सिंह बघेल के माध्यम से दिल्ली हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। लोकपाल ने 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ दाखिल शिकायत पर फैसला सुनाते हुए सीबीआई को जल्द से जल्द जांच करने का आदेश दिया था। लोकपाल ने सीबीआई को इस मामले की प्रारंभिक जांच छह महीने के अंदर पूरी करने का निर्देश दिया है। बीजेपी के गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने 2020 में लोकपाल के समक्ष शिकायतवाद दर्ज करायी थी।

## 20 करोड़ के गबन का आरोपी पेयजल कर्मी गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सदर थाना पुलिस ने पेयजल स्वच्छता विभाग रांची के कर्मी संतोष कुमार को गबन मामले में गिरफ्तार किया है। वह चुटिया थाना क्षेत्र में रहता था। वह मूल रूप से बिहार के जहानाबाद का रहने वाला है। इसके पास से 50 लाख 98 हजार 500 रुपया और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पेयजल स्वर्णरेखा शीर्ष कार्य प्रमंडल रांची में शहरी जलापूर्ति योजना (जेएनयूआरएम) की राशि में करीब 20 करोड़ रुपये के गबन से संबंधित सदर थाना में 28 दिसंबर 2023 को मामला दर्ज कराया गया था। मामले के अनुसंधान के लिए सिटी एसपी के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम ने संतोष कुमार को सुखदेवनगर थाना के इंद्रपुरी रोड नंबर एक स्थित आरोपित के ससुराल से गिरफ्तार किया गया। जांच के क्रम में इसके पास से 15 लाख रुपये बरामद किए गए। इसकी निशानदेही पर मामले में गबन की राशि 35 लाख 98 हजार 500 रुपये बरामद किए गए हैं। इस तरह मामले में कुल 50 लाख 98 हजार 500 रुपये जब्त किए गए हैं।

## छग : दुर्ग में हुए सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हुई



**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले के कुम्हारी में मंगलवार की रात बस हादसे में घायलों में कुछ और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हो गयी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कुम्हारी के समीप केडिया डिस्टलरी के कर्मचारियों को लेकर जा रही बस एक मुरुम खदान के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे खड्डु में गिर गई। बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। मृतकों में चार महिलाएं भी हैं। कुछ अन्य घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को कुम्हारी, दुर्ग और रायपुर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने कुम्हारी बस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घटना में घायल लोगों के समुचित उपचार के प्रशासन को निर्देश दिये हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर दुख प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई है। और सभी मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये, एक सदस्य को नौकरी और घायलों का पूरा खर्च उठाने की घोषणा की है।

## पीएलएफआई के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

एसपी अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापामार टीम ने मंगलवार को अड़की थानांतर्गत डोल्डा बगड़ी मोड़ के पास छापामारी कर लेवी वसूलने आए पीएलएफआई के एरिया कमांडर लंबू उर्फ राडूंग बोदरा उर्फ टीरा बोदरा दस्ता के दो सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में अड़की थानांतर्गत रूमचु गांव के सामू मुंडा (22 ) तथा रूंगडू गांव निवासी बोयर सिंह पूर्ति (32 ) शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने मौके पर एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली, नक्सली संगठन पीएलएफआई का छह पर्चा और लेवी के नगद दो हजार रुपए बरामद किए हैं।

यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने बुधवार शाम अपराह्न अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार उग्रवादियों ने




पीएलएफआई के एरिया कमांडर लंबू उर्फ राडूंग बोदरा के निर्देश पर लेवी वसूलने, संगठन का प्रचार-प्रसार करने, संगठन के लिए नेटवर्किंग का काम करने और संगठन के नाम पर क्षेत्र में दहशत फैलाने की बात स्वीकार कर ली है। एसडीपीओ ने बताया कि मंगलवार सुबह एसपी को यह यह सूचना मिली कि अड़की थानांतर्गत कोचांग, तुबिल,मुचिया एवं डोल्डा क्षेत्र में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर लंबू उर्फ राडूंग बोदरा दस्ता के कुछ उग्रवादी लेवी का पैसा वसूलने के लिए आने वाले हैं।

सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक रामप्रवेश कुमार और खूंटी अंचल के पुलिस निरीक्षक किशुन दास के नेतृत्व में गठित छापामार टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डोल्डा बगड़ी मोड़ के पास संदिग्ध अवस्था में पाए गए उक्त दोनों उग्रवादियों को पकड़ कर जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से हथियार और नक्सली पर्चा मिला। इसपर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार दोनों उग्रवादियों को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शेष पृष्ठ 11 पर

### पांडेय गिरोह के कुख्यात सक्रिय सदस्य को एटीएस ने किया गिरफ्तार

एटीएस ने पांडेय गिरोह का कुख्यात सक्रिय सदस्य गोविन्द राय को गिरफ्तार किया है। वह रामगढ़ सौदागर मोहल्ला न्यू कॉलोनी का रहने वाला है। इसके पास से एक स्कॉर्पियो, दो मोबाईल फोन और तीन हजार पचास रुपए नकद और तीन सिम कार्ड बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधी छह वर्षों से फरार चल रहा है और पश्चिम बंगाल में छुपकर गिरोह के अन्य सदस्यों के माध्यम से रंगदारी एवं जान मारने की धमकी दिया करता था। इस अपराधी पर एटीएस की कड़ी नजर थी। इसने लगभग 15-16 दिनों पहले जेल में बंद कुख्यात अपराधी पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी के निर्देश पर गुडगांव, हरियाणा के व्यवसायी सचिन मुंजाल की हत्या में शामिल दो कुख्यात अपराधियों को पश्चिम बंगाल में छुपाकर रखा था।

### जमीन घोटाला मामले के आरोपी हिलेरियस कच्छप की मौत

**रांची।** बड़गाई क्षेत्र के 8.5 एकड़ जमीन घोटाले में ईडी के आरोपी हिलेरियस कच्छप की मौत का मामला प्रकाश में आया है। ईडी ने जमीन घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ हिलेरियस कच्छप को भी आरोपी बनाया था। हिलेरियस कच्छप बरियातू इलाके में रहते थे। हिलेरियस लंबे समय से बीमार थे और डायलिसिस पर थे। मंगलवार देर रात बीमारी के वजह से उनका निधन हो गया। हिलेरियस कच्छप के बेटे एलेस्टर कच्छप ने भी बताया कि उनके पिता लीवर और किडनी की बीमारी से पीड़ित थे। उल्लेखनीय है कि बीते 30 मार्च को ईडी ने कोर्ट में बड़गाईं अंचल की जमीन घोटाले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आर्किटेक्ट विनोद कुमार, बड़गाईं अंचल के उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप के खिलाफ ईडी की टीम ने चार्जशीट (आरोप पत्र) दाखिल किया था।

### रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 67,350

चांदी (1 किलो) 88,000

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## सिंहभूम जिले में मिट्टी धंसने से तीन महिलाएं जिंदा दफन हुई, पांच घायल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के सिंहभूम जिले में एक दर्दनाक हादसे में मिट्टी धंसने से तीन महिलाएं जिंदा दफन हो गईं। हादसे में पांच अन्य महिलाएं घायल हुई हैं। पुलिस ने बताया कि सिंहभूम जिले के बहारागोरा पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले मटियाना गांव में पीड़ित महिलाएं घर में पुताई के लिए मिट्टी खोद रहीं थी। उसी दौरान मिट्टी भरभराकर उन पर गिर



गई, जिससे महिलाएं मिट्टी में दब गईं। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गईं। हादसे में घायल हुए पांच अन्य लोगों को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया है, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जमशेदपुर रेफर कर दिया गया है। झामुमो के स्थानीय विधायक समीर मोहंती ने घायलों को शिफ्ट करने के लिए आर्थिक मदद दी। विधायक ने कहा कि वह इस मामले को राज्य के स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता के सामने उठाएंगे और उनसे अपील करेंगे कि पीड़ित परिजनों को मुआवजा दिया जाए।

### राष्ट्रपति से एससीएसटी की सदस्य आशा लकड़ा ने की मुलाकात



**नई दिल्ली/रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से बुधवार को दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय आयोग (एससीएसटी) की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान आशा लकड़ा ने राष्ट्रपति को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं भी दी। यह जानकारी डॉक्टर आशा लकड़ा के निजी सहायक विवेक कुमार ने दी।

## कंप्यूटर ऑपरेटरों को 22 माह का बकाया मानदेय भुगतान 24 घंटे में करने का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग को मनरेगा के अंतर्गत नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों का बकाया भुगतान 24 घंटे के अंदर करने का आदेश दिया। साथ ही, इसका अनुपालन प्रतिवेदन भी मांगा है। मनरेगा आयुक्त 16 अप्रैल को हाईकोर्ट में शपथ पत्र इस संबंध में दायर कर भुगतान की जानकारी भी देंगे। बकाया भुगतान प्रखंड स्तर पर संधारित किसी अन्य मद की राशि




से करने का आदेश भी दिया गया है। ऐसे में तत्काल राशि का भुगतान किया जाएगा। चतरा जिले के करीब 24 कंप्यूटर ऑपरेटरों को जून 2022 से मार्च 2024 तक 22 माह का बकाया मानदेय का भुगतान किया जाएगा। बता दें कि दो अप्रैल को झारखंड हाईकोर्ट ने मनरेगा कर्मियों को बकाया भुगतान देने का आदेश दिया था। जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की अदालत ने मानदेय का भुगतान कर मनरेगा आयुक्त को शपथ पत्र दायर करने को कहा था। अदालत ने कहा था कि जब प्रार्थी काम कर रहे हैं, विभाग उनसे शेष पृष्ठ 11 पर

### आज के मैच




समय : 11 अप्रैल, 7:30 बजे से

स्थान : मुंबई




### आजकल




## इंडिया

# केजरीवाल मामले में न्यायालय की ऐतिहासिक टिप्पणी



सुनील बादल

***ग्लोबल*** गांव बनते विश्व में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भारतीय राजनीति के एक नए प्रयोग हैं और राजनीति मेन रुचि रखने वाले लाखों पढे लिखे लोगों के लिए प्रेरक भी लेकिन अब उन पर भी सवाल उठाने लगे हैं जबसे दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनपर टिप्पणी करते हुए उनके तर्कों को अस्वीकार कर दिया है। केजरीवाल ने बुधवार को उत्पाद शुल्क नीति मामले में अपनी गिरफ्तारी और प्रवर्तन निदेशालय की रिमांड को चुनौती देने वाली याचिका को उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट गए भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ के समक्ष याचिका का उल्लेख करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह दिल्ली के मुख्यमंत्री के संबंध में एक आवश्यक उल्लेख है। उनकी गिरफ्तारी अविश्वसनीय दस्तावेज पर आधारित है और हमसे छुपाई गई है। इसके जवाब में सीजेआई चंद्रचूड़ ने तत्काल आधार पर याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया और यह नहीं बताया कि मामले की सुनवाई आज होगी या नहीं। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि कृपया एक ईमेल भेजें, हम इस पर विचार करेंगे। उन्हें अगले हफ्ते तक प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल बेंच नहीं बनेगी यानी शराब नीति के कथित घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिलहाल कोई राहत नहीं है। मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी। याचिका पर सोमवार से पहले सुनवाई नहीं हो सकती।



इससे पहले अदालत में प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को जमानत देने का कड़ा विरोध किया। वहीं केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने पैरवी की और उन्हें राहत देने की मांग की। सिंघवी ने लोकसभा चुनाव से इसे जोड़ते हुए आप नेता की गिरफ्तारी के समय पर भी सवाल उठाए। जबकि अदालत ने तमाम दलीलों को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत के सामने तर्क दिया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी का समय सीधे तौर पर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में 'समान अवसर' यानी लेवल प्लेयिंग फील्ड को प्रभावित करता है जो समान अवसर 'स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव' का हिस्सा है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का समय सीधे तौर पर पूरे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के समान अवसर को बाधित करता है क्योंकि वह प्रमुख विपक्षी दल यानी आम आदमी पार्टी के सदस्य हैं। उनकी गिरफ्तारी सीधे तौर पर आगामी लोकसभा चुनावों में प्रचार करने के उनके अधिकार का उल्लंघन करती है। इसके अलावा गिरफ्तारी का समय यह सुनिश्चित करता है कि केजरीवाल लोकतांत्रिक गतिविधियों में भाग नहीं ले सकते हैं। मतदान से पहले ही उनकी पार्टी को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सिंघवी ने तर्क दिया कि ईडी द्वारा केजरीवाल के खिलाफ जारी किया गया पहला समन अक्टूबर 2023 में था और उन्हें 21 मार्च 2024 को गिरफ्तार किया गया। यह दुर्भावना से भरा है और यह सीधे बुनियादी ढांचे और समान अवसर को नुकसान पहुंचाता है।फैसला सुनाते हुए जस्टिस स्वर्ण कांत शर्मा ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता (अरविंद केजरीवाल) को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया है और उन्हें विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। चुनाव के समय के बावजूद गिरफ्तारी की जांच न्यायालय को करनी है। ईडी की ओर से किसी भी तरह की दुर्भावनापूर्ण मंशा के अभाव में इस तर्क को स्वीकार करने का मतलब यह होगा कि यदि केजरीवाल को अक्टूबर 2023 में ही गिरफ्तार किया गया होता तो उनकी गिरफ्तारी को दुर्भावनापूर्ण आधार पर चुनौती नहीं दी जाती क्योंकि उस समय चुनाव घोषित नहीं हुए थे। सिंघवी का यह भी तर्क था कि दिल्ली के सीएम की गिरफ्तारी दुर्भावनापूर्ण इरादे और गिरफ्तारी के तरीके और समय में दिखाई देने वाली मनमानी के आधार पर भी अवैध है। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि यदि इस तर्क को माना जाए तो यह स्वीकार करना होगा कि यदि कोई व्यक्ति जांच एजेंसी के समक्ष खुद को पेश करने में देरी करता है तो वह इसका फायदा उठा सकता है और बाद में दुर्भावनापूर्ण होने का बहाना बना सकता है। अदालत ने कहा कि केजरीवाल को आगामी लोकसभा चुनाव की तिथियों के बारे में भी पता होना चाहिए था जो मार्च 2024 के महीने में घोषित होने की संभावना थी। इसका जिक्र आप नेता ने समन के अपने जवाब में भी किया है। केजरीवाल को यह भी पता होगा कि लोकसभा चुनाव घोषित होने के बाद वे पहले से कहीं ज्यादा व्यस्त हो जाएंगे और जांच में शामिल नहीं हो पाएंगे। इसके बावजूद उन्होंने न तो पीएमएलए की धारा 50 के तहत जारी समन को चुनौती दी और न ही अक्तूबर 2023 से जांच में शामिल हुए। अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि पता होगा कि जांच में शामिल न होने के क्या परिणाम हो सकते हैं और यह कहां तक पहुंच सकता है।

### आयोग ने राज्यों को दिए निर्देश

## चुनाव संबंधी सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक की हो स्पष्ट जानकारी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पार्टियों के प्रचार अभियान को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाने के लिए सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को होर्डिंग्स सहित छपवाई गई चुनाव-संबंधी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का स्पष्ट नाम व पता दिए जाने को अनिवार्य तौर पर लागू कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के पूर्ण आयोग ने इस संबंध में प्राप्त शिकायतों पर यह निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127ए में स्पष्ट है कि मुद्रक या प्रकाशक के नाम तथा पते के बिना चुनाव पैम्फलेट, पोस्टर, तख्तियां या बैनर की छपाई नहीं की जा सकती। इससे चुनावी अभियानों का खर्च विनियमित होता है और आदर्श आचार संहिता या वैधानिक प्रावधानों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित होती है।

## एक नजर

### सदका फितरा अदा करने के लिए धनवान होना जरूरी नहीं : मौलाना कुतुबुद्दीन

**रांची।** एदारा ए शरिया झारखंड के नाजिम आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने ईद के पैगाम में कहा कि रमजान महीने के आखिर में सदका फितरा अदा करना है। सदका फितरा रमजान के महीने के अंत में ईद की नमाज से पहले हर मुसलमान को रोजाना खाने वाली चीजों में से अदा करना है। सदका फितरा केवल अनाज के रूप में अदा करना बेहतर है। लेकिन, अनाज के मूल्य के बराबर नकद भी बतौर फितरा दिया जा सकता है। सदका फितरा केवल गरीबों और बेसहारा लोगों को दिया जाएगा। सदका फितरा अदा करने के लिए धनवान होना जरूरी नहीं है।

### सदर एसडीओ ने किया 40 मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**रांची।** कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर रांची सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार रांची विधानसभा क्षेत्र के बूथों का लगातार भ्रमण कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने कम मतदान प्रतिशत वाले कुल 40 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं सफाई कर्मियों के साथ संयुक्त बैठक करते हुए उत्कर्ष कुमार ने सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही, एएमएफ का निरीक्षण करते हुए उन्होंने बूथों पर सारी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा।

### आईआईसीएम श्रमिक संघ ने की बैठक

**रांची।** आईआईसीएम श्रमिक संघ की बैठक बुधवार को संघ के अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि जो भी कर्मचारी पिछले 10 साल से कैंपस के अंदर काम करते आ रहे हैं, उन्हें नियमित नियुक्ति को लेकर संघ एक ज्ञापन प्रबंधन को सौंपेगी। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इसके स्थापना काल 1994 से यहां लगभग 210 कर्मी विभिन्न साइट पर काम करते हुए आ रहे हैं, जिनका ईपीएफ और ईएसआई लगातार कटता आ रहा है। इन परिस्थितियों में न्यायालय की ओर से दिए गए जजमेंट के अनुसार सारी अर्हता यहां के कर्मी पूरा कर रहे हैं। इन परिस्थितियों में इन्हें नियमित नियुक्ति मिलनी चाहिए। बैठक में मनोज सिंह विजय शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, वीर बहादुर सिंह, आलोक झा, अखाय बेहरा, प्रीत यादव, रमेश साहू, सुनील कुमार सहित दर्जनों कर्मी शामिल थे।

### आईजी ने लोकसभा चुनाव में कानून-शांति व्यवस्था पर अधिकारियों से की चर्चा

**दुमका।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार दुमका में प्रमंडलीय आईजी का पोस्टिंग हुआ है। संथाल परगना प्रक्षेत्र की आईजी ए विजयालक्ष्मी बनकर दुमका में आई है। चुनाव को लेकर पुलिस पदाधिकारियों संग बैठक कर आईजी ए विजयालक्ष्मी ने कई आवश्क निर्देश दी। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर समीक्षा की गई है।

---

**रमजान का महीना गुनाहों से छुटकारा का महीना है**

# ईद आपसी प्रेम, भाईचारा, सौहार्द व शांति का त्योहार है : डॉ परमेश्वर

**महीने में मुस्लिम धर्मावलंबी दिनभर रोजा रखते हैं और शाम में इफ्तार करते हैं, गरीब और मजलूमों की सेवा करते हैं**



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
29वीं रमजान के मौके पर ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष जनाब शमीम अख्तर आजाद एवं अंजुमन इस्लामिया मुरमा के द्वारा दी गई इफ्तार पार्टी में शामिल हुए पूर्व उप विकास आयुक्त डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि रमजान का महीना गरीब-गुरबों एवं बेबस लाचार लोगों को सहयोग करने का महीना है, बरकत का महीना है, इबादत का महीना है और गुनाहों से छुटकारा पाने का महीना है। इस महीने में मुस्लिम धर्मावलंबी दिनभर रोजा रखते हैं और शाम में आफतारी करते हैं सदका और फितरा देकर गरीब और मजलूमों की सेवा करते हैं उन्हें भी खुशी मनाने का मौका देते हैं। रमजान और ईद इंसानियत का पैगाम देता है और हमें यह संदेश देता है कि जिस गरीब के यहां खाने के लिए अनाज नहीं है पहनने के लिए कपड़ा नहीं है , इलाज के लिए दवा, पैसे नहीं है तो उनका जीवन स्तर किस तरह परेशानी हाल में बीतता होगा, हम लोग सिर्फ कल्पना कर सकते हैं लेकिन रमजान का महीना उसे मुर्त रूप देकर उन अभावों की पूर्ति करने का प्रयास करता है। चांद दिखने के बाद ईदगाह में खुशी-खुशी सभी मुस्लिम भाई ईद की नमाज अदा करने जाते हैं जहां अमीरी- गरीबी, गोरा-कला, और उच्च- नीच का भेदभाव सब मिट जाता है सभी एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हैं एवं खुशियां मनाते हैं। इफ्तार दावत में रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के सदर जनाब शमीम अख्तर आजाद, अंजुमन इस्लामिया मांडर प्रखंड के सदर नुरुल्लाह हबीब नदवी ,मुड़मा पंचायत के मुखिया बंधन उरांव, जिला परिषद प्रतिनिधि जगराम उरांव जी , पूर्व मुखिया शंभू महली,बिरसा उरांव, घीनू उरांव, सिद्दिक अंसारी, हाजी हसमुद्दीन, मौलाना मजहर, हाजी मंजूर अंसारी, एनामुल हक, वसीम अख्तर, सुलेमान अंसारी, गफ्फार अंसारी, सफीउल मजीद, बारीक अंसारी, आरिफ अंसारी, सहाबुद्दीन अंसारी, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## लाइसेंसी हथियार धारक 15 अप्रैल तक अपने हथियार थाने में जमा करें : डीसी

**◆आदेश का पालन नहीं करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी**

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा जिला में आगामी लोक सभा चुनाव स्वच्छ, शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयुध अधिनियम, 1959 एवं शस्त्र नियमावली, 2016 के सुसंगत प्रावधानों एवं शस्त्र लाइसेंस की शर्त 9 के तहत उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने नोटिस जारी करते हुए जिला के सभी शस्त्र लाइसेंस धारियों को सभी लाइसेंस प्रदत्त शस्त्र कारतूस सहित लाइसेंस धारी शस्त्र विक्रेता अथवा संबंधित थाना, ओ०पी० में दिनांक 15 अप्रैल तक जमा करने आदेश दिया है।जारी नोटिस में उपायुक्त ने कहा है कि लाइसेंस धारी द्वारा अपने लाइसेंस के विरुद्ध निर्गत शस्त्र कारतूस सहित शस्त्र विक्रेता अथवा संबंधित थाना/ओ०पी० में जमा करने के पश्चात तत्संबंध में पावती प्राप्त कर लें। उपायुक्त ने कहा है कि शस्त्र विक्रेता के पास शस्त्र जमा करने के पश्चात प्राप्त पावती रसीद की छायाप्रति स्थानीय थाना / ओ०पी० में अनिवार्य रूप से जमा करें। जारी नोटिस में उपायुक्त ने कहा है कि यह आदेश उन लाइसेंस धारियों पर लागू नहीं होगा जिनके द्वारा किसी निजी या सरकारी संस्थान में अपनी लाइसेंस पर निर्गत शस्त्र/कारतूस द्वारा सुरक्षा कार्य किया जा रहा है। साथ ही, वैसे लाइसेंस धारी जो नेशनल राईफल एसोसिएशन के सदस्य हैं। जारी नोटिस में उपायुक्त ने कहा है कि जमा किये गये सभी शस्त्र कारतूस सहित चुनाव के नतीजों की घोषणा के एक सप्ताह के भीतर लाइसेंस धारकों को वापस कर दिया जायेगा। जारी नोटिस में उपायुक्त ने कहा है कि किसी भी लाइसेंस धारी द्वारा उपर्युक्त आदेश का अनुपालन नहीं करने के स्थिति में उनके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत समुचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## ककरिया गांव में शिव के उपासक भोक्ताओं का दल आज करेगा प्रवेश



**20 अप्रैल को झूलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा**

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के ककरिया स्थित मंडा टांड़ में मंडा पूजा के आयोजक वनबिहारी साहु के संचालन एवं प्रदीप साहु की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक के दौरान शिव मंडा पूजा की तैयारियों का जायजा लिया गया। मंडा पूजा के संस्थापक स्वर्गीय रमेश चंद्र साहु के जन्मोत्सव के मौके पर मंडा पूजा का शुभारंभ किया गया था। इस मौके पर आयोजकों ने बताया कि दिनांक 11 अप्रैल दिन गुरुवार को ककरिया में भोक्ताओं का प्रवेश होगा। वहीं 18 अप्रैल दिन गुरुवार को लोटन सेवा तथा 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को फूलखुंदी, जागरण एवं छऊ नृत्य का आयोजन किया जाएगा, जबकि 20 अप्रैल दिन शनिवार को झुलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस संदर्भ में कई निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान समाजसेवी सुधीर चंद्र साहु, पूर्व मुखिया गंगाधर साहु, सुमित कुमार, चुनिया राम, सुभाष चंद्र साहु, उदय साहु, लक्ष्मी नारायण साहु, प्रशांत कुमार, प्रवीण कुमार, अनिल साहु, शुभम कुमार साहु, राहुल कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

## नरकोपी के मजदूर की कर्नाटक में काम करने के दौरान छत से गिरकर हुई मौत



**◆परिजनों ने ठेकेदार जोसेफ से मृतक बुदा उरांव का शव गांव लाने के लिए गुहार लगाई तो उसने शव को नरकोपी पहुंचाने से किया इनकार**

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम नरकोपी के मजदूर 26 वर्षीय बुदा उरांव पिता एतवा उरांव काम करने कर्नाटक के बेंगलूर गया था । वहां वह ठेकेदार जोसेफ के अंडर में मजदूरी कर रहा था। बुधवार को काम करने के दौरान छत से गिरकर बुदा उरांव की आकस्मिक मौत हो गई। उसकी मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया। परिवार वालों ने ठेकेदार जोसेफ से मृतक बुदा उरांव का शव को अपने गांव नरकोपी लाने के लिए गुहार लगाया तो ठेकेदार ने शव को नरकोपी पहुंचने से इनकार कर दिया। परिजनों ने इस संदर्भ में प्रशासन से गुहार लगाई कि किसी भी हालत में बुदा उरांव के शव को ठेकेदार यहां भेज दे। परंतु जिस ठेकेदार के माध्यम से बुदा काम कर रहा था उस ठेकेदार जोसेफ ने शव को भेजने से इंकार कर दिया है। परिजनों ने बताया कि ठेकेदार आना कानी कर रहा हैं। ऐसे में परिजन क्या करें। परिजनों ने बेड़ो के हरिहरपुर जामटोली के समाजसेवी चरवा उरांव को घटना की जानकारी दी और मदद की गुहार लगाई है। चरवा उरांव ने जिला प्रशासन, सांसद सुदर्शन भगत और विधायक बंधु तिर्की सहित अन्य लोगों से बुदा उरांव के पार्थिव शरीर को उनके गांव तक लाने की गुहार लगाई और कहा कि लोग इस संदर्भ में मानवता का परिचय दें। एक मजदूर का उनके घर से लगभग 2200 किलोमीटर दूर कर्नाटक के यूनिवर्सल गैस फैक्ट्री बेगुर टी जकजनहल्ली नेलामंगला कर्नाटक में काम करने गया था। काम करने के दौरान एक हादसे में उसकी मौत हो गई। यह जानकारी उसके ठेकेदार ने उसके घर वालों को दी। बुदा की मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रो कर हालबेहाल है।

**बीएड कॉलेज लारी में सरहुल की पूर्व संध्या पर मिलन समारोह का आयोजन**

## पूजा-अर्चना कर खुशहाली की कामना की



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी के बहुउद्देशीय सभागार में बुधवार को सरहुल पूर्व मिलन समारोह की शुरूआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना से की गई। मौके पर प्रार्थना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर, सम्मानित सदस्य मनीष कुमार, प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा द्वारा डॉ. एस राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। साथ ही महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, व्याख्याता तथा बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षुओं ने भी डॉ. एस राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। सम्मानित सदस्य ने सरहुल पर्व की चर्चा, उपयोगिता एवं वर्तमान में पर्यावरण की प्रासंगिकता की बाते कही। स्वागत भाषण में प्राचार्य ने कहा कि सरहुल पर्व में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है। उन्होंने सभी लोगों को सरहुल की शुभकामनाऐं एवं मिलजुल कर मनाने की बात कही।

**सीयूजे में 'विश्व के साथ अमेरिकी जुड़ाव' पर विशेष व्याख्यान का आयोजन**

# भारत के साथ अमेरिकी जुड़ाव बढ़ रहा है : प्रो अरविंद कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे), चेरी-मनातू, रांची के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग ने बुधवार को 'विश्व के साथ अमेरिकी जुड़ाव' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें जेएनयू, सेंटर फॉर स्टडीज ऑफ यूनाइटेड स्टेट्स स्टडीज एंड कनाडा विभाग, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के प्रोफेसर अरविंद कुमार ने व्याख्यान दिया। डॉ. आलोक कुमार गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान और लोक प्रशासन विभाग, डीन, स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड ने डॉ अरविंद कुमार का स्वागत किया और विषय परिचय दिया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में उन अभूतपूर्व चुनौतियों का संक्षिप्त विवरण दिया, जिनका समकालीन विश्व में कई विकासों के कारण अमेरिकी विदेश नीति को सामना करना पड़ रहा है। डॉ अरविंद कुमार ने अपने व्याख्यान में संयुक्त राज्य अमेरिका के महत्वपूर्ण विकास पर ध्यान केंद्रित किया, जिसने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में इसकी निरंतर भागीदारी सुनिश्चित की।अरविंद कुमार के अनुसार, चीन चाहता है कि एशियाई महाद्वीप एकध्रुवीय हो क्योंकि इससे उसकी वैश्विक और क्षेत्रीय आकांक्षाएं पूरी होंगी। उन्होंने माना कि भारत-अमेरिका संबंध ने जूनियर बुश युग के दौरान अपने स्वर्णिम चरण में प्रवेश किया और तब से यह एक लंबा सफर तय कर चुका है। तदनुसार, भारत के बारे में अमेरिकी धारणा में बदलाव और अपनी अर्थव्यवस्था के संदर्भ में भारत के बदलते अंतरराष्ट्रीय छवि के कारण भारत के साथ अमेरिकी जुड़ाव बढ़ रहा है। समकालीन भारत ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, संघर्ष समाधान और अन्य वैश्विक समस्याओं के समाधान का एक हिस्सा बन गया है।

**सरना स्थल पर की गई सरहुल की पूजा-अर्चना**

# सरना आदिवासियों का सबसे बड़ा प्रकृति पर्व है सरहुल : संजय उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
सरहुल सरना आदिवासियों का सबसे बड़ा प्रकृति पर्व है यह सदियों से चला आ रहा है हमें अपने पूर्वजों के धरोहरों को संजो कर रखने की जरूरत है। उक्त बातें सरहुल पूजा समारोह के दौरान बेड़ो प्रखंड के मासु गांव में समाजसेवी संजय उरांव ने लोगों से कहीं। इस मौके पर उन्होंने लोगों को सरहुल पूजा की शुभकामनाएं दी। बेड़ो प्रखंड के मासु गांव स्थित सरना स्थल में बुधवार को प्रकृति पर्व सरहुल के मौके पर विधिवत पूजा-अर्चना किया गया साथ ही गाँव के पहान पंचम भगत ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया ।इस मौके पर सरई फूल, अरवा चावल, सिंदूर सहित विभिन्न पूजन सामग्रियों के साथ गाँव के पहान बंधना भगत, सुखदेव भगत, लक्ष्मण भगत गाँव के महतो- सनम उरांव और सभी ग्रामीणों ने पूजा अर्चना के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर सरना धर्म के आदिवासियों का समूह उपस्थित होकर एक दूसरे को सरहुल की शुभकामनाएं दी। वहीं पाहन पुजार महतो ने उपस्थित लोगों के बीच सरई फूल भेंट कर सरना मां का प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान दर्जनों लोग मांदर की थाप पर खूब थिरके। सरहुल पूजा को सफल बनाने में सुनील उरांव, नंदू भगत, आनंद उरांव, तिला भगत, विदेश उरांव, सुमेल भगत, सुकेश भगत, सिबराज उरांव, बंदी उरांव, रवि उरांव, संतोष उरांव, अझुवा भगत, कार्तिक उरांव सहित सभी लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### ब्रोकर्स एसोसिएशन ने महावीर मंदिर में की बजरंगबली के झंडे की स्थापना

**रांची।** ब्रोकर्स एसोसिएशन, रांची ने पंडरा स्टार्टिंग प्वॉइंट पर महावीर मंदिर, कृषि बाजार समिति में एसोसिएशन के अध्यक्ष विंदुल वर्मा के दिशा निर्देश पर बुधवार को बजरंगबली का झंडा स्थापित किया। कार्यक्रम में बजरंगबली की पूजा-अर्चना करने के बाद आए हुए अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष विंदुल वर्मा ने की। संचालन बंटी गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अवधेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में सनातन महापंचायत के संयोजक ललित नारायण ओझा, श्री महावीर मंडल रांची के मंत्री दीपक ओझा, रांची चैंबर के अध्यक्ष संजय मोहरी, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष प्रवीन जैन छाबड़ा, बाजार समिति प्रतिनिधि संतोष सिंह, आलू प्याज थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद, चैंबर सदस्य नवीन गड़ोदिया, नंदकिशोर चंदेल, दिनेश चौबे, श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व मंत्री वरुण साहू, उपाध्यक्ष राकेश सिंह, सह मंत्री सुभाष साहु एवं उपस्थित अन्य लोगों को रांची ब्रोकर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया।

**राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संघ की कार्यसमिति की हुई बैठक**

## संगठन मजबूती पर दिया गया जोर



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संघ कार्य समिति की बैठक प्रखंड परिसर स्थित कार्यालय में भुनेश्वर साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती जोर दिया गया। इस बैठक में प्रादेशिक तदर्थ समिति का गठन तथा समस्या समाधान समिति का गठन किया गया। जिसमें प्रादेशिक पदार्थ समिति का सर्व सम्मति से गठन किया गया, जिसमें विजय चंद्र महतो अध्यक्ष, रासबिहारी महतो कार्यवाहक, भुवनेश्वर प्रसाद साहू, ज्योति कुमार साहू कार्यकारिणी सदस्य, प्रसाद तंतु भाई को उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी एवं कृष्ण कुमार महतो को महासचिव, नरेश चंद्र महतो को सह सचिव,, नरेश चंद्र बनर्जी एवं सोमनाथ महतो को संगठन सचिव, हेमंत कुमार सिंह एवं त्रिलोचन प्रसाद साहू को कार्यालय सचिव, रघुनाथ महतो एवं हरिनाथ फांसी को कोषाध्यक्ष तथा जमुना प्रसाद महतो विश्वनाथ महतो भक्ति पौधों मंडल को कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। वहीं समस्या समाधान कमेटी में भुवनेश्वर प्रसाद महतो को संयोजक एवं विजय चंद्र मंडल नागेंद्र नाथ गोस्वामी कृष्ण कुमार महतो, हेमंत कुमार सिंह, नरेश चंद्र, काजी सोमनाथ महतो, ज्योति प्रसाद साहू को सदस्य बनाया गया।

---

## न्यूज बॉक्स

### एकदिवसीय वुशु प्रशिक्षण शिविर संपन्न विधायक ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया



**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम में बुधवार को बिरसा मुंडा वुशु सेंटर सिल्ली के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें सिल्ली एवं रामपुर सेंटर के प्रशिक्षु शामिल हुए। शिविर के समापन समारोह में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो शामिल होकर खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। शिविर में उपस्थित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता एवं अन्य खिलाड़ियों से विधायक ने मुलाकात कर उन्हें अपने लक्ष्य निर्धारित कर एकाग्र होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया। इस मौके पर गूंज संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, लक्ष्मण महतो, ब्रजेश प्रसाद, कोच वाहिद अली आदि उपस्थित थे।

### महावीर मंदिर निर्माण व पूजा समिति का हुआ गठन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार को चट्टानी टोला कारेयाडीह पतराहातू सिल्ली रांची में महावीर मंदिर निर्माण एवं पूजा समिति का गठन किया गया जिसकी अध्यक्षता लालचन महतो ने की एवं संचालक सहजा लोहरा ने किया। इस मौके पर महादेव महतो, लखीराम महतो, सहजा लोहरा को मनोनीत किया गया। सचिन हरेन महतो एवं लखीराम महतो चुना गया। महिला मे अध्यक्ष शिला देवी सचिव सविता कोषाध्यक्ष प्रभा देवी। बैठक में सैकड़ों कि संख्या महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

### सिल्ली पुलिस ने अवैध शराब निर्माण भट्ठी को किया ध्वस्त



**सिल्ली।** सिल्ली थाना क्षेत्र के बासुडीह गांव में बुधवार को सिल्ली पुलिस ने अवैध शराब निर्माण की भट्ठी को नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी मोहित कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने शराब निर्माण करने वाले उपकरण समेत 65 लीटर शराब भी जप्त किया है। इस संबंध में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को बंद करने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### एसआर डीएवी में स्काउट एंड गाइड के प्रथम सोपान का दीक्षा संस्कार आयोजित



**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग में 29 गाइड्स तथा 23 स्काउट्स का दीक्षा संस्कार किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्र और एसएच राजश्री मिश्रा ने भारत गाइड्स एंड स्काउट्स का झंडरोहण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात गाइड्स तथा स्काउट्स को बैज तथा स्कार्फ प्रदान किया गया। उन्हें निष्ठापूर्वक कर्तव्यपालन करने की शपथ भी दिलाई गई। गाइड तथा स्काउट के परिधान में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर भारत गाइड एंड स्काउट संगठन के रांची जिला के आयुक्त दिलीप कुमार, रोवर लीडर राम रतन महतो, दीपक यादव, रेंजर लीडर मंजू कुमारी, गाइड लीडर काजोरी दत्ता और स्काउट मास्टर अनुरंजन कुमार उपस्थित थे।

### दिखा चांद, ईद आज, ईदगाहों-मस्जिदों में होगी नमाज

**रांची।** ईद का चांद बुधवार की शाम दिख गया। अब गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। ईदगाहों और मस्जिदों में गुरुवार (11 अप्रैल) की सुबह नमाज अदा की जाएगी। एदार ए शरिया झारखंड और इमारत ए शरिया झारखंड ने चांद देखे जाने की औपचारिक रूप से घोषणा कर दी हैं। चांद देखे जाने की घोषणा के साथ मस्जिदों में ईद नमाज से संबंधित एलान किए गए। साथ ही, लोग एक-दूसरे को ईद के चांद की बधाइयां दीं। रमजान के पवित्र महीने की 30 तारीख को देखते हुए बुधवार को मगरिब की नमाज के बाद दरगाह में एदारा ए शरिया की बैठक मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी की अध्यक्षता में हुई। इमारत शरिया झारखंड की बैठक इमारत शरिया बिल्डिंग में मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी की अध्यक्षता में हुई। खानकाह मजहरिया मुनामिया फिरदौस नगर डोरंडा में अल्लामा मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली कादरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। सभी ने चांद देखे जाने की पुष्टि की और ईद के चांद की घोषणा की गई। ईद का चांद का ऐलान होते ही बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ी। सेवई, लच्छा की दुकानों में भारी भीड़ थी। कपड़ा की दुकान, राशन दुकान, पानी पूरी ठेला, मेवाड़ आदि जगहों पर खरीदारी हुई। लोगों ने देर रात तक खरीदारी की। इस वर्ष भी कर्बला चौक के पास झूला लगा है। झूला के आसपास कई खाने-पीने के स्टॉल भी लगाए गए हैं।

### जंगलों में शिकार के बहाने आग न लगाएं, हम प्रकृति के रक्षक हैं, भक्षक नहीं : सुका उरांव



**बेड़ो।** जंगलों में जंगली हाथी या शिकार के बहाने आग न लगाएं हम प्रकृति के रक्षक है भक्षक नहीं। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मैदान में सरहुल पूजा आयोजन महासमिति के तत्वावधान में आयोजित सरहुल पूर्व संध्या समारोह के दौरान सरहुल पूजा आयोजन महासमिति के अध्यक्ष सुका उरांव ने कही। सरहुल के एक दिन पूर्व सरहुल पूर्व संध्या समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर अलग-अलग खोड़हा नृत्य दलों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर मांदर की थाप पर युवक युवतियां थिरक उठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरहुल पूजा आयोजन महासमिति के अध्यक्ष सुका उरांव एवं संचालन पंचायत समिति सदस्य सह महिला नेत्री राखी भगत ने किया। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष बुधराम बाड़ा, उपाध्यक्ष विक्रांत उरांव, राजेश भगत, वि मिंज,प्रभात टोप्पो सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके पूर्व आदिवासी सरना सांस्कृतिक विकास रांची, बेड़ो गुनगुन गड़ली पिहु डांस ग्रुप, आनसी ग्रुप बेड़ो बस्ती, करमचंद ग्रुप, युवा आदिवासी अखड़ा समिति पुरियो रातु, आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य दल देवगांव, चाला खोड़हा गाड़ा लोधमा, डाडी.दरमी टोली खोड़हा नृत्य दल, जेना उरांव सहित अन्य लोक कलाकारों की टीम ने अपनी नृत्य शैली तथा सरहुल गीतों से सैकड़ो लोगों को बांधे रखा।

# अधिकारियों ने किया सरना स्थलों का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


रांची के उपायुक्त राहुल कुमार के दिशा-निर्देश पर सरहुल पर्व के मद्देनजर अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक और अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद ने बुधवार को शहर के विभिन्न सरना स्थलों का निरीक्षण किया। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक और अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद ने सिरम टोली, सरना टोली एवं हातमा स्थित सरना स्थलों का निरीक्षण किया। यहां आला अधिकारियों ने सरना समितियों से बेहतर व्यवस्था के लिए बातचीत की। अपर जिला दंडाधिकारी को सरना समिति की ओर से सरना स्थलों पर लाइट, सड़क समतलीकरण, जलापूर्ति, मोबाइल टॉयलेट की बेहतर व्यवस्था को लेकर राय दी गई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों की ओर से सरना स्थलों पर हर सुविधा के लिए खाका तैयार कर लिया है, सभी सरना स्थल पर व्यवस्था अच्छी व्यवस्था की जाएगी। अपर जिला दंडाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों और सरना समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर सरना स्थल पर आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। अपर जिला दंडाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा कि सरहुल पर्व के दौरान सरना स्थल पर आने वाले लोग पूजा करने के बाद सुगम तरीके से अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो सकें। ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की जाएगी। श्रद्धालुओं को आने-जाने में किसी तरह की परेशानी ना हो, उसका ख्याल रखा जाएगा। नगर निगम की ओर से लोगों के लिए वाहन की व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा कि आपसी समन्वय के साथ सरहुल पूजा के लिए सभी तैयारियां ससमय पूरी कर ली जाएं। सरहुल पर्व के मद्देनजर जितनी भी सरना समितियां हैं, उनके साथ बैठक की गई है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों को लगाया जाएगा। आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं। साथ ही, ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि असामाजिक तत्व किसी प्रकार का कोई फायदा नहीं उठा पाएं।

# सरहुल आज, बदली रहेगी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता रांची। सरहुल पर्व 11 अप्रैल को है। इसे लेकर रांची शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक एसपी की ओर से जारी सूचना के अनुसार सरहुल शोभायात्रा को जिन क्षेत्रों से गुजरना है, वहां ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। रांची शहरी क्षेत्र में 11 अप्रैल की सुबह 6:00 बजे से रात 12:30 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। सभी भारी वाहनों का रिंग रोड होकर परिचालन होगा।

## भारी वाहनों का प्रवेश निषेध

- कांके रोड, रातू रोड, बोड़ेया रोड होते हुए रेडियम चौक, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक से मेन रोड सुजाता, मुंडा चौक होते हुए सिरमटोली सरना स्थल तक जाता है।
- नामकुम, खूंटी रोड, बिरसा चौक, डोरंडा की ओर से आने वाली सरहुल शोभायात्रा का रूट, जो ओवरब्रिज, सुजाता चौक, मुंडा चौक होकर सिरमटोली सरना स्थल तक जाता है।
- अरगोड़ा, हरमू की तरफ से आने वाली सरहुल शोभा यात्रा का मार्ग, जो कडरू, बिग बाजार, सुजाता चौक, मुंडा चौक होकर सिरमटोली सरना स्थल तक जाता है।



## विभिन्न मार्गों पर निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन

**(दोपहर 01:00 बजे से जुलूस समाप्ति तक)**

1 एसएसपी आवास चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

2 सर्कुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक ही पहुंच सकेंगे एवं उसी जगह से अन्य मार्गों पर संचालित हो सकेंगे।

3 जाकिर हुसैन पार्क से कमिश्नर चौक, रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

4 पुराना नगर निगम कार्यालय वाले मार्ग से कमिश्नर चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

5 अपर बाजार से शहीद चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

6 चडरी तालाब से अल्बर्ट एक्का चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

7 थड़पखना वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

8 पुरुलिया रोड से सर्जना चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

9 विष्णु सिनेमा मार्ग से मेन रोड की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

10 पश्चिमी अपर बाजार से टैक्सी स्टैंड (मेन रोड) की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों क परिचालन वर्जित रहेगा।

11 चर्च रोड से मेन रोड की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

12 ऊल हाउस के पास मेन रोड की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

13 कर्बला से रतन पीपी की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

14 पीपी कंपाउंड से सुजाता चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

15 राजेंद्र चौक से ओवरब्रिज, सुजाता चौक की ओर किसी भी प्रकार के वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

- पटेल चौक से मुंडा चौक की ओर परिचालन बंद रहेगा।
- बहुबाजार से मुंडा चौक, सिरमटोली सरना स्थल तक सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।
- जमशेदपुर रोड नामकुम क्षेत्र से चुटिया केतारी बगान होकर मुंडा चौक या बहुबाजार चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
- कांटाटोली से बहुबाजार की ओर जाने वाली सामान्य वाहनों का परिचालन बहुबाजार तक होगा और वहां से चुटिया थाना मार्ग से परिचालित होंगे।
- पिस्का मोड़ से रातू रोड न्यू मार्केट चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगा।

# रांची में ईद और सरहुल को लेकर सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईद और सरहुल को लेकर रांची में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर दंडाधिकारी सहित लगभग दो हजार जवान की तैनाती की गई है। पुलिसकर्मियों में डीएसपी, इंस्पेक्टर, दारोगा, जमादार की तैनात होगी। साथ ही, रैपिड एक्शन पुलिस (रैप), जैप-10 की महिला बटालियन, आइआरबी, इको, क्यूआरटी, वज्र वाहन, वाटर कैनन, लाठी पार्टी की प्रतिनियुक्ति होगी। पुलिसकर्मियों की तैनाती सभी धार्मिक स्थलों के पास भी की गई है। इधर, रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि ईद और सरहुल को लेकर रांची शहर की सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। अतिसंवेदनशील इलाकों में विशेष चौकसी बरतने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, हर चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। बताया गया कि सुरक्षा का जिम्मा ग्रामीण इलाकों में ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल और शहरी इलाकों में सिटी एसपी राजकुमार मेहता संभालेंगे। थाना के सभी गश्ती दल को अलर्ट रहने और अपने-अपने थाना क्षेत्र में 24 घंटे विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों से तुरंत शेयर करने का आदेश दिया गया है।

> ईद और सरहुल को लेकर शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। सोशल मीडिया पर साइबर सेल निगरानी रख रही है।
>
> - चंदन कुमार सिन्हा, एसएसपी, रांची।

# रांची कैंसर अस्पताल में स्वस्थ सहिया समागम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (आरसीएचआरसी) ने एक मेगा शैक्षणिक और जांच कार्यक्रम 'स्वस्थ सहिया समागम' का आयोजन किया। आरसीएचआरसी की कैंसर जागरूकता पहल के तहत हुए इस आयोजन का उद्देश्य झारखंड में आशा कार्यकर्ताओं (सहिया) को कैंसर के चेतावनी लक्षणों के प्रति जानकारी देना, कैंसर के इलाज के विकल्पों के प्रति शिक्षित करना और समय पर जांच के महत्व को बताना था। आरसीएचआरसी ने इस कार्यक्रम के दौरान अपने परिसर में सहिया के लिए कैंसर जांच का आयोजन भी किया। रांची के ओरमांझी और कांके ब्लॉक की 300 से ज्यादा सहिया ने इस आयोजन में हिस्सा लिया और कैंसर जांच के मौके का फायदा उठाया। आरसीएचआरसी के मेडिकल डायरेक्टर डॉ (कर्नल) मदन मोहन पांडेय ने इस साल के विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला। आरसीएचआरसी के मेडिकल आंकोलॉजिस्ट डॉ रजनीगंधा टुडु ने झारखंड में कैंसर की उच्च दर, हर एक लाख लोगों पर 70 में बीमारी, पर प्रकाश डाला और संपूर्ण स्वास्थ्य प्रणाली के प्रदर्शन को सुधारने के लिए सहिया की क्षमताओं को बढ़ाने पर जोर दिया मुख्य अतिथि रांची के मुख्य चिकित्साधिकारी सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि कैंसर की जल्द पहचान बेहद अहम है। इसके लक्षणों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। चेतावनी लक्षणों की पहचान कर जल्द से जल्द स्पेशलाइज्ड आंकोलॉजिकल फैसिलिटी में इलाज शुरू करा देना चाहिए।

> **स्पेशियलाइज्ड आंकोलॉजिकल फैसिलिटी में इलाज शुरू करा देना चाहिए, जिससे नतीजा सकारात्मक रहे**

## रिम्स में टोकन सिस्टम का है अभाव, मरीज होते हैं परेशान

# पर्ची कटवाने से लेकर जांच करवाने तक करना पड़ता है लंबा इंतजार

**अमित कुमार। रांची**

देश के अधिसंख्य बड़े सरकारी अथवा निजी अस्पतालों में इलाज कराने आए मरीजों को काफी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इन अस्पतालों के ओपीडी (आउट पेशेंट डोर) में इलाज कराने आए मरीजों को टोकन सिस्टम के तहत डॉक्टरों से मिलने का समय दिया जाता है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी कम होती है। वहीं, राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की बात करें, तो यहां पर इलाज कराने आए मरीजों को चिकित्सकों से परामर्श लेने के लिए अपनी पारी का इंतजार खड़ा हो कर ही करना पड़ता है। ऐसे में अधिसंख्य मरीज बिना इलाज कराए ही वहां से चले जाते हैं और दूसरे किसी निजी अस्पतालो में अपना इलाज करा लेते हैं। रिम्स के प्रबंधक भी मानते हैं कि अधिसंख्य बड़े अस्पतालो में टोकन सिस्टम है। रिम्स में भी काफी पहले यह शुरू हो जाना चाहिए था।

रिम्स में ओपीडी में आए मरीजों से लेकर ब्लड बैंक, दवा वितरण केंद्र, पैथोलाजी जांच, सैंपल कलेक्शन सेंटर, रेडियोलाजी जांच आदि के लिए लंबी-लंबी लाइनें लगनी होती हैं। इसमें कई जांच के लिए एक दिन के बाद का नंबर मिलता है। उसमें भी लंबा इंतजार करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं को होती है। प्रसव ओपीडी में अक्सर देखा जाता है कि गर्भवती महिला अपनी पारी के इंतजार करते करते फर्श पर चादर बिछा कर लेट जाती हैं। इस प्रक्रिया में उन्हें सुबह से दोपहर तक का समय लग जाता है। कुछ मरीजों को तो दूसरे पहर तक रिम्स में रहना पड़ता है। स्थिति यह है कि जांच के कई सैंपल खुद ही लेकर दूसरे व चौथे तल्ले लेकर जाना पड़ता है। वहां भी कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है।

### ऑनलाइन सिस्टम है फेल




रिम्स ओपीडी में ऑनलाइन सिस्टम की बात कही जाती है। इस व्यवस्था में मरीज रिम्स के वेबसाइट पर जा कर अपना नंबर लगा सकते है। बावजूद इसके, मरीजों को इलाज के लिए लंबा इंतजार करना ही पड़ता है। और, अधिकांश समय तो यह साइड एरर ही बताता है।

### ब्लड बैंक में करना होता है इंतजार

ब्लड बैंक में टोकन सिस्टम से राहत जरूर है। लेकिन, टोकन के बाद ब्लड लेने के लिए मरीजों को बैठ कर ही आठ से दस घंटे इंतजार करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार, इसमें तेजी लाने के लिए एलसीडी स्क्रीन लगाया जाएगा। प्रत्येक टोकन नंबर को एलसीडी में दिखाया जाएगा।

> टोकन सिस्टम के लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। यह सिस्टम लागू करने के लिए जल्द ही टेंडर किया जाएगा।
>
> - हिरेन बिरुआ, अधीक्षक, रिम्स

## सरहुल से मिलती है 'वसुधैव कुटुंबकम' की प्रेरणा : ब्रह्माकुमारी

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड में सरहुल पर्व मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, नववर्ष के आगमन पर यह त्यौहार मनाया जाता है। इस समय चारों और प्रकृति अपने नए कोपलों से दुल्हन जैसा सजकर परमपुरुष परमात्मा का आवाहन करती है। रंग-बिरंगे फूलों, कलियों, कोपलों से स्वर्ग जैसा दृश्य छा जाता है। चिड़ियों की मीठी आवाज से हर मानव का मन प्रफुल्लित हो जाता है। कहा, सरहुल पर्व से हम सभी को भ्रातृत्व भाव 'वसुधैव कुटुंबकम' की प्रेरणा मिलती है।

# रामनवमी धूमधाम से मनाने में सहयोग करें : ओझा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महावीर चौक स्थित केंद्रीय समिति के कार्यालय में बुधवार को श्री महावीर मंडल रांची की प्रथम कार्य समिति की बैठक मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आए हुए सभी पदाधिकारियों सहित कार्यसमिति के सदस्यों का अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने अभिनंदन व स्वागत किया। इस अवसर पर पदाधिकारियो ने कार्यसमिति सदस्यों को जय श्रीराम का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने कहा, इस बार अपने परंपरागत श्री रामनवमी के त्यौहार को बड़े ही धूमधाम से मनाने का संकल्प हम ले रहे हैं। अखाड़ाधारियों व झंडाधारियों की किसी भी समस्याओं का समाधान करने के लिए श्री महावीर मंडल हमेशा कृत संकल्पित रहेगा। उन्होंने कहा कि आज की बैठक बहुत महत्वपूर्ण बैठक है। श्री महावीर मंडल रांची के नेतृत्व में प्रत्येक क्षेत्र से टोला प्रभारी बनाया जाए। वे टोला सह प्रभारी बनाएं व सदस्यों की नियुक्ति करें। टोला प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रो में विभिन्न अखाड़ाधारियों व मंडल के अधिकारियों संग बैठक बुलाकर उनके सुझाव और समस्याओं का समाधान कर महोत्सव को भव्य रूप देने में अपनी सहभागिता को सुनिश्चित करें। मंडल के मंत्री दीपक ओझा ने आपसी सहमति से टोला प्रभारियों के नामों की घोषणा की। उन्होंने कहा प्रत्येक टोला प्रभारी व सह प्रभारी मिलकर श्री महावीर मंडल के किसी भी पदाधिकारी के सानिध्य में उस क्षेत्र में बैठक करें। इस अवसर पर राकेश सिंह, बाबू पाठक, पप्पू वर्मा, प्रकाश सिंहा, नकुल तिर्की, राज किशोर, राजा सेन गुप्ता ने भी अपने सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि महोत्सव को भव्य और विशाल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को शोभायात्रा में शामिल करने को अखाड़ाधारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं और सुझावों पर अमल करने की पहल की जाए।

> **श्री महावीर मंडल के पदाधिकारी व कार्य समिति की बैठक में टोला प्रभारियों की हुई घोषणा**

## न्यूज बॉक्स

### नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय सूर्य उपासना का चैती छठ महापर्व कल से



**रांची।** चार दिवसीय सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ व्रत-अनुष्ठान आगामी 12 अप्रैल (शुक्रवार को) नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हो जाएगा। व्रती स्नान-ध्यान कर छठी मईया की आराधना करेंगे। 13 अप्रैल (शनिवार को) को खरना का निर्जला उपवास रखा जाएगा। व्रतधारी महिला, पुरुष इस दिन शाम ढलने के बाद पूजा-अर्चना कर छठी मईया को शुद्ध रूप से पकाए गए खीर आदि पकवान का भोग लगाएंगे। इसके बाद स्वयं ग्रहण कर अपना उपवास तोड़ेंगे। फिर परिवार सहित इष्ट-मित्रों के बीच प्रसाद रूप में उसे वितरण किया जाएगा। मान्यता है कि खरना का महाप्रसाद पाने वालों का जीवन धन्य हो जाता है। रोग-शोक से मुक्ति मिलती है। जीवन में सदा सुख और समृद्धि बनी रहती है। इसी भाव से खरना का प्रसाद पाने को लोग लालायित रहते हैं। 14 अप्रैल (रविवार को) को पहला अर्घ्य है। इस दिन शाम में शहर के विभिन्न तालाबों, डैम और जलाशयों में अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। 15 अप्रैल (सोमवार को) उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद व्रती अपना 36 घंटे का उपवास तोड़ेंगी। इसी के साथ चैती छठ व्रत-अनुष्ठान का समापन हो जाएगा।

### लापता युवक का शव बड़ा तालाब से बरामद जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बड़ा तालाब से पुलिस ने युवक का शव बुधवार को बरामद किया है। मृतक की शिनाख्त हिंदपीढ़ी सेकेंड स्ट्रीट शिवाजी चौक के पास रहने वाले मो. शमसाद आलम के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को तालाब से बाहर निकाला। इसके बाद जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। कोतवाली इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि कि युवक पिछले तीन दिनों से लापता था। हिंदपीढ़ी थाने में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### आरपीएफ ने तीन नाबालिगों को कराया मुक्त, एक गिरफ्तार

रांची। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया स्टेशन से तीन नाबालिग को मुक्त कराया है। साथ ही, तस्कर उत्तम कुमार केशरी को गिरफ्तार किया है। वह गढ़वा का रहने वाला है। रांची मंडल में आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ की टीम लगातार रेलवे स्टेशनों पर अभियान चला रही है। बुधवार को मिली सूचना पर आरपीएफ की फ्लाइंग स्क्वॉड, नन्हे फरिश्ते टीम और आरपीएफ हटिया की ओर से हटिया स्टेशन पर बाल और मानव तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन 'नन्हे फरिश्ते' के तहत अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान देखा गया कि तीन नाबालिग और एक तस्कर गेट के पास प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर ट्रेन नंबर 12837 एक्सप्रेस का इंतजार कर रहे थे। संदेह होने पर उन सबसे पूछताछ की गई, जिसमें तीनों नाबालिग छत्तीसगढ़ के बताए गए। तस्कर उत्तम कुमार केशरी ने बताया कि उसके बड़े भाई राज केशरी ने फर्जी आधार कार्ड के साथ उन बच्चों को मजदूरी के कार्य के लिए बेंगलुरु ले जाने के लिए बोला था। इसके बाद आरपीएफ ने तीन नाबालिगों को मुक्त कराते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

### आद्रा मंडल में विकास कार्यों के कारण कई ट्रेनें रद्द



**रांची।** आद्रा मंडल में चल रहे विकास कार्य के कारण दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से बुधवार को कई ट्रेनों के परिचालन को रद्द किया गया है। साथ ही, कई ट्रेनों के ठहराव में परिवर्तन किया गया है। रांची-हावड़ा-रांची एक्सप्रेस 28 और 29 अप्रैल को वाया कोटशिला, पुरुलिया, चांडिल, टाटानगर, खड़गपुर के रास्ते चलेगी। बोकारो के गिधनी स्टेशन पर 17 अप्रैल तक कई ट्रेनों को अस्थायी ठहराव दिया गया है। इन ट्रेनों का गिधनी स्टेशन पर ठहराव 11 से 17 अप्रैल तक होगा। रेलवे के अनुसार, ठाकुर अनुकूल चंद्र के सत्संग उत्सव के कारण ट्रेनों को ठहराव दिया गया है।

#### इन ट्रेनों का परिचालन रद्द

- आद्रा खड़गपुर मेमू 24 से 29 अप्रैल तक रद्द
- शालीमार-भोजूडीह-शालीमार अरण्यक एक्सप्रेस 25 से 27 अप्रैल तक रद्द
- खड़गपुर-हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस 25 से 29 अप्रैल तक रद्द
- आद्रा-गारबेटा-आद्रा मेमू स्पेशल 27 से 29 अप्रैल तक रद्द
- आसनसोल-हल्दिया-आसनसोल एक्सप्रेस 27 से 29 अप्रैल तक रद्द
- आसनसोल-दीघा-आसनसोल एक्सप्रेस 28 अप्रैल तक रद्द

#### इन ट्रेनों को दिया गया है अस्थायी ठहराव

- 12813 हावड़ा टाटानगर स्टील एक्सप्रेस
- 12814 टाटानगर हावड़ा स्टील एक्सप्रेस
- 12871 हावड़ा टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस
- 12872 टिटलागढ़ हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस
- 22861 हावड़ा कांटाबांजी इस्पात एक्सप्रेस
- 22862 कांटाबांजी हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस
- 22891 हावड़ा रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस
- 22892 रांची हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव रहेगा।

# माहेश्वरी भवन में गणगौर मेला आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला संगठन और माहेश्वरी युवा संगठन के सहयोग से गुरुवार (11 अप्रैल) को श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में सुबह 6.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक सार्वजनिक गणगौर पूजा का आयोजन होगा। अपराह्न 3.00 बजे से संध्या 6.00 बजे तक मंदिर परिसर में गणगौर मिलान एवं बड़ा तालाब में गणगौर विसर्जन होगा। साथ ही, माहेश्वरी भवन में अपराह्न 3.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक गणगौर मेला लगेगा, जिसमें लजीज व्यंजन की व्यवस्था रहेगी।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में इस त्योहार की अपनी महता और अलग बहार होती है। इस राजस्थानी परंपरा की विरासत को बनाए रखने के लिए श्री माहेश्वरी सभा, रांची ने 1981 से श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, गणेश नारायण साबू चौक, सेवा सदन पथ, अपर बाजार में सार्वजनिक ईशर-गणगौर पूजा एवं मेला का भव्य आयोजन माहेश्वरी महिला समिति एवं माहेश्वरी युवा संगठन के सहयोग से करते आ रहा है। कहा कि तत्कालीन माहेश्वरी महिला समिति की अध्यक्षा स्व. सूरज देवी भाला ने जयपुर से ईशर गणगौर की प्रतिमा मंगाकर मंदिर परिसर में सार्वजनिक पूजा की शुरुआत की। स्व. सूरज देवी भाला ने स्व. सीताराम मारू, स्व. भगवान दास काबरा एवं समाज जनों के सहयोग से जयपुर की तर्ज पर ईशर-गणगौर शोभायात्रा पंद्रह वर्ष तक निकाली एवं गणगौर मेले के आयोजन की शुरुआत की।

**अपराह्न 3.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक लगेगा मेला**



यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के मुख्य संयोजक शिव शंकर साबू ने बताया कि मारवाड़ी समाज के लोकप्रिय पर्व होलिका दहन के दूसरे दिन से लगातार 16 दिनों तक कुंआरी कन्याओं एवं नवविवाहिता द्वारा पूजा किया जाने वाला गणगौर पूजा, मूल रूप से ईशर - गौरा की शिव-पार्वती के रूप में पूजा की जाती है। कुंआरी लड़कियां अच्छे वर की कामना के लिए और सुहागन अपने पति की लंबी आयु की कामना के लिए ईशर-गणगौर की पूजा करती हैं।

इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक शिव शंकर साबू को प्रकाश काबरा, ओमप्रकाश बोड़ा, कुमुद लाखोटिया, लक्ष्मी चितलांगिया, अंकुर डागा, नयन बोड़ा, राधव सारडा एवं समाज के तीनों संगठन के सदस्यों का सहयोग मिलेगा।

## सरहुल पर्व आज

# केंद्रीय सरना समिति ने सरहुल को लेकर जारी किया दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कचहरी स्थित आरआईटी बिल्डिंग में बुधवार को केंद्रीय सरना समिति के कार्यालय में सरहुल पूजा महोत्सव को धूमधाम और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल शोभायात्रा में नशापान करके शामिल न हों। उन्होंने कहा कि सरहुल के जुलूस और शोभायात्रा में महिलाएं लाल पाड़ साड़ी, पुरुष धोती-गंजी में शामिल हो। सरहुल शोभायात्रा में पारंपरिक वाद्य यंत्र ढोल, नगाड़ा और मांदर के साथ नृत्य संगीत करें। छोटे-छोटे बच्चों के पॉकेट में नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखकर डाल दें। आधुनिक गाना ना बजाएं, डीजे से बचें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव मौजा के खोड़हा दल अपने दल का स्वयं सुरक्षा सुनिश्चित करें। अपने-अपने खोड़हा दल में ही नृत्य संगीत करें और उसमें दूसरों को घुसने ना दें। तिर्की ने प्रशासन से मांग की है कि सीसीटीवी और ड्रोन कैमरा से सरहुल शोभायात्रा की निगरानी की जाए। साथ ही, शोभायात्रा के दिन शराबबंदी की जाए। आपातकाल स्थिति में केंद्रीय सरना समिति की ओर से फोन नंबर भी जारी किया गया है।

> **सरना समिति के हेल्पलाइन नंबर**
>
> 9199967174, 6299371199, 9102518668, 7004087109, 9006750104, 7261824259 और 9931187344

## सिंहभूम लोकसभा सीट

# दो आदिवासी महिलाओं के बीच होगा दिलचस्प मुकाबला

उपेंद्र गुप्ता। रांची

झारखंड के कोल्हान प्रमंडल में दो लोकसभा सीटों में एक सिंहभूम आदिवासी बहुल सीट है, सिंहभूम की सीमा उड़ीसा से सटी हुई है। इसके अंतर्गत सरायकेला, चाईबासा, मंझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर और चक्रधरपुर विधानसभा सीटें आती हैं।ये सभी विधानसभा सीट भी जनजातीय समाज के लिए सुरक्षित है। वर्तमान में सरायकेला, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, चाईबासा और मझगांव पर झामुमो का कब्जा है, जबकि जगन्नाथपुर सीट पर कांग्रेस का कब्जा है। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का विधानसभा क्षेत्र भी सिंहभूम में ही है। 2019 लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा का पूरी तरह से सफाया हो गया था।





### दो आदिवासी महिलाओं के बीच जंग

**सिंहभूम लोकसभा सीट पर इस बार दो आदिवासी महिला प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। भाजपा ने गीता कोड़ा को अपना उम्मीदवार बनाया है, तो झामुमो ने पूर्व मंत्री जोबा मांझी को प्रत्याशी बनाया है। सिंहभूम सीट पर पहली बार दो महिलाओं का सीधा मुकाबला होगा। इसके पहले 2019 में गीता कोड़ा सिंहभूम की पहली महिला सांसद बनी थी, तब गीता कोड़ा कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीत कर लोकसभा पहुंची थी, लेकिन इस बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही है।**

### संथाल और हो आदिवासी के बीच खींचतान

पार्टी कोई भी हो, सिंहभूम लोकसभा सीट पर हमेशा से आदिवासी हो समाज के नेताओं का ही कब्जा रहा है, केवल एक बार 1991 में झामुमो के कृष्णा मार्डी को जीत मिली है, जो संथाली समाज से आते हैं। संथाली समाज की संख्या सरायकेला विधानसभा क्षेत्र में अधिक है, जहां से सीएम चंपई सोरेन जीत दर्ज करते हैं। लेकिन कोल्हान में संथालियों की संख्या काफी कम है। इसके बावजूद झामुमो ने एक संथाली आदिवासी महिला जोबा मांझी को टिकट देकर नया विवाद खड़ा कर दिया है। दरअसल, गीता कोड़ा हो आदिवासी समाज से आती हैं और जोबा मांझी संथाली हैं। कोल्हान क्षेत्र में झामुमो के तीन विधायक हैं जो हो आदिवासी समाज से आते हैं, जिनमें चाईबासा से दीपक विरूआ, मझगांव से निरल पूर्ति और खरसावां से दशरथ गागराई हैं। दीपक विरूआ अभी चंपई सरकार में मंत्री बने हैं। जबकि निरल पूर्ति और दशरथ गागराई तीन से विधायक हैं, जबकि जगन्नाथपुर से कांग्रेस विधायक सोनाराम सिंकू भी हो आदिवासी समाज से आते हैं। इन तीनों हो आदिवासी विधायक को टिकट देकर ना देकर संथाली को टिकट देने से सिंहभूम में आदिवासी हो समाज और संथाली समाज के बीच विवाद बढ़ गया है।

### पति के जेल जाने के बाद हुईं सक्रिय

निर्वतामान सांसद गीता कोड़ा पूर्व सीएम मधू कोड़ा की पत्नी हैं। 2009 में मधू कोड़ा के जेल जाने के बाद जय भारत समानता पार्टी के चिन्ह पर जगन्नाथपुर से चुनाव लड़ कर पहली बार विधायक बनी। 2014 गीता कोड़ा लोकसभा का चुनाव हार गई, लेकिन 2019 में मोदी आंधी के बाद भी कांग्रेस के टिकट पर गीता कोड़ा भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण गिलुवा को हरा कर सिंहभूम की पहली महिला सांसद बन गई। लेकिन इस बार गीता कोड़ा भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही है। कोल्हान के आदिवासी हो समाज और गैर आदिवासियों के बीच कोड़ा दंपति का बेहद मजबूत पकड़ है, उनका अपना कैडर वोटर है। जिसके बल पर ही मधू कोड़ा और अब उनकी पत्नी लगातार प्रतिनिधित्व करती आ रहे हैं।

### पति की हत्या के बाद राजनीति में उतरीं जोबा

**14 अक्टूबर 1994 को पति देवेंद्र मांझी की हत्या के बाद जोबा मांझी ने राजनीति में कदम रखा और 1995 के विधानसभा चुनाव में मनोहरपुर सीट से पहली बार विधायक बनी, जोबा मांझी अब तक पांच बार इस सीट से जीत हासिल कर चूकी है। एकीकृत बिहार में 1998 में राबड़ी देवी की सरकार में वह पहली बार मंत्री भी बनी, लेकिन 2000 में झारखंड अलग राज्य बनने के बाद भाजपा की बाबूलाल मरांडी की सरकार में फिर से मंत्री बन गई। सके जोबा मांझी अर्जुन मुंडा,से लेकर हेमंत सरकार में मंत्री बनी। केवल रघुवर सरकार और चंपई सरकार में उन्हें जगह नहीं मिली।**

### बंद खदान व फैक्ट्री चालू करवाना तथा पलायन रोकना सबसे बड़ा मुद्दा

सिंहभूम लोकसभा के सारंडा और पोड़ाहाट जंगल के बीहड़ में रहने वाले सैकड़ों आदिवासी गांवों आज भी विकास नहीं पहुंचा है, इन बीहड़ गांवों के आदिवासियों की हालत काफी खराब है। हालांकि पिछले पांच साल में कुछ बीहड़ के इलाकों में सड़क,बिजली,पेयजल पहुंचा जरूर है,लेकिन रोजगार आज भी सबसे बड़ा मुद्दा है, बड़ी संख्या में नाबालिग-बालिग युवक-युवतियां रोजगार की तलाश में बड़े शहरों में पलायन कर रहे हैं। लौह अयस्क खदानों के  बंद होने से बड़ी संख्या में लोग बेरोजगार हे है, सिंहभूम के आदित्यपुर औधोगिक क्षेत्र में बहुत-से छोटे उद्योग बंद हो गये। इससे भी बेरोजगारी बढ़ी है।

### 25 साल तक झारखंड पार्टी का रहा दबदबा

**आदिवासी बहुल होने के कारण सिंहभूम काफी चर्चित सीट रहा है, 1952 से 1977 तक इस सीट पर झारखंड पार्टी का वर्चस्व था। आदिवासियों के कद्दावर नेता बागुन सुम्बुरूई सबसे अधिक पांच बार रिकॉर्ड जीत हासिल की,जो आज भी कायम है। सिंहभूम लोकसभा सीट पर 1952 में पहली बार झारखंड पार्टी के**



**कानुराम देवगम सांसद चुने गए थे। इसके बाद 1957 में शंभूशरण गोडसोरा, 1962 में हरि चरण सोय, 1967में कोलाय बिरूवा, 1971 में मोरन सिंह पूर्ति और 1977 में झारखंड पार्टी से बागुन सुम्ब्रुई सांसद चुने गए थे। इसके बाद 1980 में बागुन सुम्ब्रुई जनता पार्टी से सांसद बने। फिर 1984 और 1989 में वह कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा पहुंचे।**

### माओवादियों का मुख्यालय रहा है सारंडा

एशिया का सबसे घना साल का जंगल और सात सौ पहाड़ियों की श्रृखंला वाली सारंडा जंगल इसी सिंहभूम क्षेत्र में है, जहां माओवादियों का कभी हेडक्वार्टर और प्रशिक्षण केंद्र हुआ करता था,जहां से वे पूरे पूर्वी भारत में संगठन का संचालन करते थे और नये रंगरूटों को हथियार और गुरिल्ला युद्ध का प्रशिक्षण देते थे। माओवादियों का रेड कॉरिडोर इसी क्षेत्र से गुजरता है। छत्तीसगढ़, झारखंड, बंगाल और उड़ीसा के माओवादी इसी रेड कॉरिडोर का इस्तेमाल आवागमन के लिए करते हैं। पोड़ाहाट का बीहड़ जंगल भी सिंहभूम में ही है। जहां माओवादियों के साथ पीएलएफआई उग्रवादियों का गढ़ रहा है।

### 1991 में झामुमो और 1996 में भाजपा को मिली पहली जीत

1991 में कृष्णा मार्डी झारखंड मुक्ति मोर्चा से जीत दर्ज की. 1996 में भाजपा के चित्रसेन सिंकू, 1998 में कांग्रेस के विजय सिंह सोय, 1999 में भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा ने दिल्ली का सफर तय किया। इसके बाद 2004 में बागुन सुम्ब्रुई कांग्रेस के टिकट पर एक बार फिर लोकसभा पहुंचे। वहीं 2009 में निर्दल प्रत्याशी मधु कोड़ा ने जीत दर्ज की थी। वहीं 2014 में भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा और 2019  में मोदी लहर के बावजूद कांग्रेस से गीता कोड़ा ने जीत दर्ज की थी। सिंहभूम लोकसभा सीट में मतदाताओं की संख्या 13,48,898 है।

### सिंहभूम का जातीय समीकरण

सिंहभूम जिले की कुल आबादी 19 लाख के करीब है, जिसमें 77 प्रतिशत ग्रामीण और 23 प्रतिशत शहरी आबादी है। इसमें आदिवासियों की संख्या 60 फीसदी से भी अधिक है। अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या 4.06 प्रतिशत है। यहां कई दिवासी समाज रहते हैं, जिनमें हो,उरांव, संथाल, मुंडा, गौड़ प्रमुख जनजातीय समाज है। लेकिन इन आदिवासी समाज में सबसे अधिक आबादी हो आदिवासी समाज की है। इसलिए इसे हो लैंड भी कहा जाता है। आदिवासियों के आलावा गैर आदिवासी समाज में महतो (कुड़मी), प्रधान, गोप,पान-तांती समाज भी रहते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल से कई लोगों ने राजभवन में की मुलाकात

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को कई लोगों ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच, जमशेदपुर का एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात कर संस्था की गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। इसी प्रकार गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, रांची का एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की। वहीं, बोकारो जिले के अपना स्कूल की निदेशक रश्मि सिन्हा ने राज्यपाल से मुलाकात की। इस दौरान सिन्हा ने राज्यपाल को विद्यालय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजित कुमार सिन्हा ने राज भवन में मुलाकात की।इस दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया।

### आजसू पार्टी का हजारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन 13 अप्रैल को

**रांची।** हजारीबाग लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन का आयोजन 13 अप्रैल को हजारीबाग के हरनगंज स्थित शिवम बैंक्वेट हॉल में होगा। इस दौरान लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने और भावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी ईकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारी हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। हजारीबाग के बाद 19 अप्रैल को सिंहभूम, 21 अप्रैल को जमशेदपुर और 28 अप्रैल को लोहरदगा लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार सरकार बनाने में दें योगदान : अर्जुन मुंडा



**रांची।** केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड में जनसंपर्क अभियान के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्षों से जिस आदिवासी समाज की उपेक्षा की गयी, उस समाज को सम्मान दिलाने का काम मोदी सरकार ने किया है । देश की सबसे बड़े संवैधानिक पद पर एक आदिवासी महिला बैठी हैं, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है । लेकिन राष्ट्रपति चुनाव के समय भी कुछ लोगों ने इनका समर्थन नहीं किया था, वैसे लोगों को जनता जरुर जवाब देगी । केंद्रीय मंत्री बुधवार को तमाड़ प्रखंड के हुरूनडीह, बाबुरामडीह, बारेडीह, कुंडला, बेगाडीह और सिरकाडीह में बुधवार को व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही ग्रामीणों से संवाद किया। मौके पर मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। अब हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने में अमूल्य योगदान दें। पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है, यह सब एक मजबूत नेतृत्व के कारण ही संभव हुआ है । उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में हमारी सरकार ने हर वर्ग का ख्याल रखने का काम किया है । उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई थी । जंगलों में रहकर आदिवासी समाज ने अंग्रेजों से लोहा लेने का काम किया था, जिन्हें इतिहास के पन्नों में वो जगह नहीं मिली, जिसके वो हकदार थे। आदिवासी समाज के स्वाभिमान के लिए, उनके योगदान के लिए खूंटी के माटी के वीर " धरती आबा" बिरसा मुंडा के जन्मदिवस के अवसर पर पूरा देश ह्यजनजातीय गौरव दिवस मना रहा है ।

### सिब्बल ने हाई कोर्ट में शराब टेंडर की जांच से जुड़े मामले में राज्य सरकार का रखा पक्ष



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। इस मामले में बुधवार को सुनवाई  हुई। मामले में सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वर्चुअली राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कि सरकार ने हाई कोर्ट द्वारा मामले में लिए गए स्वतः संज्ञान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है, इसलिए समय दिया जाए। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकृत करते हुए इस केस से याचिकाकर्ता उमेश कुमार एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम हटाते हुए इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। राज्य सरकार की ओर से आईए दाखिल कर कहा गया था कि इस केस के याचिकाकर्ता एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का क्रेडेंशियल सही नहीं है, इसलिए इन दोनों का नाम इस केस से हटाया जाए। पूर्व की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर में शामिल होने के लिए 25 लाख रुपये नॉन रिफंडेबल राशि तय की गई थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य के विभिन्न जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल का टेंडर लेने के लिए कोलकाता से झारखंड के तीन जिलों में अलग-अलग खातों में करोड़ों रुपये भेजे गए थे। यह उन कंपनियों के खाते में भेजे गए थे, जहां जिनके खाते में मात्र दो-चार हजार रुपये हुआ करते थे।

## भाजपा दलित समाज की सबसे बड़ी हितैषी : बाऊरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भीम आर्मी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं इंटक के प्रदेश सचिव वीरेंद्र पासवान अपने दलित समाज से सैकड़ों समर्थकों के साथ  भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश कार्यालय सभागार में आयोजित मिलन समारोह में नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी एवं प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने सभी को पार्टी का पट्टा, माला पहनाकर एवं ऑनलाइन सदस्यता कराकर पार्टी में शामिल कराया। मिलन समारोह को संबोधित करते हुये नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनों को पूरा करने का काम केंद्र की मोदी सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि दलित समाज की सबसे बड़ी हितैषी भारतीय जनता पार्टी है, जिसे पिछले 10 वर्षों की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने कार्यों से साबित किया है। उन्होंने कहा कि वहीं राज्य में दलित विरोधी, पिछड़ा विरोधी, युवा एवं महिला विरोधी सरकार चल रही है, जिसका इस आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जनता भारी मतदान कर जबाब देने का काम करेगी।




## कांग्रेस महासचिव ने पीएम नरेंद्र मोदी से पूछे पांच सवाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री दुनिया के हर विषय पर भाषण देते हैं, लेकिन आज तक महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की आमदनी, महिला पहलवानों की यौन शोषण पर कोई चर्चा नहीं करते हैं। प्रधानमंत्री विकसित भारत की बात करते हैं, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था खतरें में है। इसकी भनक प्रधानमंत्री को सुनाई नहीं देती है। वित्तीय और निवेश सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी की ताजा रिपोर्ट यह बताती है कि घरेलू ऋण का स्तर सकल उत्पाद का लगभग 40 प्रतिशत हो गया हैं। घरेलू बचत भी 47 साल के निचले स्तर तक पहुंच गई है। पैसा बचाना तो दूर भारतीय परिवार धीरे-धीरे कर्ज में डूबते जा रहे हैं। देश विनाशकारी नोटबंदी की मार से अबतक निकल नहीं पाई। भयंकर महंगाई बेरोजगारी पर प्रधानमंत्री चुप हैं। किसान सड़कों पर हैं और प्रधानमंत्री अपने पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने में मशगूल हैं। चंदे के पैसे गैर भाजपा सरकार को गिराया गया। विपक्ष के विधायक को खरीदा गया है।




# दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधाओं का खास ध्यान रखें : के रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार ने बुधवार को सिंहभूम और जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र का दौरा किया और लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया ।

सीईओ ने सिंहभूम लोकसभा के चाईबासा विधानसभा क्षेत्र के तहत प्राथमिक विद्यालय उलीहातु बूथ संख्या-16,राजकीयकृत मध्य विद्यालय-सिंद्री बूथ संख्या-10,11,12, नगरपालिका बंगला मध्य विद्यालय के बूथ संख्या-96, 97 तथा श्रद्धानंद बालिका मध्य विद्यालय,बड़ी बाजार बूथ संख्या- 126,127एवं 128 का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधा  शौचालय, रनिंग वाटर, पेयजल, बिजली, चार्जिंग सॉकेट सहित अन्य बिजली उपकरण, फर्नीचर की उपलब्धता आदि का बिंदुवार जायजा लिया । इस क्रम में मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ से प्राप्त हुए नए प्रपत्र-6 के अद्यतन स्थित के अलावा वोटर लिस्ट में अब्सेंटी वोटर, दिव्यांग वोटर व बूथ अवेयरनेस ग्रुप व अन्य विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की । इस दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदान केंद्रों पर दिखीं कमियों को तत्काल दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। बुथों के निरीक्षण के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चौधरी एवं सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक कर समीक्षा की।



### जमशेदपुर में भी कई बूथों का निरीक्षण

चाईबासा के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार जमशेदपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिसदन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल से लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर पूर्वी सिंहभूम जिले में की जा रही तैयारियों की जानकारी ली।  इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर बल देते हुए विशेषकर दिव्यांगजनों एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधाओं का खास ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया । साथ ही सभी मतदाताओं के लिए गर्मी एवं धूप के मद्देनजर मतदान केन्द्रों में शेड, पेयजल, शौचालय, बैठने के लिए कुर्सी आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। शहरी क्षेत्र के न्यू बाराद्वारी स्थित सामुदायिक भवन, गांधी आश्रम मतदान केन्द्र पर की गई तैयारियों का अवलोकन किया। एईआरओ एवं बीएलओ से अब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ वोटर की जानकारी ली।

### राजमहल से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की दूसरी सूची जारी होते हुए पार्टी में घमासान मच गया है। एक तरफ राजमहल सीट को लेकर झामुमो के बोरिया विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने बागी तेवर दिखाते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है,तो दूसरी तरफ सिंहभूम सीट से घोषित प्रत्याशी जोबा मांझी का विरोध शुरू हो गया है। उनके खिलाफ सिंहभूम के आदिवासी हो समाज में काफी नाराजगी है । इस मामले को लेकर बुधवार को आदिवासी हो समाज का क प्रतिनिधि मंडल सीएम चंपई सोरेन से मुलाकात कर प्रत्याशी बदलने की मांग की है। अपने आवास पर एक संवाददाता सम्मलेन में बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने राजमहल के प्रत्याशी विजय हांसदा का विरोध करते हुए बिना पार्टी और विधायकी से इस्तीफा देते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। झामुमो विधायक ने कहा कि जिस तरह दुर्गा सोरेन के निधन के बाद हेमंत सोरेन को उत्तराधिकारी बनाया गया।

### रिम्स डायरेक्टर से हाई कोर्ट ने विस्तृत रिपोर्ट मांगते हुए पूछा

# कितने मेडिकल उपकरण चालू हालत में और कितने खराब?

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को राज्य के सबसे बड़े अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, बुनियादी सुविधा दिलाने, एमआरआई मशीन सहित अन्य चिकित्सा उपकरण को ऑपरेशनल रखने आदि को लेकर दायर ज्योति शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में रिम्स के डायरेक्टर कोर्ट में उपस्थित हुए थे। कोर्ट ने रिम्स के डायरेक्टर को चार सप्ताह में विस्तृत शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि रिम्स में एमआरआई मशीन सहित कितने मेडिकल उपकरण चालू हालत में हैं और कितने खराब हैं।और दूसरी एमआरआई मशीन पब्लिक एंड प्राइवेट मोड में चल रही है। कोर्ट ने डायरेक्टर से पूछा है कि रिम्स में क्या-क्या सुधार और किया जाना चाहिए, इस पर भी वह जवाब दें। रिम्स डायरेक्टर ने कोर्ट को बताया कि प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले रिम्स के डॉक्टरों का पता लगाना मुश्किल हो रहा है। कोर्ट ने रिम्स डायरेक्टर से कहा कि रिम्स के मेडिकल विभागों को दुरुस्त कर रखने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं, इस पर भी वे जवाब दें।




### 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर शून्य हो

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर की गंभीर स्थिति को देखते हुए कोर्ट द्वारा लिए गए स्वत संज्ञान की सुनवाई बुधवार को हुई। कोर्ट ने मौखिक कहा कि झारखंड में राज्य सरकार ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करे, जिससे पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर शून्य तक पहुंचे। मामले में एमिकस क्यूरी सुमित गड़ोदिया ने पक्ष रखते हुए कहा कि राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर को बेहतर बनाने की जरूरत है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक, पर्याप्त मात्रा में दवा की व्यवस्था जरूरी है। मामले में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को तीन सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि झारखंड में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर हैं।

## एक नजर

### रेलीगढ़ा महायज्ञ में पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश के साथ परिक्रमा शुरू

**गिद्दी।** रेलीगढ़ा स्थित बजार शिव मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय वार्षिक महायज्ञ के दूसरे दिन पंचांग पूजन कर मंडप प्रवेश किया गया। यज्ञाचार्य शंकर पांडेय ने आचार्य समूह के साथ महायज्ञ में स्वस्तिवाचन, शान्तिपाठ, गणेशाम्बिका पूजन कर यज्ञ मंडप में प्रवेश कराया। इसके बाद श्री शिव, हनुमान, राधा कृष्ण, राम दरबार का नौ दिवसीय वार्षिक नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर यज्ञ मंडप की परिक्रमा शुरू हुआ। यज्ञाचार्य शंकर पांडेय के साथ अरुण पांडेय, सुनील पांडेय, बालकिशुन पांडेय ने विधिवत पूजा अर्चना कराई। वहीं बतौर यजमान दुर्गा शर्मा, रेखा देवी, लक्ष्मी साव, बसंती देवी, सुदामा शर्मा, प्रमिला देवी, सूरज साव और जानकी देवी शामिल हुईं।

### कुजू ओपी में हुई शांति समिति की बैठक

**कुजू।** कुजू कोयलांचल में विभिन्न त्योहारों को शांतिपूर्ण व सद्भाव भरे माहौल में मनाने को लेकर ओपी परिसर में बुधवार को गणमान्य लोगों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर राम व संचालन मांडू सीओ मुदस्सर नजर मंसूरी ने किया। इस दौरान ईद, सरहुल, रामनवमी व दुर्गा पूजा सांप्रदायिक सद्भाव व भाईचारगी भरे माहौल में मनाने को लेकर लोगों से जानकारी ली गई। लोगों ने क्षेत्र में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहार के दौरान उत्पन्न होने वाले समस्या को रखते हुए पुलिस प्रशासन से सहयोग की अपील की।
वहीं बैठक में मौजूद सभी लोगों ने एक स्वर से शांति भरे माहौल में त्योहार मनाने का भरोसा दिलाया। पुलिस प्रशासन की ओर से स्पष्ट रूप से समाज विरोधियों व अशांति पैदा करने वाले लोगों पर सख्ती बरतने की बात कही। वहीं बिना लाइसेंस वाले अखाड़ा के लोगों को एसडीओ से लाईसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

### सोशल मीडिया पर धार्मिक विद्धेष फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : आईजी

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय रामगढ में पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटनागपुर प्रक्षेत्र बोकारो माइकल राज एस, पुलिस उप महानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर हजारीबाग सुनील भास्कर पहुंचे। इस दौरान आईजी व डीआईजी ने एसपी रामगढ डॉ बिमल कुमार से आगामी लोकसभा चुनाव, रामनवमी, ईद व सरहुल की तैयारी को लेकर चर्चा की। बाद में जिला के तमाम पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर पर्व व चुनाव में तैयारी को लेकर समीक्षा की। इस दौरान आईजी माइकल राज एस ने सरकार के आदेश के तहत नीतियों को लागू करने का निर्देश दिया। साथ ही शांतिपूर्ण व निष्पक्ष पर्व व चुनाव को संपन्न कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। वहीं आईजी ने सोशल मीडिया पर आपतिजनक, भडकाउ व धार्मिक विद्धेष फैलाने, सम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने से संबंधित पोस्ट कर अफवाह फैलाने पर विधि सम्मत सख्त कारवाई करने की बात कही।

मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली का हुआ आयोजन

## साइकिल रैली में सौ से अधिक युवक-युवतियों ने लिया हिस्सा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर हजारीबाग जिला में मतदाताओं की भागीदारी एवं वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने सहित नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही है। इस क्रम में स्वीप कोषांग, हजारीबाग के द्वारा बुधवार को स्वीप साईकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली झील परिसर से लगभग 6:30 बजे सुबह प्रारंभ हुई जिसमें 100 से अधिक युवक युवतियों ने हिस्सा लेकर मतदाता जागरूकता के लिए शहर का भ्रमण किया। इस दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। स्वीप नोडल अधिकारी सुलोचना मीणा, सहायक नोडल पदाधिकारी रोहित कुमार ने इस मतदाता जागरूकता साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह साइकिल रैली झील परिसर से होते हुए पुराना समाहरणालय चौक, इंद्रपुरी चौक, झंडा चौक, बंसीलाल चौक, डिस्ट्रिक मोड होते हुए नए समाहरणालय भवन में समापन किया गया। साइकिल रैली में हिस्सा ले रहे प्रतिभागियों में से प्रथम स्थान पवन कुमार,द्वितीय स्थान सुबोध कुमार एवं तृतीय स्थान दिनेश कुमार ने प्राप्त किया।

रामनवमी महासमिति बरही के अध्यक्ष बने विनय साहू

# बरही में रामनवमी धूमधाम के साथ मनाने का लिया निर्णय : विनय साहू



सात अखाड़ा ने मिलकर किया चयन

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** मंगलवार को भगवती मंदिर के प्रांगण में रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर बरही के सात अखाड़ा के पदाधिकारी मौजूद रहे। जहां विनय साहू व भगवान केशरी का नाम प्रस्तावित किया गया। सातों अखाड़ा ने अपना मतदान देकर विनय साहू को रामनवमी महासमिति का अध्यक्ष चुना। विनय साहू को 4 व भगवान केशरी को 2 मत प्राप्त हुआ। इसके अलावा 1 मत रद्द पाया गया। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विनय साहू ने कहा कि इस वर्ष रामनवमी ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। बूढ़े बुजुर्ग और सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोग लेकर उनके मार्गदर्शन में काम किया जाएगा और पुलिस प्रशासन के सहयोग से इसे सफल किया जाएगा। मौके पर हनुमान सेना के राजेश केशरी, महावीर अखाड़ा के नरेश कुमार, भगवती मंदिर के अनीश कुमार साहू, बजरंग अखाड़ा गया रोड के गुड्डू निषाद, श्रीराम अखाड़ा अंबेडकर नगर हजारीबाग रोड के अनुज रविदास, अंजनी अखाड़ा पटना रोड के सुनील साहू, महावीर मंडल धनबाद रोड के अमित जायसवाल के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, अर्जुन साव, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, कुणाल कतारियार, उदय केशरी, शशि बर्नवाल, सन्नी गुप्ता, आकाश जायसवाल, शशी जायसवाल, मंटू सिंह, विकास गुप्ता, मोती सिंह सहित अन्य रामभक्त शामिल थे।

जमीन सुरक्षित व सत्यापित करवाने को लेकर सचिव को आवेदन

# महाविद्यालय की जमीन बेचने में लगे हैं भू-माफिया : बद्री



◆अंचल कार्यालय को कई बार दिया गया है आवेदन, नहीं हुई जमीन की मापी : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** हरिला निवासी समाजसेवी बद्री यादव ने बरही इंटर महाविद्यालय के सचिव के नाम महाविद्यालय कार्यालय को आवेदन दिया है. आवेदन में महाविद्यालय के जमीन पर भू माफियाओं की नजर होने का दावा करते हुए सुरक्षित व भू सत्यापित करवाने की मांग की है. आवेदन के अनुसार बरही इंटर महाविद्यालय बरही वासियों के लिए अमूल्य धरोहर है. जहां बच्चे पढ़कर ऊंची शिक्षा प्राप्त करते है. महाविद्यालय के एक बड़े भूभाग पर खेल मैदान है. जिसपर बच्चे खेलते है. बीते कुछ दिनों से इस खाली खेल मैदान पर भूमाफियाओं की नजर है. औने पौने दर पर अवैध तरीकों से बेचने का काम किया जा रहा है. इससे महाविद्यालय का खेल मैदान खतरे में है. जिससे भविष्य में यहां के विद्यार्थियों को परेशानी हो सकती है. उन्होंने सचिव से मामले को गंभीरता से लेते हुए महाविद्यालय के जमीन को अंचल से भूसत्यापित करवाकर संरक्षित करने की मांग की है। मामले के संबंध में प्राचार्य अरुण कुमार दुबे ने बताया कि भू सत्यापन के लिए अंचल कार्यालय को कई बार आवेदन दिया गया. बीते वर्ष तत्कालीन सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने दंडाधिकारियों की उपस्थिति में भू मापी की तिथि भी मुकर्रर कर दिया. बाबजूद अमीन व अधिकारियों के नहीं आने के कारण भू मापी नहीं हो सका है. उन्होंने बताया कि वर्तमान अंचलाधिकारी को भी भू मापी के लिए आवेदन दिया गया है. लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नही हुई है. इससे महाविद्यालय के जमीन का सत्यापन नही हो पा रहा है.

पर्व-त्योहार को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

# सांप्रदायिक सद्भाव के साथ मनाएं त्योहार, प्रशासन का मिलेगा पूरा सहयोग



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** चैती दुर्गा पूजा, चैती छठ, रामनवमी, ईद व सरहुल को लेकर बुधवार को कुजू ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर राम व संचालन मांडू सीओ मोद्दसर नजर मंसूरी ने किया। बैठक के दौरान चैती दुर्गा पूजा, रामनवमी, ईद, सरहुल, चैती छठ को सांप्रदायिक सद्भाव व भाईचारगी भरे माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान त्योहार को लेकर उत्पन्न होने वाले विभिन्न समस्याओं को पुलिस प्रशासन के समक्ष रखकर सहयोग मांगा। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से स्पष्ट रूप से समाज विरोधियों व अशांति पैदा करने वाले लोगों पर सख्ती बरतने की बात कही। जबकि बिना लाइसेंस वाले अखाड़ा के लोगों को एसडीओ से लाईसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पूरे प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू है। इसका सही तरीके से पालन करते हुए नया कुछ न करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय, एसआई संजय हेमब्रोम, इन्द्र प्रसाद गुप्ता, अशोक राम, राजू रहमान, नरेश प्रसाद, श्रवण कुमार आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### बिजली पोल चोरी के मामले में आरोपी गया जेल

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ासिंगा स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल के समीप चार दिन पूर्व बिजली पोल चोरी करने के आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा। साथ ही इस मामले की जानकारी बिजली विभाग के अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने इस संबध में गोरहर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने कहा है कि 08 अप्रैल की रात्रि करीब 12:30 बजे ग्रामीण और जनप्रतिनिधि के द्वारा चोरी संबंधित जानकारी मिली। पकड़ा गया युवक अपना नाम भरत मुंडा, पिता पोदो मुंडा, सा० बेराडीह ,बुन्डु जिला रांची निवासी बताया। वहीं आवेदन में ट्रेक्टर मालिक छत्रु ठाकुर समेत 5 अन्य लोगों का आरोपी बनाया गया है। साथ ही लिखा है कि छत्रु ठाकुर की ट्रैक्टर द्वारा पोल चोरी की गई, दो बिजली पोल को क्षति ग्रस्त कर दिया। जिससे विद्युत विभाग को 50 हजार को क्षति हुई। वही आरोपी को समीना खातून, असगर मियां, मोहन राणा, सुनील ठाकुर समेत अन्य लोगों ने पकड़ा था। इस मामले को लेकर गोरहर थाना कांड संख्या 08/24 है।

### श्री श्री चैत्र रामनवमी महासमिति के कार्यालय का मनीष जायसवाल व विधायक ने किया उद्घाटन

**हजारीबाग।** स्थानीय बड़ा अखाड़ा के समीप हजारीबाग रामनवमी महासमिति के कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक सह हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व बरही विधायक मनोज यादव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा नेता सह समाजसेवी प्रदीप प्रसाद, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, समाजसेवी प्रशांत प्रधान के साथ साथ सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों को रामनवमी महासमिति अध्यक्ष जीतू यादव के द्वारा भगवा वस्त्र एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि मनीष जायसवाल ने महासमिति के अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि इस बार की रामनवमी भी पहले की तरह भव्य एवं ऐतिहासिक होगी। विशिष्ट अतिथि के मनोज यादव ने भी अपने संबोधित भाषण में महासमिति के तमाम कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी लोग आपसी सहयोग से रामनवमी को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में अपनी भरपूर सहयोग करेंगे।

### युवा पत्रकार रितेश खंडेलवाल ने रक्तदान कर 6 माह के शिशु को दिया जीवन दान



**हजारीबाग।** युवा पत्रकार सह हजारीबाग यूथ विंग के कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल ने मंगलवार को देर शाम बरकट्ठा निवासी पत्रकार संतोष पांडे के 6 महीने के नन्हे सुपुत्र श्रेयांश कुमार को रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। संतोष पांडे की धर्मपत्नी का पिछले माह ही निधन हो गया था। इसके बाद से लगातार बच्चे की तबीयत खराब चल रही थी। मंगलवार को पत्रकार सुशांत सोनी के द्वारा जानकारी मिलने के उपरांत रितेश खंडेलवाल ने तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर बच्चे की जान बचाई। मौके पर रितेश खंडेलवाल की हौसला अफजाई करने के लिए हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार एवं रितेश खंडेलवाल के बड़े भाई प्रमोद खंडेलवाल मौजूद थे।

### वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर



**हजारीबाग।** ईद एवं रामनवमी के अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने किया शिविर का शुभारंभ राकेश शेट्टी ने रक्तदान कर किया। तत्पश्चात सूरज कुमार विवेक कुमार सोनी, सूयस, मोहम्मद इरशाद आलम राजीव रंजन अरबी उमेश कुमार आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। ब्लड बैंक में बी नेगेटिव रक्त उपलब्ध नहीं था ऐसे में राकेश शेट्टी से संपर्क किया गया उन्होंने सारा काम छोड़ तत्काल ब्लड बैंक में आकर रक्तदान किया। शिविर के सफल आयोजन में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, महासचिव विनीत छाबड़ा, कार्यकारिणी सदस्य रजत जैन, मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मुकीम अख्तर,आ खैरी,मुरली प्रजापति, शमशाद,शीला कुमारी, पूनम कुजूर, मधु कुमारी एवं उदय कुमार का विशेष सहयोग रहा ।

### अखाड़ाधारियों के बीच भगवा गमछा, हनुमान चालीसा व महावीरी ध्वज का हुआ वितरण



**हजारीबाग।** बड़ा अखाड़ा प्रांगण मे रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष व सभी अखाड़ा के अध्यक्ष व सचिवों को इस वर्ष रामनवमी के अध्यक्ष पद के दावेदार रहे मीत यादव के द्वारा लाठी, तलवार, महावीर ध्वज, हनुमान चालीसा, व गमछा का वितरण किया गया. कार्यक्रम कि शुरूआत महंत विजयानंद दास के द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करवा कर किया गया. इस अवसर पर मीत यादव ने कहा कि इस वर्ष अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा हुआ है वे बाल रूप में हम सबों के बीच आए हैं. उनके बाल रूप प्रतिमा देख वे राम के काम के लिए प्रेरित हुए और इस वर्ष की रामनवमी की जिम्मेदारी वह अपने युवा कंधे पर लेना चाहते थे परंतु ऐसा होना सका लेकिन उन्होंने सभी अखाड़ाधारी व पूर्व अध्यक्षों का आभार जताते हुए कहा कि उनके ऊपर जिन लोगों ने भरोसा जताया उनका वह आभार व्यक्त करते हैं.उन्होंने आगे कहा कि जब उन्होंने अध्यक्ष पद की दावेदारी पेश की थी उस वक्त यह वादा किया था कि इस त्यौहार की भव्यता को और बढ़ाने का प्रयास करेंगे और इसे एक नया आयाम देंगे इस वादे को पूरा करने के लिए समस्त अखाड़ाधारी व रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्षों के बीच एक छोटी सी भेंट दी है. उन्होंने समस्त राम भक्तों से अपील करते हुए कहा कि इस वर्ष की रामनवमी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए और जहां कहीं भी रामभक्तों को रामनवमी से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी होती है तो वह उन्हें दूर करने का हर संभव प्रयास करेंगे .

# हथियारों का सत्यापन दो दिनों के अंदर हो : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त आयोजन के मद्देनजर वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्ति धारी जिन्होंने अन्य जिला/ राज्य से शस्त्र अनुज्ञप्ति प्राप्त कर शस्त्र धारित किया हैं एवं वर्तमान में रामगढ़ जिला में निवास करते हुए शस्त्र का उपयोग कर रहे हैं। वैसे सभी अनुज्ञप्तिधारियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा आदेश दिया गया है कि वे रामगढ़ जिला के जिस भी थाना क्षेत्र में निवास करते हो वे संबंधित थाना में अपना शस्त्र अनुज्ञप्ति एवं उस पर धारित शस्त्र का सत्यापन दो दिनों के अंदर करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे। समय व्यतीत होने के उपरांत पुलिस अधिकारियों द्वारा जांच अभियान चलाए जाने के दौरान यदि किसी व्यक्ति के पास अन्य जिला/ राज्य द्वारा निर्गत अनुज्ञप्ति एवं उस पर आधारित शस्त्र पाया जाएगा तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम 2016 की सुसंगत धाराओं के तहत शस्त्र को जब्त कर अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई के साथ-साथ अनुज्ञप्ति धारी के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# देशी पिस्टल और कट्टे के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पुलिस द्वारा पतरातू थाना अंतर्गत पालू पंचायत डीड़ीडीह सरना स्कूल के निकट एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के पास से पुलिस ने 9 एमएम के एक देशी पिस्टल, 9 एमएम की तीन जिंदा गोली,.315 बोर का देशी कट्टा व .315 बोर की एक जिंदा गोली जब्त की गई पकड़े गए युवक का नाम जुनैद अंसारी, थाना पतरातू पालू मधनिया टोला का रहनेवाला है। इसकी जानकारी एसपी डॉ विमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के अनुसार पतरातू के डाड़ीडीह सरना स्कूल के निकट एक संदिग्ध युवक को हथियार के साथ घूमते देखा गया है जो किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना पर पतरातू एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी अभियान में सरना स्कूल के निकट युवक को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर युवक के पास से हथियार बरामद किया गया। युवक को गिरफ्तार कर पतरातू थाना कांड संख्या 91/24, दिनांक 10. 04. 2024 धारा ( 1-बी ) ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि आरोपी का आपराधित इतिहास रहा है। पिठौरिया थाना में उसपर दो मामले दर्ज हैं। बताया गया कि युवक के साथ शामिल अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। छापेमारी दल में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम, पतरातू पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, पुअनि प्रदीप कुमार यादव, हवलदार संजय कुमार ठाकुर, आरक्षी अरूण कुमार,चौकीदार रामपाल महतो, पौकीदार पंकज पांडेय शामिल थे।

आस्था

बसरिया में महायज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन

# वैदिक मंत्रोच्चार और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा क्षेत्र



◆751 महिलाएं एवं कन्याओं ने माथे पर उठाया कलश

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड अंतर्गत बसरिया गांव में बुधवार को श्री श्री 1008 शिव परिवार सह हनुमत हवनात्मक महायज्ञ को लेकर भव्य विराट कलश शोभायात्रा निकाली गई। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख रेणु देवी, पूर्व प्रमुख राम लखन मेहता, सलैया पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल ,उप प्रमुख प्रतिनिधि उतिम महतो, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर, स्थानीय मुखिया कमलेश कुमार, पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से 751 महिला एवं कन्या के माथे पर कलश देकर विराट कलश शोभायात्रा यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया । कलश शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ यज्ञ स्थल बसरिया से शुरू करते हुए बरवां - बरकट्ठा मुख्य मार्ग से होते हुए एन एच 2 से होकर पातालसूर उत्तरवाहिनी नदी में कथावाचिका प्रीति रामायणी,यज्ञाधिष अशोक पाण्डेय, यज्ञाचार्य छोटी पाण्डेय उप यज्ञाचार्य शंकर पांडेय, संरक्षक पवन पाण्डेय व अयोध्या से पधारे हुए ब्राह्मणों की मंडली ने पूरे विधिवत रूप से मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना कर कलश में जल भरकर पुनः उसी मार्ग से वापस यज्ञ स्थल पर पहुंच कर सारे कलश को यज्ञ मंडप में स्थापित की गई। बताते चलें कि सात दिन तक चलने वाली इस महायज्ञ में प्रतिदिन शाम सात बजे से नौ बजे तक चित्र कुट दिल्ली से आई हुई कथावाचिका प्रीति रामायणी के द्वारा राम कथा प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।

### महायज्ञ के आयोजनों से लोगों में भक्ति की भावना जागृति होती है

विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि इतने बड़े बड़े महायज्ञ के आयोजनों से लोगों में भक्ति की भावना में जागृति होती है साथ ही ऐसे-ऐसे आयोजनों से लोगों में आपसी तालमेल और भाईचारे की भावनाओं में वृद्धि होती है। वहीं मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि यज्ञ का आयोजन करने से क्षेत्र में खुशहाल, और संपन्नता में वृद्धि होती है, वहीं पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाती है जिससे लोगों को धर्म और आस्था के प्रति लगाव बढ़ता है। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद सचिव चंद्रिका सिंह, उप सचिव छोटी रविदास कोषाध्यक्ष कुलदीप प्रसाद, समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार उपाध्यक्ष राहुल कुमार, निगरानी समिति अध्यक्ष अशोक प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, समेत बसरिया व अन्य गांवों के हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी ने दी नव संवत्सर की शुभकामनाएं



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हिंदू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष,पूर्व रामनवमी महासमिति अध्यक्ष एवं लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी के द्वारा एक बैठक बुढ़वा महादेव मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में श्री केशरी ने सभी सनातनी रामभक्तों एवं मातृ शक्ति को संबोधित कर हिन्दू नव वर्ष की अनंत शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा का दिन हम हिन्दुओं के लिए साल का पहला दिन है। हमें अपनी संस्कृति और सनातन धर्म पर गर्व होना चाहिए ।बैठक में श्री केशरी ने रामनवमी महासमिति अध्यक्ष जीतु यादव को बधाई देते हुए कहा कि रामनवमी का पर्व हर रामभक्तो का और हर सनातन धर्म प्रेमियों का पर्व है । हजारीबाग की रामनवमी हमेशा ऐतिहासिक रही है ।हर वर्ष की तरह इस बार भी हिन्दू राष्ट्र संघ का मंच बिहार दुर्गा स्थान के पास होगा जो चौबीसों घंटे रामभक्तो की सेवा में तत्पर रहेगा।कहा कि रामनवमी की झांकियों को देखने के लिए हमारे ग्रामीण माताएँ, बहन, बेटीया सभी आती है ।

## एक नजर

### शांति व सद्भाव से त्योहार मनाने की अपील, जिला प्रशासन ने जारी किया निर्देश

**बरही ।** मंगलवार से चैत्र रामनवमी की शुरूआत हो गई है. चांद के दीदार होते ही ईद भी मनाया जायेगा. उधर आदिवासी समाज सरहुल की तैयारियां कर रहा है. वही दूसरी ओर लोकतंत्र का महत्वपूर्ण त्योहार सामने है. ऐसे में इन सभी त्योहारों को शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न करवाना प्रशासन की पहली जिम्मेवारी है. वही त्योहारों को लेकर प्रशासन विभिन्न स्थानों पर शांति समिति की बैठक कर आवश्यक निर्देश दे रही है. साथ ही लोगो से अफवाहों से दूर रहकर सद्भावना के साथ त्योहार मनाने की अपील किया जा रहा है. जारी निदेशों के अनुसार जुलूस में चलंत डीजे व भड़काऊ या धार्मिक भावना को आहत करने वाला गाना प्रतिबंधित है. सोशल मीडिया पर भ्रांति फैलाने वाले दंडित होंगे.

### लोकसभा चुनाव में प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों का तीन दिनी प्रशिक्षण संपन्न

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव-2024 में 80 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से सभी मतदाताओं को चिह्नित कर मतदान कराने का प्रयास चुनाव आयोग द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में चुनाव के दिन 20 मई को मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों को पहली बार पोस्टल बैलट पेपर द्वारा त्रुटिरहित शत-प्रतिशत मतदान के लिए जेजे कॉलेज झुमरी तिलैया में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को डीडीसी सह वरीय प्रशिक्षण प्रभारी पदाधिकारी ऋतुराज के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज ने प्रशिक्षण ले रहे मतदान कर्मियों से प्रपत्र 13 क,13 ख,13 ग और 13 घ के बारे में पूछताछ की। जबाब से संतुष्ट होकर उन्होंने पोस्टल बैलट द्वारा शत-प्रतिशत त्रुटिरहित मतदान करने के तरीकों को बताया।

### बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव 23 को मनाने का निर्णय

**झुमरीतिलैया।** क्षत्रिय समाज की बैठक नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष उमेश सिंह की अध्यक्षता में महाराणा प्रताप चौक स्थित विवेक विला में हुई। बैठक में 23 अप्रैल को बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। नप के पूर्व अध्यक्ष उमेश सिंह ने पूर्व के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह राजपूत समाज के नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए अंग्रेजो से लड़ते हुए अपनी जान गवाई। उनके जैसा साहसी और देशभक्त हम सभी को बनने और उनके पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है। आज उनके बलिदानी गाथा से पूरा विश्व अवगत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बाबू वीर कुंवर के बलिदानी इतिहास को साजिश के तहत कुचला जा रहा है। उन्होंने सरकार से 23 अप्रैल को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग की। बैठक में वर्ष 2024-025 के लिए नई कमेटी का चुनाव किया गया।

गर्मी में जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# जिले में जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पदाधिकारियों को दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** गर्मी के मौसम के मद्देनजर सिमडेगा जिले के सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं के माध्यम से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा सर्वप्रथम क्षेत्रवार जलापूर्ति योजनाओं के वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल एवं नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी को पेयजल संबंधी प्राप्त शिकायत का ऑपरेशनल मोड में मेंटेनेंस कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने योजना के तहत चिन्हित सभी संवेदकों को बेहद गंभीरता पूर्वक कार्य करते हुए आम जनों तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने वैसी जलापूर्ति योजनाएं जो वर्तमान में किसी कारणवश कार्य नहीं कर रही है उन सभी जलापूर्ति योजनाओं को तत्काल रूप से ठीक करते हुए प्रत्येक जलापूर्ति योजना का संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिले वासियों को नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा प्रभावी तरीके से सभी जलापूर्ति योजनाओं का संचालन सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल एवं नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी को तत्काल रूप से जिले के अलग-अलग पंचायतों में कनीय अभियंता एवं टीम की प्रति नियुक्ति करने से संबंधित आदेश निकालने का निर्देश दिया। जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित जलापूर्ति योजनाओं में आ रही समस्याओं अथवा किसी कारणवश पेयजल आपूर्ति योजना के कार्य नहीं करने से संबंधित सूचना प्राप्त करने एवं तत्काल रूप से उसे ठीक करने को लेकर उपायुक्त ने जिला जन-संपर्क पदाधिकारी को विभाग द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर का प्रचार प्रसार के लिए उपलब्ध कराने तथा संबंधित जलापूर्ति योजना के ऑपरेशनल एंड मेंटेनेंस संचालक द्वारा नहीं किए जाने की सूचना पहुंचाने के लिए टोल फ्री नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मोनिटरिंग कमिटि की उपायुक्त ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मोनिटरिंग कमिटि की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने वर्तमान में सिमडेगा जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत संचालित मध्यान भोजन व रागी लड्डू (मडुआ) वितरण संबंधी दिशा-निर्देशों की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में रागी लड्डू (मडुआ) वितरण से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को प्रत्येक विद्यालय का भ्रमण करते हुए रागी लड्डू को खा कर उसकी गुणवत्ता का जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालयों के बच्चों को रागी लड्डू एवं भोजन गुणवत्तापूर्ण मिलें इसे सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने विद्यालय तक स्कूल स्टेप राशन डिलीवरी कार्यों की समीक्षा की।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# चांद का हुआ दीदार आज मनाई जायेगी ईद




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** रमजान माह का रोजा रखने के बाद बुधवार को ईद के चांद का दीदार हुआ. आज गुरुवार को ईद की नमाज पढ़ी जायेगी। इसी के साथ पाक माह रमजान की समाप्ति होगी. ईद की नमाज को लेकर ईदगाहों की साफ व सफाई की जा चुकी है. सभी अंजुमन कमिटी ने अपने क्षेत्र में ईद की नमाज के लिए वक्त मुकर्रर कर दिया है. जिसके तहत प्रातः 7.39 बजे ईदगाह, 7.45 मदीना मस्जिद, 8 बजे मक्का मस्जिद, 8.15 मस्जिद ए अक्सा तथा 8.45 बजे जामा मस्जिद में ईद की नमाज पढ़ी जाएगी. इनापेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया की ईद की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है. पुलिस पेट्रिलिंग बढ़ा दी गई है. ईदगाहों व संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है. उन्होंने भी सबों से शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में ईद मनाने की अपील किया है.

चुनाव को लेकर वाहन ऑनर्स एसोसिएशन के साथ उपायुक्त ने की बैठक

# वाहन कोषांग को वाहनों का अधिग्रहण करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिले सभी बस/ट्रक / टैक्सी ऑनर एसोसिएशन, सिमडेगा के अध्यक्ष / सचिव के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मतदान कर्मियों को केंद्रों तक पहुंचाने के लिए वाहनों की आवश्यकता पर चर्चा की गई। वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी -सह- जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव ने बताया कि केंद्र तक पहुंचाने के लिए बस एवं छोटे वाहनों की आवश्यकता होगी। जहां सुदूर एवं सुगम रास्ता है वहां हर सेक्टर के लिए बस का उपयोग किया जाएगा जबकि दुर्गम रास्ते में छोटे वाहनों से मतदान कर्मियों को केंद्र तक पहुंचाया जाएगा। उपायुक्त ने परिवहन कोषांग के संबंधित पदाधिकारियों से कहा कि जिले के 481 लोकेशन पर गाड़ी पहुंचेगी। सभी कलस्टर एवं मतदान केंद्रों तक जाने के लिए अच्छी रूट चार्ट बनाया गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि समय पर वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा। जिसकी सूची एवं संख्या निर्धारण की जा रही है। उपायुक्त ने वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या एवं प्रकार निर्धारण कर वाहन अधिग्रहण करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त महोदय ने सभी गाड़ी चालकों एवं खलासियों का एपिक नंबर लेते हुए डाटाबेस तैयार करने का निर्देश दिया। सभी चालकों एवं खलासियों का पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने वरीय पदाधिकारी -सह- जिला परिवहन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, बस एसोसिएशन के अध्यक्ष, टैक्सी एसोसिएशन अध्यक्ष सहित अन्य उपस्थित थे।

# घर के चूल्हे तक जाकर बूथ को मजबूत बनाएं कार्यकर्ता : श्यामलाल शर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** भारतीय जनता पार्टी कोलेबिरा विधानसभा की बैठक कोलेबिरा नावाटोली गोवरधांसा में हुई। कार्यक्रम में स्वागत भाषण करते हुए मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने कहा कि सभी बूथों के अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करें बूथ में ज्यादा से ज्यादा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान हो ये संकल्प लें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोलेबिरा विधानसभा प्रभारी श्यामलाल शर्मा ने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सब भाजपा संगठन में कार्य कर रहे हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है की हर घर में किसी न किसी तरह का केंद्र सरकार की योजना का लाभ लोगों को मिला है। विश्व पटल पर भारत की अमिट छाप है।वहीं शक्तिकेन्द्र के संयोजक सहसंयोजक एवं बूथ कमिटी अपने आप को अर्जुन मुंडा मानते हुए भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में लोगों के बीच प्रचार प्रसार कर मतदान के लिए अपील करें और बूथ को मजबूत करते हुए भारी बहुमत से भाजपा प्रत्याशी को कोलेबिरा से बढ़त बना कर भेजें। कार्यकता घर के चूल्हे तक जाकर अपने बूथों को मजबूत बनाए और भाजपा प्रत्याशी भारती मतों से जीत दिलाएं। बैठक को संबोधित करते हुए संजय शर्मा ने कहा कि भाजपा संगठन का उद्देश्य है की अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे इस संदेश को कार्यकर्ता आत्मसात करते हुए अंतिम लोगों तक केंद्र सरकार की योजनाओं को बताने का कार्य करें एवं किस तरह से उसका लाभ मिले लोगो को मिले इसका भी प्रयास करें, भाजपा कार्यकर्ता जुझारू है अपने बूथ पर भाजपा प्रत्याशी की बढ़त किस तरह से हो इस पर कार्य करें।

फागु टोली गांव में भालू के हमले से एक व्यक्ति घायल

# हमले के बाद कुएं में गिरा भालू, वन विभाग ने रेस्क्यू कर निकाला बाहर



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** प्रखंड के रेंगारिह थाना क्षेत्र अंतर्गत फागु टोली गांव में बुधवार की सुबह जंगली भालू के हमले से गांव के दिव्यांग अनिल केरकेट्टा नामक व्यक्ति घायल हो गया ।घायल को थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू की मदद से एवं परिवार वालों द्वारा इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेजा गया,जहां उसकी इलाज चल रही है। वहीं हमले के बाद ग्रामीणों के द्वारा भालू को खदेड़ने के क्रम में भालू डरकर सिचाई कुएं में जा गिरा और करीब तीन घंटे तक कुएं में फंसा रहा ।मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई, जिसके बाद वन क्षेत्र पदाधिकारी शंभू शरण चौधरी ने वनरक्षक एवं वनपाल तथा वन कर्मियों के साथ पहुंचे एवं काफी मशक्कत कर भालू को निकालने की कोशिश की, हालांकि भालू वजनदार होने की वजह से करीब 2 घंटे की लंबी मेहनत के बाद भालू को कुएं से बाहर निकाल कर सकुशल जंगल में छोड़ दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दिव्यांग व्यक्ति अपने परिजनों के साथ महुआ चुनने के लिए जंगल गया था और ग्रामीणों के द्वारा भालू देखकर उसे खड़ेड़ने लगे इसी दौरान भालू भागते हुए जाकर दिव्यांग अनिल के पैर में पंजे से हमला कर घायल करते हुए गांव की ओर बढ़ा और गांव के ही कुएं में जा गिरा।

## न्यूज बॉक्स

### एएचटीयू थाना की पुलिस ने पुरनाडीह गांव में फरार आरोपी के घर चिपकाए इश्तहार



**सिमडेगा।** सिमडेगा एएचटीयू थाना की पुलिस ने जोकबहार पंचायत के पुरनाडीह गांव में आरोपी के घर में डुगडुगी पिटवाकर इश्तहार चिपकाया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी प्रदीप कुमार महतो ने बताया कि एएचटीयू थाना कांड संख्या 2/20 के अभियुक्त दिलीप ग्वाला पिता ललकु ग्वाला मानव तस्करी मामले में फरार चल रहा है इसको लेकर पोस्टर चिपकाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी अगर 30 दिनों के अंदर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं होता है तो उसके घर को कुर्की जप्ति की जाएगी। मौके पर थाना प्रभारी के अलावा एएसआई अखिलेश कुमार एवं अनिरुद्ध सिंह तथा पंचायत के मुखिया दुर्गा मुंडा उपस्थित थे।

### हुरदा में धूमधाम से मनाया गया सरहुल पर्व



**बानो।** प्रखण्ड के मॉडल समिति 10+2 उच्च विद्यालय जमतई हुरदा में सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल बालेश्वर नाग ने कहा आज भी हर जगह प्रकृति की पूजा की जाती है। हमारा जीवन जंगलों के बीच गुजरता है।आय के मुख्य स्रोत खेती बारी है, सरना पूजा आज कई गावों में पहान के द्वारा पूजा किया जाता है।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने छेत्रिय नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर गाँव के प्रधान द्वारा सखुआ फूल वितरण किया गया। मौके पर प्रिंसिपल बालेश्वर नाग स्टाफ, कंचन कुमारी , प्रवीण साहु, सोमा टोपनो, सीमा टोपनो, प्रभु सिंह, विकाश आनंद, अमिता जोजोवार,नूतन जोजो, स्मिता जोजो, सुषमी कुमारी, मुनिशा कुमारी, रामरतन महतो, सुनीता कुमारी, भूषण साहु,स्कूल अध्यक्ष, सहदेव जोजो, आदि लोग उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर खूंटी अपर समाहर्ता ने बानो प्रखंड कार्यालय में की बैठक



**बानो।** लोकसभा चुनाव को लेकर एसी खूंटी परमेश्वर मुंडा ने प्रखण्ड कार्यालय बानो में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व बीएलओ सुपवाईजर के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कई दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में प्रखण्ड के विभिन्न बूथों में मिलने वाली सुविधाओं पर चर्चा की गई।बैठक में पेयजल ,रूट चार्ट ,क्लस्टर ,स्ट्रांग रूम आदि का भौतिक सत्यापन किया गया।बैठक के पश्चात खूंटी ए०सी० परमेश्वर मुंडा ने प्रखण्ड जराकेल, मध्य विद्यालय बानो ,बेड़ाहोंजेर, पाड़ो के बूथों का निरीक्षण किये ।उन्होंने बूथों में मतदाताओं को दी जाने वाले सुविधाओं का निरीक्षण किये।मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमुदिन अंसारी, बी एल ओ सुपर वाइजर अजय कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### पूरे देश में भाजपा की लहर, खूंटी से पुनः अर्जुन मुंडा को जिताने का लें संकल्प : विमला प्रधान



**कुरडेग।** कुरडेग मंडल भारतीय जनता पार्टी की बैठक घाघमुण्डा बगीचा में हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल संयोजक सकल राम बड़ाईक ने कहा की सभी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं और अपने अपने बूथों को मजबूत करें।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह सिमडेगा विधानसभा प्रभारी विमला प्रधान ने कहा कि कुरडेग भारतीय जनता पार्टी का गढ़ है पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी की लहर चल रही है पुनः इस बार खूंटी लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को भारी मतों से जिताकर दिल्ली भेजना है,केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा के कार्यकाल में प्रखंडो में अनेक ऐसी उपलब्धि है जिसे आप लोगों के वोट के चलते सम्भव हुवा है।इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का नारा अबकी बार 400 पर को सार्थक बनाने हेतु भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लें। मौके पर मंडल प्रभारी प्रणव कुमार ने भी अपना वक्तव्य रखा कहा कि सभी शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक एवं बूथ अध्यक्ष अपने-अपने बूथों का सशक्तिकरण कर लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाएं और लोगों को केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए लाभ के बारे में बताएं एवं लोगों से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कि अपील करें।मौके पर युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय जयसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता देवी, एस. सी. मोर्चा अध्यक्ष सीताराम पासी, एस. टी. मोर्चा अध्यक्ष अबर साय, महामंत्री रविन्द्र शर्मा, विनोद जयसवाल, उपाध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव, मण्डल सांसद प्रतिनिधि उमेश जयसवाल, सभी शक्ति केन्द्र प्रभारी, सभी शक्ति केन्द्र संयोजक, एवं बूथ के अध्यक्ष उपस्थित थे।

### झामुमो की इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल को विजयी बनाने का आहवान



**रामगढ़।** झामुमो की बैठक बुधवार को शहर के होटल ला मेरिटल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बिनोद कि व संचालन विनोद कुमार महतो ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कू ने कहा कि की 21 अप्रैल को रांची में हो रहे उलगुलान न्याय यात्रा में 25 हजार कार्यकर्ता शामिल होने जाएंगे। कहा कि रांची के ध्रुवा में ऐतिहासिक उलगुलान न्याय यात्रा को इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित हो रहा है। कहा कि केंद्र सरकार पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर मानसिक दोहन कर रही है। इसी को लेकर राज्य की जनता के साथ ऐतिहासिक उलगुलान न्याय यात्रा का आयोजन हो रहा है। जिसे सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता जुट जाएं। मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का माल्यार्पण कर व बुके देकर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता घर घर जाकर राज्य सरकार की जनहित की योजनाओं से लोगों को अवगत कराएं और जेपी भाई पटेल के पक्ष में मतदान करने की अपील करें । बैठक में राजकुमार महतो, भुनेश्वर प्रसाद उर्फ भुन्नू महतो, दिलीप शर्मा, सुशील कुमार, रामकिशुर गिरी, नरेश हांसदा सहित अन्य लोग शामिल थे।

# प्रखंड मुख्यालय के दुर्गा मंदिर परिसर में मनाया गया रामजन्मोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित दुर्गा मन्दिर परिसर में विश्व हिन्दू परिषद् प्रखंड बोलबा के तत्वधान में नव वर्ष एवं भगवान रामजन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप प्रखंड अध्यक्ष टकबर सिंह ने किया ।जिसमें जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंह देव के अगुवाई में भगवान श्रीराम के तस्वीर पर पूजा अर्चना कर की गई । इसके साथ उपस्थित सदस्यों ने भगवान राम के जीवन लीला पर अपने अपने वक्तव्य पर प्रकाश डालते हुए अपने आप में आत्मसात करने का प्रण लिया । रामराज्य की कल्पना को अपने घर और गांव में लाने का संकल्प लिया। रामोत्सव कार्यक्रम सभी पंचायत एंव ग्राम स्तर तक मनाने का निर्णय लिया गया, जो नव वर्ष प्रतिपदा से हनुमान जयन्ती तक मनाया जायेगा। इसी के साथ सभी पंचायत तक हनुमान जन्मोत्सव, डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कौशल राज सिंहदेव ने सबको नववर्ष और रामोत्सव की शुभकामनायें दी और सबको प्रान्त द्वारा निर्देशित कार्यक्रम को मानते हुए सबको ग्राम स्तर तक और ग्राम के अंतिम सनातनी व्यक्ति को संगठन से जोड़ने की बात कही. उन्होंने धर्म संस्कृति को बचाकर रखने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए ज्यादा से ज्यादा समय निकालकर सुदूर क्षेत्र में पहुंचने की बात कही और संगठन को विस्तार देने को निर्देशित किया।

त्योहार को लेकर थाने में शांति समिति की हुई बैठक

# सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाले गानों व शराब बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** रामनवमी पूजा, ईद और सरहुल त्योहार को लेकर कोलेबिरा थाना में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए पंचायत प्रतिनिधियों और सभी समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राजदीप कुमार ने की। इस बैठक में जिप अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग, कोलेबिरा प्रमुख दुतामि हेमरोम, उप प्रमुख सुनीता देवी, अंचलाधिकारी अनूप कच्छप, प्रखंड विकास पदाधिकारी बीरेंद्र किंडो मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में पूजा के दौरान शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने, दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखने, निर्धारित रूट पर अखाड़ा जुलूस निकालने, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने और स्थानीय लोगों का सहयोग लेने, हुड़दंगियों पर नजर रखने आदि पर विमर्श किया गया। अध्यक्षता कर रहे थाना प्रभारी राजदीप कुमार ने पूजा के दौरान निर्धारित डेसिबल पर ध्वनि विस्तारक यंत्र को बजाने का निर्देश देते हुए कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले गानों और शराब बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। बैठक में आए लोगों से पूजा के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर नजर रखने और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी बीरेंद्र किंडो ने कहा कि अभी इस पर्व के अलावे और एक चुनावी महापर्व भी है जिसे ले कर आदर्श आचार संहिता का भी पालन करेंगे और किसी भी प्रकार का राजनैतिक पार्टियों का भाषण या माइक से अनाउसमेंट नहीं करेंगें।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में केजी के छात्रों ने मनाई ईद

**झुमरीतिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के किंडरगार्टन केजी के छात्रों ने ईद पर्व एकता और खुशियों का रंग भरने, सांस्कृतिक समझ और समानता को बढ़ावा देने वाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में आयोजित ईद पर्व में संस्कृतिक विविधता और एकता के महत्व को दशार्या गया। पारंपरिक पोशाक में केजी के छात्रों ने ईद की महत्ता को उजागर करने वाले विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। शिक्षिका प्रियंका सिंह, सपना शर्मा, दीक्षा सिंह, मरियम आदि ने ईद के उद्देश्य को दिखाने वाली खूबसूरत कलाकृति बनाने से लेकर एकता और दया के मूल्यों को बढ़ावा देने वाले कहानी को बच्चों को समझाया। बच्चों ने एक-दूसरे को ईदी मिठाइयां खिलाई। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने छात्रों के उत्साह और भाईचारे को देखकर अपनी खुशी व्यक्त की। इस दौरान सांस्कृतिक विविधता और समझ के संरक्षण का संकल्प दिखाया। मौके पर बच्चों में रणवीर, सौम्या, मो. अनस, मो. आरहम समेत अन्य बच्चे मौजूद थे।

## एक नजर

### दो जुलाई तक धनबाद होकर चलेगी रक्सौल-हैदराबाद स्पेशल ट्रेन

**धनबाद।** गर्मी के दिनों में ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने ट्रेन की तिथियों में विस्तार किया है। गाड़ी संख्या 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन रक्सौल से अब 2 जुलाई तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को और गाड़ी संख्या 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल हैदराबाद से 29 जून तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को चलेगी। यह ट्रेन धनबाद होकर चलेगी। ट्रेन में फर्स्ट एसी का एक, सेकेंड एसी के 2, थर्ड एसी के 6, स्लीपर के 10, जेनरल क्लास के 2 और एसएलआर के 2 कोच सहित कुल 23 कोच होंगे।

### बेरमो में बन रही सड़क पीछे से उखड़ने लगी है

**बोकारो।** बेरमो प्रखंड में विकास कार्य में गड़बड़ी की बानगी देखनी है तो जारंगडीह चले जाइए। बेरमो विधायक की अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से जारंगडीह मोड़ से सीसीएल कॉलोनी होते हुए दामोदर नदी तक सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। आगे-आगे सड़क बन रही है और पीछे से परत उखड़ने भी लगी है। सड़क पर दरारें भ्रष्टाचार की कहानी कह रही हैं। देखकर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि किस तरह से गुणवत्ता को ताक पर रखकर ठेकेदार ने निर्माण कार्य कराया है।

सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितता और गुणवत्ता के अनुरूप काम होता नहीं देख ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विभाग से की थी. ग्रामीण प्रदीप कुमार ने विभाग से निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग भी की थी, लेकिन विभाग ने इस पर ध्यान नहीं दिया. इसी का नतीजा है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही सड़क टूटने लगी।

### वासेपुर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लोगों ने भागकर बचाई जान

**धनबाद।** धनबाद के वासेपुर मटकुरिया रेलवे कॉलोनी निवासी मो। इकबाल के घर में बुधवार की शाम अचानक आग लग गई। आनन-फानन में परिवार के लोगों ने घर से भागकर अपनी जान बचाई। तत्काल मामले की खबर अग्निशमन विभाग को दी गई। मौके पर दो दमकल गाड़ियां पहुंचीं और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गृहस्वामी इकबाल ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

# लोकसभा चुनाव : गिरिडीह सीट को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की चुनाव प्रबंधन समिति की हुई बैठक




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा लोकसभा स्तरीय बैठक आरडी सभागार गांधी चौक गिरिडीह आयोजन किया गया।जिसमे गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 6 विधानसभा से गिरिडीह बाघमारा, गोमिया, बेरमो, टुंडी, डुमरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा महिला मोर्चा के चुनाव प्रबंधन समिति के विधानसभा संयोजक, सह संयोजक, मंडल अध्यक्ष एवम चुनाव प्रबंधन समिति प्रभारी उपस्थित रही। जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा के ज़िला अध्यक्ष संगीता सेठ की जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह संगीता सेठ की अध्यक्षता में संपन्न हुई,इस कार्यक्रम की शुरूवात वंदे मातरम गीत एवम महापुरुषों पर पुष्पांजलि के साथ भारत माता की जय वंदे मातरम की नारे के साथ हुई।

## मोतिलेदा में अवैध रूप से संचालित आरा मिल के विरुद्ध की गई कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बेंगाबाद में वन विभाग की टीम ने बुधवार को थाना क्षेत्र के मोतिलेदा में अवैध रूप से संचालित आरा मिल के विरुद्ध कार्रवाई की है। कार्रवाई का नेतृत्व खुरचुटा वन प्रक्षेत्र के रेंजर सुरेश रजक कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान मोतिलेदा में अवैध रूप से संचालित रविन्द्र राणा के आरा मिल से लगभग एक लाख मूल्य की लकड़ियां जब्त की गई। वहीं जेसीबी के माध्यम से आरा मिल को उखाड़ कर जब्त कर रेंज कार्यालय लाया गया। बताया गया कि अवैध रूप से आरा मिल के संचालित किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम गठित कर कार्रवाई की गई है। इस सम्बंध में वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आरा मिल एवं लकड़ियों को जब्त किया गया है। संचालक के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को ले शांति समिति की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बिरनी थाना परिसर में बुधवार को ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सरिया पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन और संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार ने किया।इस बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख रामु बैठा, उप प्रमुख शेखर सुमन, बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार,भरकट्टा ओपी आकाश भारद्वाज,जीप सदस्य प्रतिनिधि सीताराम पासवान, मुखिया सहदेव यादव, सुखदेव साव,मुखिया प्रतिनिधि ईश्वर मडंल,इम्तियाज अली, मुखिया अभय राय, सुनील वर्मा,आशिक अन्सारी समेत सैकड़ों लोगों मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर गावां की बादीडीह पंचायत में भाजपा ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गावां प्रखंड स्थित बादीडीह पंचायत में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान मुख्य रुप से पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह उपस्थित थे। बैठक में बादीडीह, पटना व सांख पंचायत के भाजपा कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक में तीनों पंचायतों के लिए बूथ संयोजक व टोली का गठन करते हुए वहां के संगठनात्मक स्थिति पर विचार विमर्श किया गया। वहीं चुनाव के दौरान उनके कार्यों व दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मौके पर विचार व्यक्त करते हुए पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में भाजपा का ऐतिहासिक कार्यकाल आम लोगों की जुबां पर है। कार्यकर्ता गांव मोहल्लों में जाकर सभी को मतदान के लिए प्रेरित करें। अपने बूथों पर अधिक से अधिक लोग मतदान करने पहुंचे, इसपर विशेष नजर रखने की आवश्यकता है। भाजपा के 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ता की सक्रियता अत्यंत आवश्यक है। कार्यकर्ता तन मन से चुनाव की तैयारी में जुट जायें।

## वायु प्रदूषण से गोविंदपुर की जनता बेहाल लोस चुनाव बाद आंदोलन की तैयारी



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** छोटा गोविंदपुर एवं आसपास के लोग वायु एवं जल प्रदूषण से बेहाल हैं. इसकी वजह स्थानीय टाटा पावर की चिमनियों से निकलने वाला डस्ट और फ्लाई ऐश बताया जाता है. इस वजह से गोविंदपुर एवं आसपास के क्षेत्र में वायु एवं जल प्रदूषण हो रहा है. स्थानीय जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने बताया है कि इन दिनों कंपनी की चिमनियों से अचानक ज्यादा डस्ट निकलने लगा है.

बीती शाम 6 से लेकर 8 बजे तक बहुत ज्यादा डस्ट निकलता रहा. इस वजह से आसपास के लोगों को सांस लेने में भी तकलीफ होने लगी थी.

## बमकांड में पुलिस को नहीं मिली अपराधियों की सुराग

**आदित्यपुर।** गम्हरिया में मंगलवार की रात बोतल बमकांड में अपराधियों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। आदित्यपुर पुलिस ने अज्ञात अपराधियों पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह ने बताया कि अब बमकांड में घायल अजय प्रताप की हालत सामान्य है और उसे अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। पुलिस ने बाबू दास और अजय प्रताप से पूछताछ भी की है। उनसे यह जानने का प्रयास किया कि आखिरकार उन पर हमले की क्या वजह हो सकती है, लेकिन पुलिस को दोनों ने कुछ खास जानकारी नहीं दी है।

## रेड क्रॉस भवन में नववर्ष पर दीप यज्ञ कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** विक्रम संवत 2081 चैत्र प्रतिपदा नव वर्ष के उपलक्ष में एवं रेड क्रॉसभवन नियमित योग क्लास के 2 वर्ष पूर्ण होने पर, रेड क्रॉस भवन गिरिडीह में नव वर्ष बड़ी ही धूमधाम से दीप यज्ञ का कार्यक्रम करके मनाया गया। कार्यक्रम योग शिक्षिका पुष्पा शक्ति, योग शिक्षिका सपना राय, योग शिक्षिका रेखा सिन्हा के संयुक्त तत्वावधानमें किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकगण शामिल हुई। दीप यज्ञ गायत्री परिवार की पुष्पा शक्ति के द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में सहयोग जोशी कुमारी, ममता सिंह, जुम्मा चौधरी, ममता कंधवे रीना सिन्हा आदि ने किया। सभी के स्वास्थ्य संवर्धन वह लोक कल्याण नाथ हेतु गायत्री मंत्र व महा मृतुन्जय मंत्र के माध्यम देवशक्तियों को आहुतियां दी गई ।

## सड़क किनारे मकान में घुसा बेकाबू ट्रक, चार घायल



**चांडिल।** टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चौका थाना क्षेत्र के झाबरी गांव के पास बुधवार की सुबह एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे स्थित घर में घुस गया. तेज रफ्तार ट्रक चारदीवारी को तोड़ते हुए नरेश कुमार महतो के मकान में घुस गया. इस दुर्घटना में ट्रक चालक, खलासी और नरेश कुमार महतो की मां झुनी महतो व भगिनी भाग्यवती महतो को चोट लगी है. बताया जा रहा है कि जिस समय दुर्घटना घटी, उस समय नरेश कुमार महतो की भगिनी घर के अंदर झाड़ू लगा रही थी.वहीं उसकी मां आंगन में बैठी है. दुर्घटना में मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है. जानकारी के अनुसार रांची की ओर से चावल लदा ट्रक तेज गति से आ रहा था. इस दौरान चालक को अचानक झपकी आई. इसके बाद अनियंत्रित होकर ट्रक चारदीवारी को तोड़कर मकान के अंदर घुस गया।

## तिसरी में शांति समिति की बैठक में ईद, सरहुल और रामनवमी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** तिसरी थाना परिसर में बुधवार को ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ मनीष कुमार ने किया। जबकि मुख्य रूप से इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो,थाना प्रभारी संजय नायक समेत कई जनप्रतिनिधि व शांति समिति के सदस्य मौजूद थे। बैठक के माध्यम से आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। साथ ही ईद को लेकर मस्जिदों की संख्या का पंचायतवार ब्योरा लिया गया। वहीं रामनवमी पर निकलने वाले जुलुस और अखाड़े की भी जानकारी ली गई। मौके पर बीडीओ मनीष कुमार और इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो ने संयुक्त रूप से कहा कि आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। कोई भी सूचना मिले तो तुरंत ही प्रशासन से सम्पर्क करें ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे ।

## 80 किलो जावा महुआ और 60 लीटर महुआ शराब को किया नष्ट

**भरकट्टा।** भरकट्टा ओपी गिरीडीह बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के बलगो के जंगल में बुधवार को भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज ने 80 किलो जावा महुआ और 60 लीटर महुआ शराब को नष्ट किया।भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज ने जानकारी देते हुए कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### कोऑपरेटिव कॉलेज के शिक्षक व छात्रों ने रैली निकाल किया मतदाताओं को जागरूक




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के निर्वाचन साक्षरता क्लब की ओर से बुधवार को मतदान जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली को कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह ने झंडा दिखाकर रवाना किया। रैली में कॉलेज के 300 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए और लोगों को वोट का महत्व समझाया। रैली का आयोजन ईएलसी नोडल ऑफिसर डॉ अशोक कुमार रवानी, ईएलसी को-ऑर्डिनेटर डॉ स्वाति सोरेन एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ अंतरा कुमारी के मार्गदर्शन में किया गया.रैली के आयोजन में डॉ संजय यादव, डॉ मंगला श्रीवास्तव, डॉ दुर्गा तमसोई, डॉ शालिनी शर्मा, डॉ किरण दुबे, डॉ भूषण कुमार सिंह, डॉ प्रभात कुमार सिंह, डॉ कृष्णा प्रसाद, डॉ बीडी सिन्हा, स्वरूप कुमार मिश्रा, भीम कुमार राम, अमित जाना, गणेश चंद्र महतो, राजीव दुबे, सुभाष महतो, अरुण महतो, मधसरा बानो, इशरत रसूल, प्रीति कुमारी, चंदन कुमार, संजय यादव समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं तथा ईएलसी एंबेसडर राकेश, रितम, रीका के अलावा श्वेता, जगजीत, सूरज, शिवम, गीतिका, बिकास, रमेश, मुकेश, दीपक, निर्जला? समेत अन्य वोलेंटियर की सराहनीय भूमिका रही।

### सोशल मीडिया पर रहेगी विशेष नजर : एसडीओ



**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल कार्यालय में मंगलवार को रामनवमी, सरहुल और ईद को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष रामनवमी और सरहुल का जुलूस और ईद लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता के दौरान मनाया जाएगा, इसलिए झंडा विसर्जन जुलूस, सरहुल और ईद के अवसर पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने लोगों से रामनवमी, सरहुल और ईद का पर्व पर्व शांति पूर्वक आपसी भाईचारे और सहयोग से मनाने की अपील किया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि त्योहार के अवसर पर आयोजित सभी कार्यक्रम का विडियोग्राफी कराया जाएगा। जुलूस में डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। शांति समिति की बैठक में एसडीओ ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू है। ऐसे में त्योहार को धार्मिक रूप में ही मनाएं, उसे राजनीति का रूप नहीं दे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने से बचें और अफवाहों पर ध्यान ना दें। किसी प्रकार की जानकारी या सूचना मिलने पर उसे तत्काल पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों तक पहुंचाएं।

### हीट स्ट्रोक यूनिट स्थापित करने के लिए अस्पताल प्रबंधन को दी बधाई

**आदित्यपुर।** अचानक गर्मी बढ़ने से लू लगने की समस्या बढ़ गई है। विभिन्न अस्पतालों में एवम नर्सिंग होम में लू से पीड़ित लोग पहुंच रहे हैं। इस समस्या को देखते हुए अस्पताल एवम सभी नर्सिंग होम को हीट स्ट्रोक यूनिट स्थापित करने का निर्देश दिया है। टीएमएच, टिनप्लेट एवं टाटा मोटर्स अस्पताल में सिविल सर्जन के निर्देश अनुसार मापदंड को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। इसके लिए जमशेदपुर की जनता की ओर से टीएमएच, टिनप्लेट, टाटा मोटर्स अस्पताल को सिटीजन फोरम बधाई देता है और यह उम्मीद करती है यह सुविधा सरकारी अस्पताल और अन्य अस्पतालों में उपलब्ध कराई जाए।

### पंचेत में डीवीसी आवास से 6 लाख की अवैध बीयर जब्त, आरोपी फरार

**धनबाद।** धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दनन के निर्देश पर पुलिस ने पंचेत स्थित डीवीसी के एक आवास में छापेमारी कर करीब 6 लाख रुपये की अवैध बियर जब्त की है। आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पलिस के अनुसार, जब्त बियर लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए इस्तेमाल की जानी था। यह जानकारी निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने बुधवार को मैथन स्थित अपने कार्यालय में दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

# सभी बूथों पर सुविधाएं दुरुस्त करें : आयुक्त

## पेटरवार, कसमार, जरीडीह व चास में बूथों का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** उत्तरी छोटानागपुर की आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा बुधवार को बोकारो पहुंचीं। लोकसभा चुनाव को देखते हुए उन्होंने जिले के कई बूथों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को पानी, बिजली, शौचालय, रैंप सहित अन्य जरूरी सुविधाएं जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने पेटरवार, कसमार, जरीडीह व चास प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्र का दौरा कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही पोलिंग पार्टी व चुनाव कर्मियों के ठहरने आदि की व्यवस्था की जानकारी ली। जहां भी कमियां मिलीं, उन्हें दूर करने का निर्देश दिया। कहा कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराना पहली प्राथमिकता है।

## बच्ची से दुष्कर्म के तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा



**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा पश्चिमी सिंहभूम।** सिविल कोर्ट चाईबासा के अपर सत्र न्यायाधीश ने बच्ची से दुष्कर्म के एक मामले में तीन आरोपितों दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। यह मामला 16 सितंबर 2022 को जिला के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र का है। दोषियों के नाम रामचंद्र तियू, अनूप प्रताप तियू और सुखलाल होनहागा है। मामले के अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया था। साथ ही इस केस से जुड़े सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए कोर्ट में आरोप पत्र समर्पित किया था। जिसके आधार पर तीनों को सजा सुनाई गई।

# त्यौहार उमंग और उत्साह लाता है, मिलजुल कर मनाएं : दुबे

## ईद, सरहुल व रामनवमी पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** ईद, सरहुल एवं रामनवमी पूजा को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर बुधवार को सरिया थाना परिषर में शांति समिति का बैठक सम्पन्न हुआ ! बैठक की अध्यक्षता एसडीओ विपिन कुमार दुबे ने की जबकि संचालन थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने किया ! इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व शांति समिति के सदस्य के अलावे रामनवमी अखाड़ा से सम्बंधित लोग उपस्थित रहे ! सबसे पहले लोगों को चुनाव आचार संहिता की जानकारी दी और त्योहारों को हमेशा की भांति शांति व आपसी सौहार्द के बीच मनाने की अपील की गयी ! वहीं लोगों ने विशेषकर रामनवमी जुलूस के दौरान होने वाले समस्याओं से प्रशाशन को अवगत कराया ! अधिकारियों ने भी पहल करने का आश्वाशन दिया साथ ही साथ ये निर्देश भी दिए कि त्यौहारों में भंग डालने वाले शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी, सोशल मीडिया में भी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले संदेशों को शेयर करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गिरिडीह कांग्रेस कार्यालय पहुंचे कोडरमा के इंडी गठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** लोस चुनाव की रणनीति बनाने में हर दल जुटे हुए है। बुधवार को ही गिरिडीह कांग्रेस कार्यालय में कोडरमा के इंडि गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में बैठक हुआ। कांग्रेस के 5 न्याय और घर-घर 25 गारंटी अभियान का भी शुरूआत किया गया। इस दौरान बैठक में पार्टी के अध्यक्ष धनजंय सिंह के साथ कोडरमा प्रत्याशी सह माले विधायक विनोद सिंह, माले नेता राजेश यादव, राजेश सिन्हा, कांग्रेस नेता नरेश वर्मा, अशोक विश्वकर्मा, उपेन्द्र सिंह, सीताराम पासवान, महमूदअली खान लड्डू, कृष्णा सिंह, निरंजन तिवारी, राजू तूरी भी शामिल हुए।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
जल पथ प्रमंडल सं०-2 हजारीबाग
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 01/2024–2025

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चौपारण प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय दैहर में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 2 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरकट्ठा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 3 | ईचाक प्रखंड अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, दरिया में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 16,85,850.00 | 33,800.00 | 5,000.00 | 20 Days |
| 4 | ईचाक प्रखंड अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, डुमरौन में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 5 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, बरकट्ठा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 7 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत नव प्राथमिक विद्यालय, भायाडीह में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 8 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत नव प्राथमिक विद्यालय, शांति नगर, गैड़ा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 8 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पिलाडीह में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |
| 9 | बरकट्ठा प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय खरियो में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,44,172.00 | 16,900.00 | 1,250.00 | 20 Days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 18.04.2024 को पूर्वाह्ण 11:00 से अपराह्न 1:00 बजे तक।
2. निविदा प्राप्ति की स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 19.04.2024 पूर्वाह्ण 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की स्थान तिथि एवं समय : दिनांक 19.04.2024 को अपराह्ण 3:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0– : कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। 7903709450
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है ।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग

PR 323726 Water Resource(24-25).D

**केवल प्रसन्नता ही एकमात्र इत्र है जिसे आप दूसरों पर छिड़कें तो उसकी कुछ बूंदें अवश्य ही आप पर भी पड़ती हैं : महात्मा गांधी**



# कड़े कानून के बाद भी रुका नहीं अंग प्रत्यारोपण

***पिछले*** सप्ताह झारखंड के रांची के ग्रामीण क्षेत्र मांडर के एक व्यक्ति का नाम जयपुर और गुरुग्राम के कथित अंतरराष्ट्रीय किडनी घोटाले में आया जिसमें 100 से अधिक किडनी का प्रत्यारोपण किया गया था । इस विषय पर कड़े कानून बने हुए हैं पर रोक नहीं लग पा रही । दुनिया का पहला सफल मानव अंग (किडनी) प्रत्यारोपण 70 साल पहले हुआ था। आज चिकित्सा विज्ञान की प्रगति के कारण एक व्यक्ति से करीब 37 अंगों और ऊतकों को निकालकर दूसरे मनुष्य में प्रत्यारोपित किया जा सकता है। भारत में पहला सफल मानव किडनी प्रत्यारोपण दिसंबर, 1971 में क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर में किया गया था। सबसे पहले किडनी का ही प्रत्यारोपण हुआ था और आज भी सबसे ज्यादा इसी का प्रत्यारोपण होता है। इसके बाद यकृत और हृदय का स्थान है। हालांकि, जरूरत से काफी कम अंग प्रत्यारोपण होते हैं। अंग प्रत्यारोपण चिकित्सा क्षेत्र की उन्नति का प्रमाण है। दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में भारत में अंग प्रत्यारोपण विदेशियों के लिए अपेक्षाकृत सस्ता है। दक्षिण एशिया, मध्य एशिया और अफ्रीका के कई देश प्रत्यारोपण सुविधा विकसित करने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए भारत में इलाज कराने के साथ अंग प्रत्यारोपण के लिए बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। चिकित्सा पर्यटन एवं अंग प्रत्यारोपण का दूसरा पहलू अंग व्यापार का समृद्ध कारोबार है। एक ओर जहां जीवन बचाने के लिए परोपकारी अंग दाताओं के सामने आने की खबरें आती हैं, वहीं दूसरी ओर गरीब लोगों से अंग खरीदने की बातें भी सामने आती हैं। 1980 और 1990 के दशक के मध्य में ज्यादातर देशों ने अंग प्रत्यारोपण के लिए कानूनी ढांचा तैयार कर लिया। भारत सहित ज्यादातर देशों में इसे गैर-कानूनी बनाया गया है। पैसे लेकर अंगदान करने को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैर-कानूनी माने जाने के बावजूद अवैध अंग व्यापार जारी है। नेपाल, भूटान, इंडोनेशिया और भारत सहित दक्षिण एशिया के कई देशों में अवैध किडनी बिक्री का लंबा इतिहास है। पीड़ितों को अक्सर विदेश में उच्च वेतन के वादे कर काम का लालच दिया जाता है, जिसके बाद वे खुद को कर्ज में फंसा पाते और अंग बेचने के लिए मजबूर हो जाते हैं। अंग तस्करी के मुद्दे से निपटने और अंगों के उचित आवंटन को सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने मानव अंगों और ऊतकों का प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 बनाया। यह कानून चिकित्सीय उद्देश्यों के लिए मानव अंगों और ऊतकों को हटाने, भंडारण और प्रत्यारोपण को नियंत्रित करता है और उनके व्यावसायिक लेन-देन पर भी रोक लगाता है। इस अधिनियम की धारा 19 के अनुसार, वाणिज्यिक लेन-देन में शामिल कोई भी व्यक्ति यदि-अंगों के लिए पैसे देने या पैसे के लिए अंगों की आपूर्ति करने की पेशकश करता है, इसके लिए पहल/ बातचीत/ विज्ञापन करता है, अंगों की आपूर्ति करने वाले व्यक्ति की तलाश करता, और झूठे दस्तावेज तैयार करने में सहयोग करता है, तो उसे 10 साल तक की जेल और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। हालांकि, इसमें चुनौतियां हैं। जब अंगदाता और प्राप्तकर्ता की जोड़ी देशों की सीमा पार करती है, तो सबसे बड़ी चुनौती उनके बीच संबंध स्थापित करने और भुगतान तथा स्वैच्छिक दान में अंतर करने में आती है। दूतावासों से अपेक्षा की जाती है कि वे जबर्दस्ती और भुगतान से इन्कार का प्रमाणपत्र जारी करें, लेकिन अनुभव बताते हैं कि वे हमेशा उचित प्रक्रिया का पालन नहीं करते। भारत में इसकी जांच की अगली जिम्मेदारी अस्पतालों की विशेष समितियों पर होती हैं, जिनके पास इस प्रकार के संदेहास्पद प्रत्यारोपण को रद्द करने का अधिकार है। जब भारत में किडनी की मांग बढ़ती है, तो गरीब व्यक्ति या पड़ोसी देश तस्करों के लिए शिकारगाह बन जाता है। अंग तस्करी की अंतरराष्ट्रीय प्रकृति अभियोजन को चुनौतीपूर्ण बनाती है, अपर्याप्त कानून प्रवर्तन के कारण कानूनी दान और अवैध बिक्री के बीच बारीक अंतर को स्पष्ट करना और भी जटिल हो जाता है। दूसरी चुनौती राष्ट्रीय स्तर पर है। इससे संबंधित कानून को पूरे भारत में समान रूप से लागू नहीं किया गया है, क्योंकि स्वास्थ्य राज्य सूची का विषय है। इससे देश में अवैध अंग व्यापार के लिए गुंजाइश पैदा होती है। पूरे भारत में एक समान कानून की आवश्यकता है, जिसे संसद द्वारा संविधान के अनुच्छेद 249 और 252 को लागू करके किया जा सकता है। तो क्या किया जाना चाहिए? अधिकांश विदेशी मरीजों की भर्ती एजेंटों के माध्यम से होती है, जो यात्रा और कागजी कार्रवाई पूरा करते हैं। संबंधित देशों के कानूनों से सामंजस्य बनाने की पहल होनी चाहिए, ताकि एक देश के अपराधी पर दूसरे देश में मुकदमा चलाया जा सके। चिकित्सा पेशे से जुड़े लोग और डॉक्टरों को भी इस तरह के अवैध कारोबार को रोकने के लिए ईमानदारी और प्रतिबद्धता दिखानी होगी। अंग और ऊतक प्रत्यारोपण एक नेक कार्य है और सबको इसका दुरुपयोग रोकने के लिए सहयोग करना चाहिए।

नवरात्र

# आदिशक्ति की आराधना और भारतीय समाज



योगेश कु. गोयल

***भारतीय*** समाज में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरूआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 09 अप्रैल से हो चुकी है, जिसका समापन रामनवमी के दिन 17 अप्रैल को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के प्रथम स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है।



**नवरात्र के प्रथम स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है।**

यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है। चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुईं अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्ज्वल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है। मां दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय आठ वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्ज्वल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। नौवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैंद्ध)**


## आपकी बात

### 'लोकसभा चुनाव 2024'



डॉ. रीना रवि मालपानी

हो गई 18 वीं लोकसभा गठन 2024 की तैयारी। देशहित में मतदान करने की है अब जिम्मेदारी॥ कार्यों के सही विश्लेषण की है अब निर्णायक भूमिका। देश के विकास को दृष्टिगत रख करेंगे



समीक्षा॥ भ्रामक जानकारी का नहीं करें कोई प्रचार-प्रसार। आचार-संहिता के नियमों के अनुरूप हो व्यवहार॥
मतदान के अधिकार का करेंगे सही उपयोग।
भारत में उत्तरोत्तर उन्नति का करना है निरंतर योग॥ संकीर्ण विचारधारा से ऊपर हो राष्ट्रहित सर्वोपरि।
प्रत्येक क्षेत्र में जोड़ना है हमें नवीन आयामों की कड़ी॥
भारत की एकता और अखंडता को रखना है संरक्षित। तुच्छ मानसिकता से नहीं होना है प्रभावित॥
नवीन विचारधारा एवं सोच को करना है सम्मिलित। उन्नयन के नवीन पुष्प करने है देश में पल्लवित॥
हमारा मतदान करेगा देश के विकास की दिशा निर्धारित। शत-प्रतिशत मतदान से होगा सभी का हित सुरक्षित॥
लोकसभा चुनाव के परिणाम पर रहेगी सभी देशों की नजर।
डॉ. रीना कहती, मताधिकार के उपयोग में नहीं छोड़ेंगे कोई कसर॥

**(कवयित्री एवं लेखिका)**

राजनीति

# यह इंडियन कांग्रेस है या इस्लामिक कांग्रेस?



मृत्युंजय दीक्षित

***लोकसभा*** चुनाव की अन्य तैयारियों में कांग्रेस भले ही पिछड़ गई हो किंतु 48 पृष्ठों, 10 न्याय, 25 गारंटी के बड़े वादों के साथ उसने अपना चुनावी घोषणापत्र लगभग समय से जारी कर दिया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा जारी इस घोषणापत्र ने कांग्रेस को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया है। विपक्ष के रूप में कांग्रेस का दस वर्ष का कार्यकाल सनातन विरोधी रहा और घोषणापत्र ने पार्टी के सनातन विरोधी होने पर अंतिम मुहर लगा दी। वर्तमान कांग्रेस के नेता मोहब्बत की दुकान खोलते हैं वस्तुतः भगवान राम व सनातन हिंदू समाज के प्रति नफरत से भरे हुए हैं। अदालत में भगवान राम को काल्पनिक कहने वाली पार्टी ने स्वाभाविक रूप से अयोध्या में दिव्य भव्य एवं नव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया और लगातार या तो स्वयं सनातन विरोधी बयानबाजी की या सनातन विरोधियों को मंच और समर्थन दिया। मोहब्बत के नाम पर सनातन के विरुद्ध नफरत का कारोबार करने वाली कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम दिया है। कांग्रेस ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से लगभग 55 साल तक अकेले शासन किया और वह भी लगभग एक ही परिवार के नेतृत्व में पहले नेहरू फिर इंदिरा। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजी सहानुभूति के बल पर राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री बने। 2004 से 2014 की कांग्रेस सरकार भी परोक्ष रूप से गांधी परिवार के हाथ में ही थी किंतु यह लोग न तो देश का विकास कर पाए और न ही किसी के साथ न्याय कर पाने में सफल हुए। कांग्रेस का गरीबी हटाओ का नारा एक बहुत बड़ा धोखा साबित हुआ और उसकी आड़ में बड़े- बड़े घोटाले होते गए। बीच में आए वी.पी. सिंह, देवगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल सरीखे नेता भी कांग्रेस के गर्भ से ही निकले हुए और उसी परिपाटी पर चले। आज जब देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक सशक्त नेतृत्व मिला है जिनके कार्यकाल में भारत सशक्त हो रहा है और पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है कांग्रेस निराशा, हताशा व कुंठा से ग्रस्त न्याय पत्र लेकर आई है।


**कांग्रेस ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 55 साल तक शासन किया। पहले नेहरू फिर इंदिरा। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजी सहानुभूति के बल पर राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री बने।**

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# क्यों बार-बार अदालतों से फटकार खाती है ममता सरकार



योगेन्द्र योगी

***देश*** में पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य बन गया है जहां बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर अदालतों की सर्वाधिक फटकार और निर्देशों का सामना करना पडा है। अराजकता की ऐसी हालत एक दशक पहले तक कभी उत्तर प्रदेश और बिहार की हुआ करती थी। पश्चिम बंगाल में एक प्रदर्शन के दौरान सत्तारुढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के साथ जब बदसलूकी करी थी। इस पर ममता ने कम्युनिस्ट सरकार को उखाड़ फेकने की शपथ ली थी। ममता ने हिंसा और अराजकता से गुजर रहे बंगाल को कम्युनिस्टों से मुक्ति दिलाई। कम्युनिस्टों के खिलाफ जिस आंदोलन से ममता ने सत्ता की सीढियां चढ़ी अब अपने विरोधियों को परास्त करने के लिए ममता ने वही रास्ता अपना लिया है। संदेशखाली की घटना के बाद हाईकोर्ट ने जिस तरह की टिप्पणी ममता सरकार के खिलाफ की है, उससे जाहिर है कि पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था रसातल में जा रही है। ममता की पार्टी तृणमूल का एकमात्र उद्देश्य रह गया है अपने विरोधियों की आवाज बंद करना, इसके लिए चाहे गैरकानूनी तरीकों का इस्तेमाल ही क्यों न करना पड़ा। संदेशखाली मामले को लेकर आज कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी टीएमसी को भी बेहद तल्ख लहजे में फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि अगर संदेशखाली मामले में एक प्रतिशत भी सच है तो प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसकी जिम्मेदार है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। अदालत ने कहा कि हर नागरिक की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा कि संदेशखाली मामले में जिला प्रशासन और पश्चिम बंगाल सरकार को खुद से नैतिक जिम्मेदारी लेना चाहिए। इतना ही नहीं कोर्ट ने कहा कि अगर इस मामले में एक प्रतिशत भी सच्चाई है तो यह शर्मनाक है और पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 प्रतिशत जिम्मेदार हैं। कूच बिहार में संदेशखाली के जरिए पीएम मोदी का ममता पर कड़ा प्रहार, कहा- दोषी जिंदगी जेल में काटेंगे। कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानम ने तल्ख लहजे में कहा कि अगर इसका एक भी एफिडेविट सही है तो यह शर्मनाक है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर आप एससी-एसटीनेशनल कमीशन की रिपोर्ट देखेंगे तो उसमें अगर एक फीसदी भी सच है तो ये 100 फीसदी शर्मनाक है। वहीं इस दौरान एक अन्य जनहित याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए। सुरक्षा कारणों से कोई भी महिला अदालत में गवाही देने नहीं आई। एक अन्य याचिकाकर्ता की वकील प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि उनके पास अनेक महिलाओं ने यौन उत्पीड ? की शिकायत की है। ये लोग कह रहे हैं कि अगर महिलाओं ने बयान दिया तो उनके पति-बच्चों का सिर काटकर फुटबाल खेलेंगे।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

# बोधगया : बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल

इस समय के आस पास। हाल तक शैव महंत (मठ के प्रमुख) ने महाबोधि मंदिर के ठीक सामने एक छोटी सी इमारत में निवास किया और हिंदू देवताओं के रूपों के रूप में वहां स्थापित बौद्ध देवताओं की छवियों की पूजा की। 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरूआत में बोधगया में रिश्ते तनावपूर्ण हो गए और विशेष रूप से महाबोधि मंदिर के स्वामित्व और अधिकार पर विवाद हो गया। शुरूआत में 'बौद्धों के लिए बोधगया को पुनः प्राप्त करने' के लिए श्रीलंका में जन्मे बौद्ध पुनरुत्थानवादी अनागारिका धर्मपाल ने 1891 में कोलंबो, श्रीलंका में महा बोधि सोसाइटी की स्थापना की। महा बोधि सोसाइटी ने महाबोधि में शैव हिंदू अधिकार को पलटने के लिए अभियान चलाया। पहले ब्रिटिश औपनिवेशिक अधिकारियों और फिर 1947 के बाद स्वतंत्र भारत गणराज्य में अपील करके जटिल। एक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद, महाबोधि मंदिर परिसर के स्वामित्व का प्रश्न 1949 में आंशिक रूप से हल हो गया था जब भारत सरकार ने स्थल का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था। बिहार राज्य और बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति (बीटीएमसी) की स्थापना की, जिसमें हिंदू और बौद्ध दोनों सदस्य शामिल थे। 2002 में बोधगया में महाबोधि मंदिर परिसर को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किए जाने के साथ, इस स्थान की जिम्मेदारी एक बार फिर बदल गई।



(क्रमशः)

टेक वर्ल्ड

# बार-बार अटक रहा है फोन तो व्हाट्सएप से इस सेटिंग को करें चेंज

स्मार्टफोन यूजर्स को बार-बार फोन अटक रहा है, तो इसके पीछे व्हाट्सएप का ऑटो डाउनलोड ऑप्शन भी जिम्मेदार हो सकता है। इस तरह से करें चेंज, चलिए आपको इन स्टेप्स के बारे में बताते हैं। अक्सर फोन इस्तेमाल करते समय फोन हैंग करता है, तो आप इस सेटिंग की मदद से फोन को पहले बेहतर कर सकते हो। मेटा स्वामित्व व्हाट्सएप एक फेमस मैसेजिंग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, जो अक्सर यूजर्स की सुविधाओं का खास ख्याल रखता है। समय-समय पर नए-नए अपडेट लेकर आता है। हालांकि, कई ऐसे लोग हैं, जिनको व्हाट्सएप की कुछ सेटिंग के बारे में जानकारी नहीं होती है। अगर आप अपने व्हाट्सएप की कुछ सेटिंग के बारे में जानकारी नहीं होती है। इन्हीं में से एक है- व्हाट्सएप सेटिंग का ऑटो डाउनलोड ऑप्शन, जिसमें एक बदलाव करके आप अपने हैंग करने वाले फोन को भी मिनटों में ठीक कर सकते हैं।



**व्हाट्सएप की सेटिंग से फोन को इस तरह से ठीक करें**

- सबसे पहले आप व्हाट्सएप फोन में ओपन कर लें।
- इसके बाद सेटिंग ऑप्शन पर जाएं।
- इसके बाद Storage and Data ऑप्शन पर टैप करना।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### अखिलेश यादव 12 अप्रैल को पीलीभीत से करेंगे चुनाव प्रचार का आगाज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव 12 अप्रैल को पीलीभीत से चुनाव प्रचार का आगाज करेंगे। यूपी के पूर्व सीएम विपक्षी दल कांग्रेस के साथ पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र से सपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार शुरू करेंगे। रैली में राहुल गांधी या प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस नेताओं के शामिल होने की संभावना है, जिसमें दोनों पार्टियों के समर्थक एक साथ नजर आएंगे। सीट-बंटवारे समझौते के अनुसार, उत्तर प्रदेश में सपा 62 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि तृणमूल कांग्रेस को एक सीट दी गई है।

### कर्नाटक में भारत माता पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गणेश गिरफ्तार

**बेंगलुरू।** कर्नाटक में भारत माता पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में बुधवार को पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है। शिवाजीनगर पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बाद शख्स विल्फ्रेड को गिरफ्तार किया है। गणेश नामक व्यक्ति ने इस वायरल पोस्ट के बारे में शिवाजीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। फिलहाल, पुलिस आरोपी द्वारा की गई इस हरकत के पीछे की वजह जानने का प्रयास कर रही है। वहीं, पुलिस इस पूरे मामले में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश में जुटी हुई है।


### व्यापार मेले में वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री, सीएम मोहन यादव ने जाहिर की खुशी

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में पहली बार व्यापार मेले का आयोजन किया गया। जहां एक अनोखा और नया रिकॉर्ड कायम हुआ है। व्यापार मेले में अभी तक 23 हजार से ज्यादा वाहनों की बिक्री हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को झूलेलाल जयंती और नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि कल से आज तक पूरा शहर आनंद में डूबा है। उज्जैन में शिवरात्रि से लेकर गुड़ी पड़वा तक व्यापार मेला लगा है, व्यापार मेला में अभी तक के सारे रिकॉर्ड टूट गए।

### कांग्रेस का घोषणापत्र लिखित रूप से दी हुई 'गारंटी' : मोहन प्रकाश

**पटना।** कांग्रेस के महासचिव और बिहार प्रभारी मोहन प्रकाश ने बुधवार को कहा कि पिछले 10 सालों में समाज के हर तबके के साथ जो अन्याय होता रहा है उससे देश को मुक्ति दिलाना कांग्रेस की जिम्मेवारी है। उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को पार्टी की लिखित रूप से दी हुई 'गारंटी' बताया। पटना में बुधवार को एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रकाश ने कहा कि युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय एवं हर न्याय के तहत दी जाने वाली पांच-पांच गारंटी कांग्रेस के मेनिफेस्टो की आत्मा है।


## तमिलनाडु में सड़क दुर्घटना, एक ही परिवार के 6 की मौत



**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के थिरुमंगलम के पास शिवराकोट्टई में एक कार दुर्घटना में दो बच्चों सहित एक ही परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई। उनकी कार एक दोपहिया वाहन से टकराकर पलट गई। यह घटना बुधवार सुबह हुई जिसमें दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें शिवराकोट्टई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान कनागावेल (62), कृष्णकुमार (56), पांडी (35), नागाजोथी (28), शिव आधमिका (8) और शिवा श्री (7) के रूप में हुई है। मृतक एक उत्सव में भाग लेने के बाद तिरुनेलवेली से अपने मूल स्थान मदुरै जा रहे थे।

## केरल में ईद मनी, नेता मिले नमाजियों से






**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल में बुधवार को ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जा रहा है। राज्य भर में कई स्थानों पर मुस्लिमों ने मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की। केरल में मुस्लिम आबादी राज्य की 3.30 करोड़ आबादी का 24 प्रतिशत है, और इस बार गतिविधि अधिक है। केरल में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी, ऐसे में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को ईदगाहों में देखा गया। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के उम्मीदवार शशि थरूर अपने निर्वाचन क्षेत्र में ईदगाह में नमाजियों के साथ बातचीत करते देखे गए।

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को राजधानी शहर के बीमापल्ली में लोकप्रिय मस्जिद में देखा गया। मंगलवार देर शाम चांद दिखने के बाद मौलवियों ने ऐलान किया कि केरल में ईद बुधवार को मनाई जाएगी। केरल में सभी राज्य सरकार, निजी कार्यालय और शैक्षणिक संस्थान ईद-उल-फितर के अवसर पर बंद हैं।

## 26 अप्रैल को दिल्ली में मेयर का चुनाव, 'आप' की अग्नि परीक्षा




**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी को एक बड़ी चुनावी प्रक्रिया से गुजरना होगा। यह चुनाव दिल्ली के मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए है। दोनों पदों पर 26 अप्रैल को चुनाव होगा। बुधवार को इसकी आधिकारिक सूचना जारी कर दी गई। जारी की गई सूचना के मुताबिक चुनाव के लिए 26 अप्रैल को दिल्ली नगर निगम के सदन की बैठक बुलाई गई है। दिल्ली में फिलहाल मेयर और डिप्टी मेयर दोनों ही पद आम आदमी पार्टी के पास हैं। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि आगामी चुनाव में वह इन दोनों पदों पर अपनी जीत बरकरार रख पाती है या नहीं। लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में नगर निगम (एमसीडी) के मेयर का चुनाव होना है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का अभी एमसीडी में गठबंधन नहीं है, लेकिन एमसीडी चुनाव को लेकर माना जा रहा है कि दोनों पार्टियों में लगभग एक राय बन चुकी है।

## एनआईए को फंसाकर ब्लास्ट के आरोपियों को बचाना चाहती हैं ममता बनर्जी : अमित शाह



**एजेंसी। कोलकाता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 2022 के भूपतिनगर विस्फोट मामले के आरोपियों को बचा रही हैं और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों को फंसाने की कोशिश कर रही हैं। बालुरघाट से पार्टी उम्मीदवार और पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के समर्थन में दक्षिण दिनाजपुर जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, वहां एक विस्फोट हुआ था।

क्या ब्लास्ट के आरोपियों पर कार्रवाई जरूरी नहीं? लेकिन जब एनआईए अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू की और उन पर हमला किया गया, तो मुख्यमंत्री केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों पर मामला दर्ज कर जांच अधिकारी को फंसाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि एनआईए अधिकारी कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर मामले की जांच कर रहे हैं, इसलिए वे विस्फोट के पीछे के आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल में पड़ोसी देश से लोगों के आने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री कभी भी अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करेंगी।

## 'आप' का आरोप, जेल से केजरीवाल नहीं भेज पा रहे हैं संदेश




**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी का कहना है कि तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने विधायकों व दिल्ली की जनता के लिए संदेश भेजना चाहते हैं, लेकिन वह ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में कानून व राजनीति के कई विशेषज्ञों का मानना है कि जब मुख्यमंत्री संदेश तक नहीं भेज सकते हैं तो वह नियमित तौर पर जेल से सरकार कैसे चलाएंगे। ऐसे में सरकार और जनहित से जुड़े कार्यों में अवरोध आ सकता है। यही कारण है कि भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग और तेज कर दी है। वहीं आप सांसद संजय सिंह से जब पूछा गया कि मंगलवार को हाई कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय के बाद क्या मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा नहीं दे देना चाहिए, इस पर उन्होंने कई नेताओं व मंत्रियों एवं मुख्यमंत्री के नाम गिनाए और उन पर विभिन्न आरोप लगाए।

## टीडीपी, जन सेना के कई बड़े नेता वाईएसआरसीपी में हुए शामिल

**अमरावती।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) और जन सेना के कुछ प्रमुख नेता बुधवार को आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) में शामिल हो गए। पी. गन्नावरम सीट से जन सेना की पूर्व विधायक पामुला राजेश्वरी देवी, रायचोटी के पूर्व टीडीपी विधायक आर. रमेश कुमार रेड्डी, और पोथिना महेश, जो पहले विजयवाड़ा पश्चिम से जन सेना के निर्वाचन क्षेत्र प्रभारी के रूप में कार्यरत थे, मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी की मेमंथा सिद्धम यात्रा के 12वें दिन पलनाडु जिले के गंटावरिपलेम में उनकी उपस्थिति में औपचारिक रूप से सत्तारूढ़ दल में शामिल हुए।

## दर्जनों राजनीतिक दलों को हेलीकॉप्टर का टोटा ट्विन इंजन का किराया 2-3 लाख रुपये प्रति घंटा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर देशभर में धुंआधार प्रचार अभियान शुरू हो गया है। राजनीतिक पार्टियों ने गांवों और दूरदराज के इलाकों में जाने के लिए उड़न खटोले यानी हेलीकॉप्टर बुक कराने शुरू कर दिए हैं। लेकिन इसमें पैसा भी खूब खर्च हो रहा है। हेलीकॉप्टर किराये में पिछले छह महीनों में 15-20 फीसदी की वृद्धि हुई है। सूत्रों का कहना है कि अधिकांश हेलीकॉप्टर पहले ही बुक हो गए हैं। भाजपा और कांग्रेस जैसे बड़े दल हेलीकॉप्टर का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं। सिंगल-इंजन वाले हेलीकॉप्टर का किराया लगभग 1,500 रुपये प्रति मिनट है, जबकि, दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर का किराया लगभग लगभग 3,000 रुपये प्रति मिनट है। ज्यादातर बुकिंग राजधानी दिल्ली से ही हो रही है।




### ट्विन इंजन वाले हेलीकॉप्टरों की मांग सबसे ज्यादा

इस उद्योग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि भारत के हेलीकॉप्टर उद्योग में प्रमुख प्लेयर्स में पवन हंस, ग्लोबल वेक्ट्रा, हेलिगो चार्टर और हेरिटेज एविएशन शामिल हैं। हेलीकॉप्टर की कमी के कारण कई राजनीतिक दल एक भी हेलीकॉप्टर किराए पर नहीं ले पा रहे हैं। चुनावी मौसम में सबसे ज्यादा मांग ट्विन इंजन वाले हेलीकॉप्टरों की होती है। इनका इस्तेमाल आमतौर पर वीआईपी यात्राओं के लिए किया जाता है। ये सामान्य से काफी अधिक घंटों तक उड़ान भरते हैं, जिससे विमानन सेवाओं के राजस्व में वृद्धि होती है। चेन्नई में प्राइवेट जेट के किराये के रेट 3.4 लाख रुपये से 6.4 लाख रुपये प्रति घंटे तक हैं। सिंगल इंजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए शुरूआती रेट एक लाख रुपये प्रति घंटा तक हैं, जबकि ट्विन इंजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए यह 2 से 3 लाख रुपये प्रति घंटा तक हैं।

### हेलीकॉप्टर के किराए में 15 फीसदी की वृद्धि

भारत में चार्टर फ्लाइट के व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि पर्सनल जेट की मांग बीते एक-डेढ़ साल से एक जैसी बनी हुई है। इस कारण से इनकी कीमतों में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। लेकिन देश में अभी भी कमर्शियल एयरलाइन सेवाएं मजबूत हैं। चुनावी मौसम में बड़े शहरों में जाने के लिए नेता आज भी कमर्शियल उड़ानों का उपयोग करते हैं। इस दौरान उन्हें सफर के दौरान आम लोगों से मिलने-जुलने का भी मौका भी मिल जाता है। पिछले छह माह से हेलीकॉप्टर के किराए में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है। हेलीकॉप्टर के किराए में यह तेजी इसलिए है, क्योंकि इन दिनों में भारत में चार्टर हेलीकॉप्टर की डिमांड पहले के मुकाबले बढ़ी है। देश में ट्विन इंजन वाले हेलीकॉप्टरों की कमी है। इसलिए चुनावी मौसम में हेलीकॉप्टरों की मांग ज्यादा नजर आ रही है। इससे उनके रेट पर प्रीमियम बढ़ गया है।

### भाजपा ने पहले ही बुक कराए थे हेलीकॉप्टर

हेलीकॉप्टर की कमी का मुद्दा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ममता बनर्जी ने अगस्त 2023 में उठाया था, जब उन्होंने चिंता व्यक्त की थी कि भाजपा ने इस साल के लोकसभा चुनावों के लिए पहले से ही सभी उपलब्ध हेलीकॉप्टर रिजर्व कर लिए हैं, जिससे अन्य दलों को किराए पर लेने का कोई मौका नहीं मिला। उन्होंने इसे शक्ति और धन का प्रदर्शन बताते हुए इसकी आलोचना करते हुए कहा था, वे सोचते हैं कि पैसे से कुछ भी खरीदा जा सकता है।

### भारत में करीब 254 चार्टर हेलीकॉप्टर

हेलीकॉप्टर उद्योग के लिए काम करने वाली रोटरी विंग सोसाइटी ऑफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, भारत में वर्तमान में लगभग 254 चार्टर हेलीकॉप्टर हैं। इन 254 हेलीकॉप्टरों में से 190 हेलीकॉप्टर सार्वजनिक क्षेत्र के कार्यों, डिफेंस ऑपरेशन, कॉर्पोरेट वेंचर्स और ऑफशोर मिशनों के लिए आवंटित किए गए हैं। इससे भारतीय चुनावी मौसम के लिए लगभग 60-70 हेलीकॉप्टर ही उपलब्ध रह गए हैं। अधिकांश हेलीकॉप्टर लगभग छह माह पहले ही बुक हो गए हैं। इसलिए अभी हेलीकॉप्टर की कमी हो रही है।

## सपा का घोषणापत्र जारी, जातिगत जनगणना से लेकर एमएसपी का दिया भरोसा




**एजेंसी। लखनऊ**

समाजवादी पार्टी (सपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। सपा ने किसानों को एमएसपी की गारंटी से लेकर जातिगत जनगणना तक वादा किया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी के सोशल मीडिया पेज से सुझाव मांगे गए थे। इन्हीं सुझावों के आधार पर विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया। हमने अपने विजन डॉक्यूमेंट को 'जनता का मांग पत्र - हमारा अधिकार' नाम दिया है। इस विजन डॉक्यूमेंट में मुख्य मांगें हैं- संविधान की रक्षा का अधिकार, लोकतंत्र, मीडिया की स्वतंत्रता का अधिकार और देश के विकास के लिए सामाजिक न्याय का अधिकार आवश्यक है। जाति जनगणना के बिना समावेशी विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सीमाएं असुरक्षित होती जा रही हैं।

## तीन वाहनों से 11.90 लाख कैश बरामद, अब तक 61.26 लाख जब्त



**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस और एफएसटी टीम ने चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को टीम ने जेवर विधानसभा क्षेत्र में डाढा गोल चक्कर पर तीन वाहनों को रोका। वहानों को चेक किया गया। इसमें से कुल 11.90 लाख रुपए जब्त किए गए। तीनों चालक कैश के बारे में जानकारी नहीं दे सके। यह जानकारी आयकर विभाग को दे दी गई है। गौतम बुद्ध नगर की तीनों विधानसभा में अब तक पुलिस ने करीब 61.26 लाख रुपए जब्त किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, चेकिंग के दौरान जिस पहले वाहन को रोका गया।

## बिहार में 'मछली' पर सियासत, भाजपा ने दागे सवाल तो तेजस्वी यादव ने दिया जवाब



**एजेंसी। पटना**

नवरात्रि के पहले दिन राजद नेता तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के मछली खाने का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने के बाद बिहार की राजनीति का तापमान बढ़ गया है। इस वीडियो के सामने आने के बाद भाजपा नेता हमलावर हो गए। भाजपा के हमले का जवाब देते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि वे भाजपा के नेताओं का आईक्यू टेस्ट कर रहे थे। भाजपा नेताओं का आईक्यू टेस्ट लेने के लिए ही हमने यह वीडियो डाला था और हम अपनी सोच में सही भी साबित हुए। पोस्ट में तिथि भी डाला हुआ है, लेकिन बेचारे अंधभक्तों को क्या मालूम? दरअसल, राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार की रात मछली खाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसके बाद भाजपा नेताओं ने नवरात्रि में मछली खाने को लेकर तेजस्वी यादव पर सवाल खड़े किए। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि कुछ लोग सनातन की संतान बनते हैं, लेकिन, उन्हें सनातन के संस्कारों की जानकारी नहीं होती।

## आज का राशिफल

**मेष** — व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**वृषभ** — आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** — आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**कर्क** — व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**सिंह** — खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चलाने में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें।

**कन्या** — मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**तुला** — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**धनु** — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर** — परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कुम्भ** — शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन** — आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

## सीएम योगी का आज जम्मू-कश्मीर दौरा कठुआ में चुनावी रैली को करेंगे संबोधित



**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को जम्मू के कठुआ जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। यह सीएम योगी आदित्यनाथ की केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की पहली यात्रा होगी। जम्मू-कश्मीर भाजपा इकाई ने ज्यादा से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने और रैलियों को एक ऐतिहासिक कार्यक्रम बनाने के लिए मंडल स्तर से लेकर जिला स्तर तक पार्टी नेताओं को जुटाया है। जम्मू-कश्मीर में सभी पांच लोकसभा सीटों के लिए संसदीय चुनाव पांच चरणों में होंगे, प्रत्येक चरण में एक सीट शामिल होगी। कठुआ-उधमपुर लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल, जम्मू-रियासी सीट के लिए 26 अप्रैल, राजौरी-अनंतनाग लोकसभा सीट के लिए 7 मई, श्रीनगर सीट के लिए 13 मई और कश्मीर क्षेत्र में बारामूला लोकसभा सीट के लिए 26 मई को मतदान होगा।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने विश्व होम्योपैथी दिवस पर किया वैज्ञानिक सम्मेलन का उद्घाटन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर बुधवार को दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि कन्वेंशनल सेंटर में दो दिवसीय वैज्ञानिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इसका आयोजन आयुष मंत्रालय के तहत स्वायत्त शीर्ष अनुसंधान संगठन केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद ने किया है।

सम्मेलन का विषय अनुसंधान को सशक्त बनाना, दक्षता बढ़ानाः एक होम्योपैथिक संगोष्ठी‪‪‪‪‪‪‪‪‪‪ है। सम्मेलन का उद्देश्य नैदानिक अभ्यास और स्वास्थ्य कार्यक्रमों में साक्ष्य-आधारित वैज्ञानिक उपचार को बढ़ावा देना, अनुसंधान-आधारित चिकित्सा विज्ञान में होम्योपैथिक समुदाय को सक्षम बनाना, व्यक्तिगत, सुरक्षित और विश्वसनीय स्वास्थ्य देखभाल के लिए लोगों की जरूरतों को पूरा करने वाला स्वास्थ्य देखभाल केंद्र बनना और बेहतर इलाज के लिए गुणवत्तापूर्ण निदान, उपचार विज्ञान और वैज्ञानिक उपकरणों के साथ होम्योपैथिक चिकित्सा को समृद्ध करना है।

सम्मेलन में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, आयुष मंत्रालय के सीसीआरएच के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष डॉ. अनिल खुराना, होम्योपैथी में पद्म पुरस्कार से अलंकृत पद्मश्री डॉ. वीके गुप्ता, पद्मश्री डॉ. मुकेश बत्रा, पद्मश्री डॉ. कल्याण बनर्जी, पद्मश्री डॉ. अनिल कुमारी मल्होत्रा और पद्मश्री डॉ. आरएस पारीक शामिल होंगे।

## बीएसएफ ने पंजाब में प्रतिबंधित दवाएं जब्त की

**चंडीगढ़।** पंजाब के फिरोजपुर में बीएसएफ और खाद्य एवं औषधि प्रशासन को अवैध औषधि वितरण मामले में बड़ी सफलता मिली है। बीएसएफ ने अपने बयान में कहा, खुफिया जानकारी के आधार पर फिरोजपुर जिले का चंगा राय उत्तर गांव में छापेमारी की गई। सर्च ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाओं की खेप बरामद की गई है। जब्त की गई वस्तुओं में प्रीगैबलिन की 20,370 कैप्सूल और टेपेंटाडोल की 93 गोलियां शामिल हैं। इन दवाओं को बिना किसी उचित प्रिसक्रिप्शन के बेचा जा रहा था, जिससे लोगों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ गई।

## केंद्र सरकार का प्रयास लाया रंग श्रीलंका से लौटे 19 भारतीय मछुआरे



**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु। श्रीलंका के तट रक्षकों ने तमिलनाडु के 19 मछुआओं को छोड़ दिया है। सभी भारतीय मछुआरे मंगलवार रात चेन्नई लौट आए हैं। यह जानकारी श्रीलंका के भारतीय दूतावास की आधिकारिक सूत्रों ने दी है।

दरअसल, 16 मार्च को रामेश्वरम के 21 मछुआरों का एक समूह दो नावों से समुद्र में मछली पकड़ने गया था। समुद्र के बीच से श्रीलंकाई तटरक्षक बल के जवानों ने मछुआरों को श्रीलंका की समुद्री सीमा में आने के आरोप में पकड़ लिया और उनकी नावें जब्त कर लीं। बाद में श्रीलंका पुलिस ने इन मछुआरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। यह सभी मछुआरे मयिलादुथुराई, पुदुकोट्टई और कराईकल के रहने वाले हैं।

भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी से परेशान मछुआरों के परिवारों ने राज्य और केंद्र सरकार से उन्हें रिहा करने के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया। इसके बाद श्रीलंका में स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने उनके आवश्यक कागजात पेश कर मछुआरों को छुड़ाने का प्रयास किया।

## ट्रक-कार की टक्कर में महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख बाल-बाल बचे जताई साजिश की आशंका

**भंडारा।** महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले मंगलवार रात उस समय बाल-बाल बच गए जब उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई। पटोले देर रात एक चुनावी रैली को संबोधित करने के बाद अपने बेस कैंप लौट रहे थे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पटोले ने कहा कि गणेशपुर में अपनी चुनावी सभा खत्म करने के बाद सुकली गांव के रास्ते में भीलेवाड़ा के पास लापरवाही से चलाए जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को ओवरटेक करने का प्रयास किया, जिससे बचने के लिए ड्राइवर ने कार मोड़ दी।


## मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताने के लिए अनोखी पहल, नमो एप पर 'विकसित भारत गेम्स' लांच




**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखें बेहद करीब हैं, पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी कमर पूरी तरह से कस ली है। भाजपा ने नमो ऐप पर विकसित भारत गेम्स के एक नए फीचर को लॉन्च किया है। नमो ऐप पर उपलब्ध विकसित भारत गेम्स एक ऐसा अनोखा प्रयास है, जहां आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीतियों और दूरदर्शी सोच को अनूठे रूप से समझ सकते हैं। इस नए फीचर में मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान जैसे गेम कलेक्शन उपलब्ध हैं। गौरतलब है कि तीनों मोदी सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। एक ओर जहां हर घर जल योजना से 11 करोड़ से भी अधिक परिवारों को पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है।

# पेरिस ओलंपिक ट्रैक एवं फील्ड स्वर्ण विजेताओं को मिलेंगे 50 हजार डॉलर



**एजेंसी। मोनाको**

पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड के 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने पहली बार 50,000 डॉलर (41.60 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि देने की बुधवार को घोषणा की।

विश्व एथलेटिक्स के इस कदम से 2028 में लॉस एंजिलिस (एलए) में होने वाले खेलों में तीनों पदक विजेताओं को पुरस्कार देने का मार्ग प्रशस्त होगा। भारत को पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। नीरज ने तोक्यो ओलंपिक में देश के लिए एथलेटिक्स का पहला स्वर्ण पदक जीता था। वह इसके साथ ही व्यक्तिगत स्पर्धा में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बने थे। इस ऐतिहासिक निर्णय के साथ डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा।

डब्ल्यूए ने एक बयान में कहा, विश्व एथलेटिक्स...ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा। डब्ल्यूए पेरिस में इस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में सफलता के शिखर को प्राप्त वाले एथलीटों को आर्थिक रूप से पुरस्कृत करेगा।' विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की शुरूआत अंतरराष्ट्रीय निकाय और समग्र रूप से एथलेटिक्स के खेल के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण' है। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के राजस्व आवंटन से कुल 2.4 मिलियन डॉलर (लगभग 18.63 अरब रुपए) को पुरस्कार के लिए दिया गया है, जो हर चार साल में विश्व एथलेटिक्स को मिलता है। इसका उपयोग 48 एथलेटिक्स खेलों में से प्रत्येक में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीटों को 50,000 डॉलर की राशि से पुरस्कृत करने के लिए किया जाएगा।' उन्होंने कहा, विश्व एथलेटिक्स की इस पहल में एलए 2028 ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक विजेताओं तक विस्तार किये जाने की प्रतिबद्धता शामिल है।' रिले टीमों को भी इसी राशि से सम्मानित किया जाएगा, जिसे टीम के सभी खिलाड़ी आपस में साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से जुड़ी पुरस्कार राशि के प्रारूप और संरचना की घोषणा खेलों के समय के करीब की जाएगी। इस पुरस्कार राशि का भुगतान हालांकि विश्व एथलेटिक्स की संपुष्टि प्रक्रिया पर निर्भर करेगा, जिसमें सामान्य डोपिंग रोधी प्रक्रियाओं से गुजरने और उत्तीर्ण होने वाले एथलीट शामिल होंगे।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अध्यक्ष जैक क्लार्क का निधन



**एजेंसी। एडिलेड**

पूर्व क्रिकेटर एवं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के पूर्व अध्यक्ष जैक क्लाक का निधन हो गया है। वह 70 वर्ष के थे। क्लार्क के परिवार में पत्नी और दो बेटियां है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड के अनुसार क्लार्क का एडिलेड में निधन हुआ था। उन्होंने बताया कि क्लार्क ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड में 1999 से 2011 तक सेवा दी था और वह अपने कार्यकाल के अंतिम तीन वर्षों तक सीए के अध्यक्ष रहे थे। उनके अध्यक्ष कार्यकाल 2008 से 2011 के दौरान बिग बैश लीग की शुरूआत की हुई थी और उन्होंने 2010-11 की घरेलू एशेज श्रृंखला में हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम की समीक्षा करते हुए सीए की उच्च प्रदर्शन शाखा को नया आकार दिया गया था।

# खराब फॉर्म से जूझ रही आरसीबी और मुंबई होंगे आमने-सामने

**एजेंसी। मुंबई**

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बृहस्पतिवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी जिस पर खुद अच्छे प्रदर्शन का भारी दबाव है। पांच में से चार मैच हार चुकी आरसीबी ने टीम चुनने में गलतियां की और मैदान पर भी प्रदर्शन से उसकी भरपाई नहीं कर सकी। अंकतालिका में वह मुंबई से एक ही पायदान नीचे है। मुंबई चार में से एक मैच जीतकर नौवे स्थान पर है। उसने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराया था। विराट कोहली के शानदार प्रदर्शन के बावजूद आरसीबी के अभियान की बेहद खराब शुरूआत हुई है। अब आईपीएल के आधे मैच जल्दी ही खत्म होने को है और ऐसे में आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों को लय तलाशनी होगी जिनमें कप्तान फाफ डु प्लेसी (109 रन), ग्लेन मैक्सवेल (32) और कैमरन ग्रीन (68 रन) शामिल हैं। कोहली अभी तक एक शतक और दो अर्धशतक समेत 316 रन बना चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिल सका।





### सूर्यकुमार यादव की वापसी पर टीम को मिली है मजबूती

पांच महीने पहले विश्व कप सेमीफाइनल में वानखेड़े स्टेडियम पर शतक जमाने वाले कोहली एक बार फिर उसी मैदान पर अपने बल्ले का जलवा बिखेरना चाहेंगे। गेंदबाजी में मैक्सवेल चार विकेट ले चुके हैं लेकिन मुख्य गेंदबाज प्रभावहीन रहे हैं। मुंबई के खिलाफ उन्होंने हालांकि पिछले पांच में से चार मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 32 मुकाबलों में से 18 मुंबई ने और 14 आरसीबी ने जीते हैं।

आम तौर पर आईपीएल में धीमी शुरूआत करने वाली मुंबई टीम को पता है कि अब देर करने से परिणाम प्रतिकूल हो सकते हैं। आरसीबी को हराकर उसका इरादा लगातार दूसरी जीत दर्ज करने का होगा ताकि टीम का मनोबल बढ सके चूंकि अगले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है। शीर्षक्रम पर ईशान किशन और रोहित शर्मा ने रन बनाये हैं लेकिन मध्यक्रम नाकाम रहा है जिसके लिये कप्तान हार्दिक पांड्या को जवाब देना होगा। यह भी देखना होगा कि मुंबई के प्रशंसकों का हार्दिक पर गुस्सा कम हुआ है या नहीं। पिछले मैच में नियमित प्रशंसकों की बजाय हजारों बच्चे मैदान में थे जिससे उन्हें हूटिंग नहीं झेलनी पड़ी।

**मुंबई इंडियंस (एमआई) :** रोहित शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), टिम डेविड, मोहम्मद नबी, रोमारियो शेफर्ड, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्जी, जसप्रित बुमरा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) :** विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), कैमरून ग्रीन, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार, दिनेश कार्तिक, अनुज रावत (विकेटकीपर), मयंक डागर, अल्जारी जोसेफ, मोहम्मद सिराज, यश दयाल।

# बैंडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एव खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर कि ओर से कांके रोड स्थित डी ए वी गांधीनगर स्कूल में एक दिवसीय स्व आर पी द्विवेदी अंडर 14 एव अंडर 17 बालक बालिका बैंडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में डी ए वी गांधीनगर के प्राचार्य एस के सिन्हा, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे, शिक्षाविद् डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एव खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी अभिषेक मुकिम, सुशील मुकिम एव आशा देवी ने संयुक्त रूप से सभी विजेता खिलाड़ियों को उपहार देकर पुरस्कृत किया।

मंच का संचालन खेल प्रशिक्षक गोविंद झा एव धन्यवाद ज्ञापन विशाल कुमार राय ने किया।

# राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में झारखंड टीम के चयन के लिए ट्रायल 16 से

**रांची।** हॉकी इंडिया द्वारा 30 अप्रैल से 09 मई 2024 तक झारखंड की राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी में राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024/25 के प्रथम चरण आयोजित है। इस राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग हेतु हॉकी झारखंड टीम चयन के लिए अंडर 21 वर्ष के महिला हॉकी खिलाड़ियों का खुली चयन ट्रायल दिनांक 16 अप्रैल 2024 को प्रातः 08..00 बजे से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी,रांची में आयोजित है। इस चयन ट्रायल में झारखंड के वे महिला हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकते है जो हॉकी इंडिया से पूर्व से निबंधित है और जिनकी उम्र 01 जनवरी 2004 को या उसके बाद हुई है।

चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ हॉकी इंडिया का आईडी कार्ड और आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

# आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी की रैंकिंग में अश्विन का जलवा बरकरार



**एजेंसी। दुबई**

नई आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में रविचंद्रन अश्विन (870) टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं, उनके हमवतन जसप्रीत बुमराह और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड दूसरे स्थान पर हैं। के बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या तीन स्थान गिरकर 11वें (724) पर आ गए हैं जिसका मतलब है कि जेम्स एंडरसन (8वें, 739), शाहीन अफरीदी (9वें, 733) और काइल जैमीसन (10वें, 729) एक स्थान ऊपर पहुंच गए हैं। चटगांव टेस्ट मैच के बाद टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारत के रवींद्र जड़ेजा (444) नंबर 1 स्थान के लिए हमवतन अश्विन (322) से काफी आगे हैं। शाकिब अल हसन टेस्ट मैच में अपनी दो पारियों में चार विकेट लेने और 51 रन बनाने के बाद तीसरे (310) स्थान पर बने हुए हैं। श्रीलंका के हरफनमौला खिलाड़ी कामिंदु मेंडिस और पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज ने चटगांव में अपनी टीम की 192 रन की जीत में योगदान देने के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में प्रगति की है जिससे बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला में 2-0 से जीत हासिल करने में मदद मिली। मार्च में आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का दावा करने वाले मेंडिस की नाबाद 92 रन की पारी ने उन्हें बल्लेबाजी सूची में 18 स्थान ऊपर 46वें स्थान (533) पर पहुंचा दिया, जबकि दूसरी पारी में भी उन्होंने तीन विकेट लिए। गेंदबाजों के बीच 46 स्थान की छलांग देखी गई। मैथ्यूज ने अगस्त 2014 में करियर की सर्वोच्च तीसरी रैंक हासिल की थी, 23 और 56 के स्कोर के बाद दो पायदान ऊपर 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंकाई बल्लेबाज कुसल मेंडिस तीन स्थान आगे बढ़कर 52वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में पहली पारी में चार विकेट लेने के बाद असिथा फर्नांडो सात स्थान ऊपर 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं, विश्वा फर्नांडो मैच में तीन विकेट लेकर 43वें से 41वें स्थान पर हैं और लाहिरू कुमारा 46वें से 44वें स्थान पर हैं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# पेटीएम पेमेंट्स बैंक के सीईओ सुरिंदर चावला ने कंपनी छोड़ी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेटीएम पेमेंट्स बैंक के सीईओ तथा एमडी सुरिंदर चावला ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने एक नियामक फाइलिंम में यह जानकारी दी है।

वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने कहा कि उसे उसकी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) ने सूचित किया है कि पीपीबीएल के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुरिंदर चावला ने व्यक्तिगत कारणों और बेहतर करियर संभावनाएं तलाशने के लिए से 8 अप्रैल 2024 को अपना इस्तीफा दे दिया।

उन्हें 26 जून को पीपीबीएल से मुक्त कर दिया जाएगा, बशर्ते आपसी सहमति से इसमें कोई बदलाव न हो।

पेटीएम की मूल कंपनी ने कहा, जैसा कि पहले बताया गया था, 1 मार्च 2024 को हमारे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कंपनी और पीपीबीएल के बीच लगभग सभी समझौते समाप्त कर दिए गए हैं, और पीपीबीएल के बोर्ड को एक स्वतंत्र अध्यक्ष सहित पांच स्वतंत्र निदेशकों के साथ पुनर्गठित किया गया है, और (बोर्ड में) कंपनी से कोई नामांकित व्यक्ति नहीं है।

कंपनी ने कहा कि वह हमारे व्यापारी अधिग्रहण और यूपीआई सेवाओं को बढ़ाने के लिए बैंकिंग भागीदारों के साथ सहयोग करना जारी रखेगी। पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने अब तक यह खुलासा नहीं किया है कि चावला की जगह कौन लेगा। चावला पिछले साल फरवरी में पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े थे। फरवरी में, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बैंक के संचालन पर प्रतिबंध लगाने के बाद पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा ने पीपीबीएल के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य के अपने पद छोड़ दिये थे।

# मारुति सुजुकी ने स्विफ्ट और ग्रैंड विटारा के दाम बढ़ाए

**नई दिल्ली।**

भारत की सबसे बड़ी कार मैन्युफैक्चरर कंपनी मारुति सुजुकी ने अपने पॉपुलर मॉडल, स्विफ्ट और ग्रैंड विटारा के सिलेक्टेड वैरिएंट के दाम बढ़ा दिए है। स्विफ्ट की कीमतों में 25,000 तक की बढ़ोतरी की गई है, जबकि ग्रैंड विटारा सिग्मा वैरिएंट 19,000 रुपए महंगी मिलेगी।




अभी यह साफ नहीं है कि कंपनी ने इन दोनों मॉडलों की कीमतों में इजाफे को ही क्यों चुना। इससे पहले कंपनी ने जनवरी 2024 में 0.45% अपने सभी मॉडल्स की कीमतों में इजाफा किया था। कंपनी ने इसका कारण महंगाई के दबाव और बढ़ी हुई इनपुट कॉस्ट को बताया था।

इंडस्ट्री एक्सपर्ट का मानना ??है कि कीमतों में बढ़ोतरी के कई कारण हो सकते हैं। इसमें कच्चे माल की बढ़ती लागत, ग्लोबल सप्लाई चेन में व्यवधान और ओवरऑल इकोनॉमिक स्लोडाउन शामिल है। इंडियन ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री पिछले कुछ समय से इन मुद्दों से जूझ रही है।

कंपनी का शेयर 1.65% की गिरावट के साथ 12,675 रुपए पर बंद

कीमतें बढ़ाने की खबर के बाद मारुति सुजुकी का शेयर 1.65% की गिरावट के साथ 12,675 रुपए पर बंद हुआ। कंपनी का मार्केट 3.99 लाख करोड़ रुपए है। एक साल में कंपनी ने अपने निवेशकों को 46.37% का रिटर्न दिया है।

# एथर रिज्टा 1.09 लाख शुरूआती कीमत में लॉन्च

### 56 लीटर बूट स्पेस वाला इंडिया का पहला ई-स्कूटर

बेंगलुरु बेस्ड एश मैन्युफैक्चरर एथर एनर्जी ने अपना फैमिली इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर रिज्टा लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने आज (6 अप्रैल) बेंगलुरु में हुए कम्युनिटी डे इवेंट के मौके पर इस स्कूटर को पेश किया है। एथर रिज्टा कंपनी की 450 सीरीज के बाद एक दम नया डिजाइन वाला इलेक्ट्रिक स्कूटर है। कंपनी का दावा है कि ये फूल चार्ज करने पर 160कि.मी तक चलेगा।

एथर का कहना है कि ये इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में सबसे बड़ी सीट और सबसे ज्यादा बूट स्पेस वाला इलेक्ट्रिक स्कूटर है। रिज्टा में सीट के नीचे 34 लीटर का बूट स्पेस दिया गया है। बूट के फ्रंट हिस्से पर फर्स्ट ऐड किट या डस्टिंग क्लॉथ जैसे छोटे-मोटे आइटम रखने के लिए स्मॉल स्टोरेज कम्पार्टमेंट दिया गया है, जिसका नाम 'जोई पॉकेट' रखा गया है।



### टॉप वैरिएंट की कीमत 1.45 लाख रुपए

स्कूटर के साथ मिलने वाली ऑप्शनल एसेसरीज में बूट स्टोरेज के लिए 'ऑर्गेनाइजर' शामिल है, जो कैरी बैग में बदल जाता है। स्कूटर के एप्रॉन पर माउंटेड 22-लीटर का 'फ्रंक' भी दिया गया है, जो स्कूटर की स्टोरेज स्पेस को 56 लीटर तक बढ़ा देता है। इसके अलावा कंपनी ने नया हेलो हेलमेट पेश किया है, जिसकी मदद से वॉइस कमांड जैसे फीचर काम करते हैं।

**1.10 लाख रुपए एक्स-शोरूम शुरूआती कीमत**

एथर रिज्टा को 2 वैरिएंट और 3 बैटरी पैक ऑप्शन के साथ पेश किया गया है। इसमें RiztS (2.9 kWh बैटरी), RiztS (2.9 kWh बैटरी) और RiztS(3.7 kWh बैटरी) शामिल है। रिज्टा रेंज की शुरूआती कीमत 1,09,999 (एक्स-शोरूम बेंगलुरु) है। वहीं, टॉप वैरिएंट की कीमत 1.45 लाख रुपए (एक्स-शोरूम बेंगलुरु) है।

एथर रिज्टा र को 3 मोनोटोन कलर में पेश किया गया है। वहीं, रिज्टा में 7 कलर ऑप्शन मिलेंगे, जिसमें 3 मोनोटोन और 4 डुअल टोन कलर शामिल हैं। कंपनी ने इलेक्ट्रिक स्कूटर की बुकिंग शुरू कर दी है। बायर्स इसे 999 रुपए देकर ऑफिशियल वेबसाइट पर बुक कर सकते हैं। कंपनी का कहना है कि स्कूटर की डिलीवरी 24 जुलाई से शुरू की जाएगी। ये ई-स्कूटर ओला र1 प्रो, ळश्र आईक्यूब और बजाज चेतक को टक्कर देगा।

एथर रिज्टा 5 साल की ऑप्शनल वारंटी प्रोग्राम के साथ आती है। इसमें 'एथर बैटरी प्रोटेक्ट' के जरिए 5 साल/60,000 किलोमीटर तक बैटरी वारंटी शामिल है। इस वारंटी प्रोग्राम में सिर्फ बैटरी खराब होने की ही वारंटी नहीं मिलती है, बल्कि 5 साल पूरे होने के बाद बैटरी की कम से कम 70% हैल्थ बची रहने की वारंटी भी मिलती है।

# चक्षु पोर्टल की मदद से अपनी डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा दें

**नई दिल्ली।**

आधुनिक दुनिया में इंटरनेट का उपयोग हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। इससे हमें विभिन्न सेवाओं और लाभों का लाभ मिलता है, लेकिन इसके साथ ही कुछ अनुचित और गलत कृतियाँ भी होती हैं जो लोगों को परेशानी में डाल सकती हैं। इसमें फर्जी व्हाट्सऐप कॉल और एसएमएस का तंत्र भी शामिल है, जो अक्सर लोगों को धोखाधड़ी में फंसा सकता है। इस पर दूरसंचार विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 'चक्षु पोर्टल' की शुरूआत की है, जो ऐसी फर्जी कॉल और संदेशों की ऑनलाइन रिपोर्ट करने का एक प्लेटफार्म है। 'चक्षु पोर्टल' भारत सरकार की एक पहल है जो इंटरनेट पर फर्जी कॉल और एसएमएस को रिपोर्ट करने की सुविधा प्रदान करती है। यह पोर्टल आम लोगों को अपने संदेशों की सत्यता को सत्यापित करने का माध्यम भी प्रदान करता है। यह विशेष रूप से ऐसे लोगों के लिए उपयुक्त है जो किसी भी तरह के फर्जी संदेशों या कॉल्स का शिकार हो गए हैं। फर्जी कॉल और रटर का उपयोग आमतौर पर धोखाधड़ी, इन संदेशों का उद्देश्य वास्तविकता से भिन्न होता है और इन्हें लोगों को धोखा देने और उनके व्यक्तिगत जानकारी को चोरी करने का एक साधन माना जाता है। इन फर्जी संदेशों को रिपोर्ट करने के लिए 'चक्षु पोर्टल' लोगों को एक सुरक्षित और आसान माध्यम प्रदान करता है। 'चक्षु पोर्टल' का उपयोग करना बहुत ही सरल है। पहले, लोगों को 'चक्षु पोर्टल' की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। वहां, वे अपने खाते में लॉग इन कर सकते हैं या फिर नया खाता बना सकते हैं। फिर, उन्हें फर्जी संदेश की रिपोर्ट करने के लिए ऑप्शन दिया जाएगा, जहां वे जानकारी दर्ज कर सकते हैं और संदेश को सत्यापित करने के लिए उन्हें विवरण प्रदान करना होगा।

# इस रमजान में लगभग 60 लाख बिरयानी ऑर्डर मिले : स्विगी

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने बुधवार को खुलासा किया कि रमजान के पाक मााह के दौरान उसे करीब 60 लाख बिरयानी के ऑर्डर मिले। आम महीनों की तुलना में (12 मार्च से 8 अप्रैल तक) बिरयानी के 15 फीसदी ज्यादा ऑर्डर आए। हैदराबाद दस लाख से ज्यादा प्लेट बिरयानी और 5.3 लाख प्लेट हलीम का ऑर्डर देकर चार्ट में शीर्ष पर है। कंपनी ने एक बयान में कहा, हलीम और समोसा जैसे पारंपरिक पसंदीदा व्यंजन इफ्तार की मेज पर हावी रहे। रमजान के दौरान स्विगी में शाम 5:30 बजे के बीच इफ्तार ऑर्डर में शाम 7 बजे तक 34 फीसदी इजाफा देखा गया।

# ग्रामीण रोजगार के लिए जोहो बना रही बिजली उपकरण : सीईओ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रमुख क्लाउड सॉफ्टवेयर प्रदाता जोहो के संस्थापक और सीईओ श्रीधर वेम्बू ने बुधवार को बताया कि उन्होंने अपनी तरह का पहला बिजली उपकरण बनाया है जो कमर्शियल प्रोडक्शन के लिए तैयार है। 'कारुवी', हाथ से पकड़े जाने वाले उपकरण देश में अधिक ग्रामीण रोजगार पैदा करने में मदद करेंगे। श्रीधर वेम्बू ने एक्स पर लिखा, कुछ साल पहले, महामारी के दौरान जोहो के एक ग्राहक और फैन अब्दुल गफूर अपनी कंपनी के हाथ से पकड़े जाने वाले उपकरणों से भरा एक बॉक्स लेकर तेनकासी में मुझसे मिलने आए थे। अब्दुल गफूर मध्य-पूर्व और में इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के एक प्रमुख स्वयं-ब्रांड वितरक 'मिस्टर लाइट ग्लोबल' के मालिक हैं। गफूर ने जोहो के संस्थापक को बताया कि वे ये उत्पाद बनाएं और फिर, वह उन्हें वितरित करेंगे। श्रीधर वेम्बू ने कहा, मैंने कहा, हम इसके बारे में कुछ नहीं जानते। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण रोजगार पैदा हो सकते हैं। इस तरह उन्होंने मुझे आकर्षित किया। सॉफ्टवेयर कंपनी ने चुनौती स्वीकार की और लगभग दो साल पहले एक छोटी इंजीनियरिंग टीम की स्थापना की। बहुत सारे डिजाइन और रीडिजाइन के बाद, जोहो ने अब व्यावसायिक उत्पादन के लिए तैयार उपकरणों का एक समूह बनाया है। श्रीधर वेम्बू ने आगे कहा, हम तेनकासी में बन रही फैक्ट्री में कुछ इनोवेटिव आइडिया आजमा रहे हैं। मुझे इस ओर प्रेरित करने के लिए धन्यवाद गफूर! नाम सुझाने के लिए सिबी आनंद को धन्यवाद।

## एक नजर

### कई कैस एटीएम हुए बंद, लोग परेशान



**मेदिनीनगर।** पिछले कुछ दिनों से पलामू में नोटबंदी के बाद जैसे हालात बनते दिख रहे हैं। लोगों के पास एक बार फिर से कैश का संकट हो गया है। कैश कम होने की वजह से मंगलवार को कई एटीएम बंद रहे। मिली जानकारी के अनुसार जिले में जितना कैश आना चाहिए उतना नहीं मिल पा रहा है। मेदिनीनगर के एक राष्ट्रीयकृत बैंक के मुख्य शाखा में प्रतिदिन छह करोड़ की जरूरत होती है, लेकिन दो से तीन करोड़ ही उपलब्ध हो पा रहा है। पिछ करीब एक करोड़ की रकम ग्राहकों को उपलब्ध करवा रहा है। वही हाल बैंक के अधिकतर शाखाओं का है। एक राष्ट्रीयकृत बैंक के प्रबंधक ने नाम ना प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि जिले में कैश का संकट है । तय अनुपात के मात्र 20 प्रतिशत ही राशि उपलब्ध हो रही है। बैंक के अधिकारी ने बताया कि यह संकट एक महीने से है, धीरे धीरे यह संकट गहराता जा रहा है।

### रक्तदान एक अनमोल उपहार है : बमेंद्र



**हरिहरगंज ।** हरिहरगंज के हिमालयन होटल में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक व नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जमुहार के संयुक्त तत्वाधान में रक्त दान शिविर का उदघाटन एनएमसीएच जमुहार के डॉ । सावन कुमार सौरभ, पथ प्रदर्शक के सचिव बमेन्द्र कुमार सिंह, समाजसेवी अमन सिंह, मृत्युंजय विश्वकर्मा, शशि कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । मौके पर संस्था के सचिव बमेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान एक अनमोल उपहार है । जरूरतमंद व गरीब असहायों को जरूरत पड़ने पर खून दिया जाता है । इस शिविर में मृत्युंजय विश्वकर्मा, महेश कुमार, अंकित सिंह सहित कुल 11 युवाओं ने रक्तदान किया ।

### व्यवहार न्यायालय में 27 को विशेष लोक अदालत का आयोजन

**लातेहार।** झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के निर्देश पर आगामी 27 अप्रैल को लातेहार व्यवहार न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा. इसके लिए प्री- लोक आदालत सिटिंग 21 अप्रैल से शुरू होगी । इस विशेष लोक आदालत में चेक बाउंस और बिजली से संबधित लंबित वादों का निपटारा किया जायेगा । विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्रधिकार परिसर में सचिव स्वाति विजय उपाध्याय की अध्यक्षता में मिडिएटर और पारा लीगल वोलियंटर की एक बैठक की गयी । बैठक में उक्त लोक आदालत में अधिक से अधिक वादों का निपटारा करने पर विचार विमर्श किया गया । सचिव ने बताया कि कुल लंबित वादों का 20 प्रतिशत से अधिक वादों के निपटारे करने का लक्ष्य रखा गया है । इसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है।

### व्यवहार न्यायालय में 27 अप्रैल को विशेष लोक अदालत का आयोजन

**लातेहार ।** झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के निर्देश पर आगामी 27 अप्रैल को लातेहार व्यवहार न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा. इसके लिए प्री- लोक आदालत सिटिंग 21 अप्रैल से शुरू होगी । इस विशेष लोक आदालत में चेक बाउंस और बिजली से संबधित लंबित वादों का निपटारा किया जायेगा । विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्रधिकार परिसर में सचिव स्वाति विजय उपाध्याय की अध्यक्षता में मिडिएटर और पारा लीगल वोलियंटर की एक बैठक की गयी । बैठक में उक्त लोक आदालत में अधिक से अधिक वादों का निपटारा करने पर विचार विमर्श किया गया ।

# अस्पताल का आरो मशीन खराब पानी के लिए भटक रहे मरीज एवं परिजन




**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

इस भीषण गर्मी में सदर अस्पताल में पानी की किल्लत से मरीज और परिजन काफी परेशान हैं। पानी के लिए उन्हें दर-दर भटकना पड़ रहा है। अस्पताल में लगा एक भी आरओ मशीन काम नहीं कर रहा है। इमरजेंसी कक्ष के सामने लगा आरो मशीन लगभग एक महीने से खराब पड़ा है। स्थिति यह है कि मरीज और मरीज के परिजन बाहर दुकान से बोतल का पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। अस्पताल के कर्मी भी घर से बोतल में पानी लेकर आ रहे हैं और अपनी प्यास बुझा रहे है। मरीज व कर्मियों की समस्या से अब तक अधिकारी अनभिज्ञ हैं।


वही बुधवार को सदर अस्पताल में पैर का इलाज कराने पहुंची छतरपुर गांव की महिला विमला देवी ने बताया कि अस्पताल में आधे घंटे से पानी खोज रहे हैं परंतु कहीं नहीं मिल रहा। अंत में पता चला की अस्पताल में आरो मशीन खराब है,पीने के पानी का अस्पताल परिसर में कहीं भी इंतजाम नही है। तो उन्होंने बाहर के दुकान से पानी मंगा कर अपनी प्यास बुझाई। अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे अन्य मरीजों ने बताया कि सरकारी अस्पताल में अधिकतर गरीब मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। यहां पानी न मिलना बड़ी समस्या है। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीज के परिजनो का कहना है कि मरीजों को दवा खिलाने के लिए भी उन्हें बाहर से पानी खरीदना पड़ रहा है। इस समस्या की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। मालूम हो कि अस्पताल के मेंटेनेंस के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर राशि मुहैया करायी जाती है लेकिन इन समस्या को देख कर अनुमान लगाया जा सकता है कि सदर अस्पताल में मेंटेनेंस का क्या हाल है। बताते चले की यह समस्या कोई नई नहीं है लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए सदर अस्पताल प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहे है।

#### क्या कहते हैं अस्पताल अधीक्षक

अस्पताल के अधीक्षक डीके सिंह ने कहा की अस्पताल में जो भी असुविधा होती है उसकी देखरेख अस्पताल के मैनेजर को दिया गया है। अस्पताल मैनेजर की लापरवाही है जिसके कारण अस्पताल का आरो मशीन खराब पड़ा हुआ है। वही इस संबंध में जानकारी लेने के लिए मैनेजर को फोन किया गया तो उनका फोन नहीं लगा। उनकी लापरवाही की वजह से प्रतिदिन दूर दराज आए मरीजों को पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है।

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक, डीसी ने दिये जरूरी निर्देश

# शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने के लिये सभी का सहयोग जरूरी : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को ईद, रामनवमी व सरहुल पर्व के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। टाउन हॉल में आयोजित बैठक में जिलेभर में ईद, सरहुल व रामनवमी के त्योहार को पारंपरिक उत्साह, आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया । उपायुक्त शशि रंजन ने रामनवमी के अवसर पर विधि-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही । उन्होंने कहा कि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने के लिये सभी का सहयोग अपेक्षित है । पर्व के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा ।साथ ही सभी रामनवमी जुलूस को रात 10 बजे तक समाप्त करने की भी बात कही । उन्होंने कहा कि यह पर्व आस्था व पवित्रता के साथ मनाया जाता है । यह सिलसिला जारी रहे । उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों को अपने स्तर से भी असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने की अपील की ।बैठक में रामनवमी महासमिति के सदस्यों द्वारा बिजली व पेयजल से संबंधित उठाए गए समस्याओं को लेकर उपायुक्त ने नगर निगम, बिजली विभाग व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारियों को आपस में बेहतर समन्वय बनाने को कहा ।जुलूस रुट में पड़ने वाले सभी तरह के समस्याओं का निराकरण कराने की बात कही । उन्होंने तीनों एसडीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत निकलने वाले सभी जुलूस के साथ एक मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों की नियुक्ति करने व जुलूस की निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाने, वीडियो ग्राफर की व्यवस्था रखने पर जोर दिया । इसके पूर्व उन्होंने अनुमण्डलवार, अंचलवार तैयारियों की समीक्षा कर उनके द्वारा की गयी तैयारियों से अवगत हुए।

## न्यूज बॉक्स

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कुरीतियों से बचने की सलाह

**लातेहार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड के मकईयाटांड़ में चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. मौके पर स्थायी लोक अदालत, लातेहार के सदस्य शकील अख्तर ने ग्रामीणों को बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह और नारी उत्पीड़न की जानकारी दी । उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिष्ठान या आवासीय परिसर में बाल मजदूरों से काम कराना कानून अपराध है । इसी प्रकार बाल विवाह व बाल तस्करी भी दंडनीय अपराध है । उन्होंने घरेलू हिंसा एवं सामाजिक कुरीतियों की भी जानकारी दी और कहा कि इसके रोकथाम के लिए कानून बनाये गये हैं । शकील अख्तर ने ग्रामीणों को राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन व अबुआ आवास समेत अन्य कई सरकारी योजनाओं की जानकारी दी । उन्होंने ग्रामीणों से नशापान से दूर रहने एवं अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की । मौके पर अधिवक्ता स्वपनिल कुमार सिंह व समाजसेवी अवधेश पांडये समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### ब्रेन हेमरेज से 55 वर्षीय मजदूर की स्थिति गंभीर रांची रेफर

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के नौडीहा गांव निवासी मजदूर सुग्रीम राम उम्र 55 वर्ष की मंगलवार की रात स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी बुधवार को चिकित्सकों ने उनकी उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। इस संबंध में परिजनों ने बताया कि सुग्रीव राम मंगलवार की रात बेंगलुरु से काम करके घर वापस लौटे थे। घर में खाना पीना खाकर सोने चले गए इसके कुछ देर बाद उनके सिर में अचानक दर्द हुआ और बेचैनी होने लगा। परिजन जब उसे चिकित्सक के पास लेकर गए तो चिकित्सकों ने सुग्रीव राम को ब्रेन हेमरेज की बीमारी बताया। इस गंभीर बीमारी की वजह से घर के सदस्य काफी परेशान और चिंतित है।

### शराब की खेप के साथ एक युवक गिरफ्तार



**हुसैनाबाद।** मंगलवार की रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने झारखंड से बिहार तस्करी कर ले जाई जा रही शराब की खेप के साथ एक युवक सन्नी कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि मोटर साइकिल से स्कॉट कर ब्लु रंग का टाटा नेक्सोन गाडी में अवैध शराब का खेप को हुसैनाबाद (जपला) से लोडकर नहर रोड के रास्ते गांव सोन वर्षा लोटनिया, तथा एकौनी में स्थित ईंट भट्ठा होकर बिहार ले जाने की तैयारी है। प्राप्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए हुसैनाबाद एसडीपीओ के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए देशी शराब टनाका का बोतल 37 पेटी,48 पीस बोतल 120 कुल 1896 पीस बोतल, ग्रे रंग का वन पल्स मोबाइल एवं ब्लु रंग का टाटा नेक्सोन गाडी (कार) रजि. जेएच 02 एवी 7447 के साथ सन्नी सिंह उम्र 25 वर्ष पिता- दिलिप सिंह, ग्राम चचेरिया, थाना हैदरनगर को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### बाइक रैली में शामिल हुए बीडीओ, मतदाताओं को किया जागरूक

**पलामू :** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत वोटिंग के लिए बाइक रैली निकाली गयी. पाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा ने प्रखंड के कर्मियों के साथ बाइक रैली में शामिल हुए । इस दौरान मतदाताओं को वोटिंग के लिए जागरूक किया गया । बाइक रैली प्रखंड कार्यालय से निकली जो पाटन चौक होते हुए सेमरी पुल तक पहुंची । मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि यह रैली मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली गई है । मतदाताओं को देशहित में वोटिंग करना चाहिए । शत प्रतिशत वोटिंग के उद्देश्य से यह रैली निकल गई । मौके पर बीपीओ मनरेगा स्वीटी सिन्हा, सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर धीरज कुमार, लेखा सहायक दीपक तिवारी, पीएम आवास प्रखंड समन्वयक शिवम कुमार, बीएल डब्लू मनोज कुमार, अजीत मेहता, श्रीकांत कुमार मौजूद थे।

### मंझौली गांव में नव निर्मित मंदिर हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ शुरू



**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड के मंझौली गांव में बुधवार को नव निर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का शुरूआत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला परिषद सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, भाजपा के वरिष्ठ नेता डोमन राणा, युगल राणा, वीरेंद्र राणा समेत कई गणमान्य लोगों ने विधिवत फीता काटकर कलश यात्रा का शुभारंभ्ज्ञ कर किया। कलश यात्रा में 551 महिला व कन्याओं ने भाग लिया। कलश यात्रा की शुरूआत यज्ञमंडप से हुई जो लेढिया नदी के नरचाही घाट पहुंचकर वैदिक मंत्र उच्चारण के बाद कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया।

### दो ड्रग तस्करों को दस साल का कारावास

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के जिला व सत्र न्यायाधीश द्वितीय बिनोद कुमार सिंह की अदालत ने ड्रग्स तस्कर को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा व एक लाख रुपए अर्थदंड लगाया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर एक बर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में कमलेश कुमार ने तीन लोग सतेंद्र सिंह, बबलू सिंह, व हरजीत यादव के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था । जो सदर थाना कांड संख्या 59 सन 2021 दिनांक 14 सितम्बर 2021 को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइक्रोट्रॉपिक सब्सटांसिक एक्ट की धारा 15 व 22 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अभियुक्तों पर आरोप था कि लाल रंग के ट्रैक्टर से डोडा लेकर जा रहे थे।पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया व ट्रैक्टर से 41 बोरा डोड़ा बरामद हुआ था । तीनो अभियुक्त पर नारकोटिक ड्रग्स एन्ड साइक्रोट्रोपिक सबस्टांसिक एक्ट की धारा 15 के तहत दोषी पाते हुए सतेन्द्र सिंह, व बबलू सिंह को को 10 ,10 बर्ष सश्रम कारावास की सजा व एक ,एक लाख रुपए अर्थदंड लगाया है।

रात्रि चौपाल का विभिन्न पंचायतों में किया गया आयोजन

# सैकड़ों की संख्या में उपस्थित मतदाताओं को दिलाया गया मतदाता शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/पत्थलगड़ा**


जिले के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक मतदाता जागरूक होकर अपना मत का प्रयोग कर सकें। इसी उद्देश्य को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निदेशानुसार जिले के विभिन्न पंचायतों में मतदाता जागरूकता को लेकर रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। पत्थलगड़ा प्रखंड सहित चतरा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आगामी 20 मई को होने वाले संसदीय चुनाव को शत-प्रतिशत सफल बनाने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से कमर कस ली है। इसी अभियान के तहत पत्थलगड़ा प्रखंड के गांधी चौक में रात्रि मतदाता चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को मत का महत्व बताते हुए मतदान का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान मेराल पंचायत सचिव राकेश प्रसाद, बरवाडीह पंचायत सचिव मोहम्मद असलम, बीएलओ मिथिलेश दांगी, मंजू देवी सहित कई ने सामूहिक गायन, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम लोगों को मतदान के लिए जागरुक किया।

### बालू उठाव से बिगड़ रही नदी की तस्वीर



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के मंझगांवा पंचायत स्थित तरी,घटेरी व सिंदुआरी नदी से अवैध बालू को उठाव निरंतर जारी है। यहां तक की तरी, घटेरी व सिंदूआरी बालू घाट को खनन विभाग द्वारा निर्बंधित किया गया है। परंतु बगैर राजस्व दिए हुए बालू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से बालू का उठा किया जा रहा है। जिससे नदी की तस्वीर दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। जबकि बालू माफिया मालामाल हो रहे हैं। अधिकतर बालू माफिया स्थानीय बताए जा रहे हैं। बालू की आपूर्ति चतरा व इटखोरी किया जा रहा है। बताया जाता है कि बालू माफियाओं द्वारा प्रत्येक दिन करीब 80 से 100 ट्रैक्टर बालू का उठाया जा रहा है। प्रत्येक ट्रैक्टर बालू 3000 से 4000 रुपए तक बेचा जा रहा है। यहां तक की ट्रैक्टर चालक व बालू माफिया दिन के उजाले में भी बालू की आपूर्ति करने से खौफ नहीं खा रहे। वैसे में प्रशासन की मिलीभगत की भी बू आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सूचना देने के बाद भी न तो अंचल कार्यालय द्वारा कोई कारवाई किया जाता है और न ही थाना के द्वारा। अंचल अधिकारी राकेश सहाय का कहना है कि नदी से अवैध बालू का उठा करना गैरकानूनी है। संबंधित नदी व गांव में चौकीदार की तैनाती की गई है।

### भव्य कलश यात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ प्रारंभ



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड अंतर्गत सबानो गांव में बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ रूद्र महायज्ञ प्रारंभ। कलश यात्रा यज्ञ आचार्य विनोद मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें कलश यात्रा में 2100 श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु ढोल बाजे और झंडे पताके के साथ संपूर्ण गांव का भ्रमण करते हुए रानी पोखर के मन्नत नदी घाट पहुंचे जहां कलश में जल भरा फिर सिमरिया चौक पहुंचकर संकट मोचन हनुमान मंदिर की परिक्रमा कर वापस यज्ञ मंडप पहुंचकर कलश को स्थापित किया गया। कलश यात्रा संपन्न होते ही गांव का वातावरण भक्तिमय हो उठा है। सर्वत्र भक्ति और आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। आचार्य विनोद मिश्रा और यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रेम राणा ने बताया कि रुद्र महायज्ञ गांव में नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित की गई है। यज्ञ सात दिनों तक चलेगा जिस पर विविध धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे।

### करोड़ों की लागत से बन रहे भवन में बरती जा रही है भारी अनियमितता



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय के समीप लगभग 3 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे कर्मचारी भवन में संवेदक के द्वारा बरती जा रही है अनियमितता। बताते चले की भवन निर्माण कार्य में घटिया किस्म के बालू के अलावे कई घटीया सामग्री लगाई जा रही हैं। साथ ही साथ भवन निर्माण कार्य में साक्ष्य छिपाने के लिए बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। जिससे साफ स्पष्ट होता है कि संवेदक भवन निर्माण कार्य में अपने मनमानी से कार्य कर रहे हैं।

### भवन क्षतिग्रस्त होने से बाल-बाल बचे ग्राम रोजगार सेवक

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय के सिंघानी पंचायत सचिवालय का भवन जर्जर होने के कारण बुधवार को बाल-बाल बचें ग्राम रोजगार सेवक। भवान के छत की स्थिति जर्जर होने से छत टूट कर अचानक नीचे गिरा, जिससे रोजगार सेवक टेकनारायण राम बाल बाल बचे। वहीं ग्राम रोजगार सेवक ने प्रखंड प्रशासन सहित जिले के अधिकारियों को अवगत कराते हुए पंचायत भवन को दुरुस्त करवाने की मांग की है। दूसरी और सिंघानी पंचायत के मुखिया राधिका देवी ने इसे लेकर कई बार प्रखंड कार्यालय से लेकर जिलाधिकारियों को जर्जर पंचायत भवन के स्थान पर नया पंचायत भवन निर्माण के लिए मांग कर चुकी है।

ईद व रामनवमी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

# अश्लीलता एवं अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस प्रशासन की रहेगी पैनी नजर



**नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर/कुंदा(चतरा)।** बुधवार को जिले के प्रतापपुर व कुंदा थाना परिसर में ईद व रामनवमी त्योहार के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रतापपुर थाने में बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी नित्यानंद दास एवं संचालन पुलिस इंस्पेक्टर अखिलेश सिंह ने किया। दोनो अधिकारियों ने लोगों से अपील किया कि ईद व रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्वक आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करें, अफवाह नहीं फैलाए और जुलूस के दौरान अश्लील गाना नहीं बजाने के साथ शराब पर पूरी तरह से प्रतिबंधित रहने की बात कही। उपस्थित लोगों को सरकार की गाइडलाइन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा गया कि चुनाव आचार संहिता लागू है। 10 बजे रात्रि से लेकर 6 बजे सुबह तक साउंड सिस्टम का इस्तेमाल नहीं करें, यदि नियम का उल्लंघन करते हैं तो कार्रवाई निश्चित रूप से की जाएगी। डीजे को अत्यधिक तीव्र आवाज में नहीं बजाए। बैठक में मुख्य रूप से सब इंस्पेक्टर कासिम अंसारी, सब इंस्पेक्टर एनके यादव, सब इंस्पेक्टर केएन मुंडा, एएसआई वीरेंद्र तिवारी, मिस्टर आलम अशरफी, रामजी पासवान, निर्मल कुमार आदि उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**नवीन मेल सवांददाता। चतरा**

डीआरडीए स्थित डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन चतरा में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त संस्थान, एसोशिएसन जिला इकाई चतरा के साथ लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम वृद्ध मतदाता, नए मतदाता, दिव्यांग मतदाता, कलादल, प्रेस मीडिया एवं अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा 20 मई को अपना बहुमूल्य वोट देकर लोकतंत्र का हिस्सा बने और लोकतंत्र को मजबुत करने की अपील की। मतदान दिवस के दिन सभी मतदाता अपने घर से बाहर निकलकर निर्भिक एवं भयमुक्त होकर अपने अपने बूथों पर जाकर अपना मत का प्रयोग अवश्यक करें। मतदाता निर्भिक एवं भयमुक्त होकर मतदान करें इसके लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अगर किन्ही मतदाता को किन्ही के द्वारा दबाव या प्रलोभन दिया जाता है तो अविलम्ब इसकी जानकारी प्रशासन को दें। डराने, धमकाने, दबाव डालने वाले लोगों को बख्सा नहीं जाएगा। किसी भी प्रकार की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन से संबंधित शिकायत मिलती है तो अविलम्ब सीविजिल ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करें। शिकायत दर्ज होने के 100 (एक सौ) मिनट के अंदर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं छुटे हुए मतदाताओं से भी अपील किया गया कि वैसे मतदाता जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे उपर है और उनका नाम अभी तक मतदाता सूचि में शामिल नहीं हो सका है वो अपने नजदीकी मतदान केन्द्र या बीएलओ, ऑनलाइन के माध्यम से प्रपत्र 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूचि में शामिल करा सकते हैं। वर्ष 2009 के बाद भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यापक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिससे अधिक से अधिक मतदाता अपने मत का अधिकार को समझ कर मत का प्रयोग कर सके। पहले मतदान फिर जलपान, चुनाव पर्व है चतरा को गर्व है समेत कई अन्य नारें उप विकास आयुक्त के द्वारा लगाए गए। अपर समाहर्ता ने कहा इस कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया गया। वहीं संगीत बोल घर से निकलकर वोट करना होगा पर ताईकमांडो के खिलाड़ियों द्वारा नृत्य की प्रस्तुती की गई। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को मतदान के प्रति एक स्वर में वोट करेगा चतरा का नारा लगाया गया। कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावे एसडीओ चतरा सुरेन्द्र उरांव, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय, प्रेस क्लब चतरा के अध्यक्ष सुनील कश्यप विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी, कर्मी, कला दल, मान्यता प्राप्त संस्थान समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में 46 सरकारी विद्यालयों को आदर्श विद्यालय बनाने की प्रक्रिया शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 46 सरकारी विद्यालयों को आदर्श विद्यालय बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस सिलसिले में राज्य सरकार की ओर से तीन अधिकारी डाल्टनगंज में समीक्षा और सर्वेक्षण कर रहे हैं । यह तीन अधिकारी हैं श्री सचिन कुमार, श्री राजीव कुमार और श्री मिथिलेश कुमार इन अधिकारियों ने प्रखंड स्थल और जिला स्तर पर शिक्षा के अधिकारियों और पदाधिकारी से गहन विचार विमर्श किया है। यह जो 46 स्कूल को आदर्श विद्यालय बनाना है। उसके पीछे का नारा है मेरा स्कूल, मेरा गौरव इस 3 सदस्य टीम ने शिक्षकों से कहा है कि वह अपनी सोच को बदले और कोशिश करें कि सरकारी स्कूल की उन्होंने जो देकर कहा कि रूटिंग के अनुसार वर्गों में पढ़ाई को सुनिश्चित किया जाए स्कूल की साफ सफाई शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था पर भी इस टीम ने काफी बल दिया इस टीम ने यह पाया कि पलामू जिले में कई ऐसे स्कूल है। जो एक ही कमरे में दो वर्गों की पढ़ाई करते यह गलत है क्योंकि बगल के कमरे खाली है और ताले लटके हैं।

इस टीम ने शिक्षकों का प्रावधानों से यह आग्रह किया वि वे स्कूल भवन और स्कूल के हाते का भरपूर सदुपयोग करें। उन्होंने बताया कि एक पाठ योजना तैयार करनी है जो पाठ योजना प्रत्येक महीने देखी अच्छी और समझी जाए के पाठ्यक्रम में कितने प्रगति की गई है।

## पेज एक के शेष

### पौलुस व जेठा को...

छह आरोपित ट्रायल फेस कर रहे थे। इसी मामले में पीएफएलआई सुप्रीमो दिनेश गोप भी ट्रायल फेस कर रहा है। अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह पेश किए गए थे, जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह पेश किया गया। हत्याकांड की घटना को लेकर कर्रा थाने में कांड संख्या 27/2013 के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

### पीएलएफआई के...

बताया गया कि गिरफ्तार उग्रवादियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। गिरफ्तार बोयर सिंह पूर्ति के विरुद्ध जिले के अड़की और मुरहू थाने में हत्या, 17 सीएलए एक्ट आर्म्स एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में कुल तीन मामले दर्ज हैं, जबकि सामू मुंडा के विरुद्ध मुरहू थाने में 17 सीएलए एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि संगीन धाराओं में एक मामला दर्ज है।

### कंप्यूटर ऑपरेटरों को 22 माह...

काम ले रहा है, तो जून 2022 से उनके मानदेय का भुगतान क्यों नहीं किया गया। इधर, ग्रामीण विकास विभाग के आदेश के बाद चतरा डीडीसी ने उक्त कार्यालय आदेश के आलोक में प्रखंड स्तर से बकाया भुगतान करते हुए भुगतान से संबंधित प्रतिवेदन 24 घंटे के अंदर उपलब्ध कराने का आदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह मुख्य प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा जिला (गिद्धौर, इटखोरी, कानहाचट्टी एवं चतरा) को छोड़कर आदेश दिया है। डीडीसी ने दो अप्रैल को विजेयता तिवारी एवं अन्य बनाम झारखंड सरकार के वाद में पारित आदेश का उल्लेख किया है और कहा कि अविलंब आदेश के अनुपालन करने की दिशा में कार्रवाई करते हुए बकाया का भुगतान किया जाए। प्रतापपुर प्रखंड ने इस दिशा में फाइल भी बढ़ा दी है। एक कंप्यूटर ऑपरेटर को 10,500 रुपये प्रतिमाह मिलता है। ऐसे में 22 माह का बकाया 2.31 लाख रुपये दिए जाएंगे। इस प्रखंड में संविदा पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर नीरज कुमार और आलोक कुमार को बकाया भुगतान के लिए 4.62 लाख रुपये राशि आवंटित करने का अनुरोध किया गया है। संभवतः गुरुवार तक यह राशि उनके खाते में भेज दी जाएंगी। इसी तरह, अन्य ऑपरेटर को भी राशि भेजी जाएगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## एक नजर

### मोदी ने साइमन हैरिस को आयरलैंड का नए पीएम बनने पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइमन हैरिस को आयरलैंड का अब तक का सबसे युवा प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को एक्स पोस्ट में कहा, आयरलैंड के अब तक के सबसे युवा प्रधानमंत्री बनने पर साइमन हैरिस को बधाई। हम अपने ऐतिहासिक संबंधों को अत्यधिक महत्व देते हैं जो लोकतांत्रिक मूल्यों में साझा विश्वास पर आधारित हैं। भारत-आयरलैंड द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हैं।

### हांगकांग के न्यू लकी हाउस में लगी आग, 5 की मौत और 27 घायल

**नई दिल्ली।** हांगकांग में एक इमारत में आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हैं। आग हांगकांग के न्यू लकी हाउस नामक इमारत में लगी। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन पुरुष और दो महिलाओं की मौत हुई है। सुबह 7.53 बजे आग की सूचना मिलने पर दमकलकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। आग पहली मंजिल पर स्थित एक जिम में लगी थी।

### चीन में जहाज की टक्कर में 8 की मौत

**बीजिंग।** दक्षिण चीन के हैनान प्रांत के दक्षिण-पश्चिमी तट पर मछली पकड़ने वाली एक नाव और एक कमर्शियल शिप के बीच टक्कर के बाद लापता हुए सभी आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। मछली पकड़ने वाली नाव युएनान आओयू 36062 3 अप्रैल को सुबह लगभग 0:15 बजे सान्या बंदरगाह से लगभग 60 समुद्री मील पश्चिम में पनामा के कंटेनर जहाज एसआईटीसी दानंग से टकरा गई। इसके बाद, मछली पकड़ने वाली नाव डूब गई और उसमें सवार आठ लोग लापता हो गए। बुधवार दोपहर तक सभी आठ शव पानी से बरामद कर लिए गए और बचाव अभियान समाप्त हो गया।


### दस नवनिर्वाचित रास सदस्यों ने शपथ ली

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को राज्यसभा के दस नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ संसद भवन में दिलाई गई, जहां राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव पी.के. मोदी भी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण करने वालों में मयंकभाई जयदेवभाई नायक, नारायणसा के. भंडागे, मिलिंद मुरली देवड़ा, अजीत माधवराव गोपचड़े, रेणुका चौधरी, अमरपाल मौर्य, संजय सेठ, रामजी लाल सुमन, सागरिका घोष और ममता ठाकुर शामिल थी।

# अयोध्या : जन्मोत्सव पर किरणें करेंगी राम लला का सूर्य तिलक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस वर्ष की राम नवमी कई मायनों में खास होने वाली है। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला नवरात्रि है। राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम नवमी की खास तैयारी की है। राम नवमी को राम जन्मोत्सव के दिन रामलला का सूर्य तिलक भी किया जाएगा। 17 अप्रैल को दोपहर में ठीक 12:00 बजे राम लला का सूर्य अभिषेक किया जाएगा। इसके लिए खास तैयारी की गई है। सूर्य तिलक का ट्रायल भी सफल हो चुका है। आइये जानते हैं आखिर राम लला का सूर्य तिलक किस तरह से किया जाएगा... सूर्य तिलक के लिए आईआईटी रुड़की सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक खास ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम तैयार किया है। इसमें मंदिर के सबसे ऊपरी तल (तीसरे तल) पर लगे दर्पण पर ठीक दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें पडेंगी। दर्पण से 90 डिग्री पर परावर्तित होकर ये किरणे एक पीतल के पाइप में जाएंगी। पाइप के छोर पर एक दूसरा दर्पण लगा है। इस दर्पण से सूर्य किरणें एक बार फिर से परावर्तित होंगी और पीतल की पाइप के साथ 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी। दूसरी बार परावर्तित होने के बाद सूर्य किरणें लंबवत दिशा में नीचे की ओर चलेंगी। किरणों के इस रास्ते में एक के बाद एक तीन लेंस पड़ेंगे, जिनसे इनकी तीव्रता और बढ़ जाएगी। लंबवत पाइप जाती है। लंबवत पाइप के दूसरे छोर पर एक और दर्पण लगा है। बढ़ी हुई तीव्रता के साथ किरणें इस दर्पण पर पड़ेंगी और पुनः 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी। 90 डिग्री पर मुड़ी ये किरणें सीधे राम लला के मस्तक पर पड़ेंगी। इस तरह से राम लला का सूर्य तिलक पूरा होगा।




### सूर्य किरण रामलला के मुख मंडल को चार मिनट तक करेगी प्रकाशमान

सूर्य किरणों का यह तिलक 75 मिमी का गोलाकार रूप में होगा। दोपहर 12 बजे सूर्य किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। निरंतर चार मिनट तक किरणें रामलला के मुख मंडल को प्रकाशमान करेंगी। राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि श्रीराम लला का सूर्य तिलक करने की तैयारी संपूर्ण परिश्रम से हो रही है। संभव है कि राम नवमी पर वैज्ञानिकों का प्रयास फलीभूत हो जाए। तकरीबन 100 एलईडी स्क्रीन के माध्यम से इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

### गियर सेकंड्स में बदलेंगे किरणों की चाल

सूर्य तिलक तय समय पर हो इसके लिए इस सिस्टम में 19 गियर लगाए गए हैं। ये गियर्स सेंकंडों में दर्पण और लेंस पर किरणों की चाल बदलेंगे। ये पूरा सिस्टम बिना बिजली के काम करेगा।

### इन मंदिरों में भी हो रहा सूर्य तिलक

सूर्य तिलक मैकेनिज्म का उपयोग पहले से ही कुछ जैन मंदिरों और कोणार्क के सूर्य मंदिर में किया जा रहा है। हालांकि, उनमें अलग तरह की इंजीनियरिंग का प्रयोग किया गया है। राम मंदिर में भी मेकेनिज्म वही है, लेकिन इंजीनियरिंग बिलकुल अलग है। निर्धारित समय पर तिलक करना बड़ी चुनौती थी।

### इनकी मेहनत का नतीजा

विशेष 'सूर्य तिलक' के निर्माण में सूर्य के पथ को लेकर तकनीकी मदद बेंगलुरू के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स (आईआईए) से ली गई है। बेंगलुरू की कंपनी ऑप्टिका के एमडी राजेंद्र कोटारिया ने लेंस और ग्रास ट्यूब तैयार किया है। उन्होंने ही इसे इंस्टॉल भी किया। सीबीआरआई की टीम का नेतृत्व डॉ. एसके पाणिग्रही के साथ डॉ आरएस विष्ट, कांति लाल सोलंकी, वी चक्रधर, दिनेश और समीर ने किया है।

### बदले गए राम लला के वस्त्र

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन राम लला के वस्त्र बदले गए। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुताबिक 22 जनवरी को हुई प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार प्रभु के वस्त्रों की 'शैली' को बदला गया है। भगवान के नए वस्त्र मयूर व अन्य वैष्णव चिह्नों को रंग-बिरंगे रेशम के साथ-साथ असली तारों से काढ़ा गया है। यह वस्त्र खादी कॉटन से निर्मित है। इन पर असली चांदी और सोने की हस्त-छपाई की गई है। छपाई में प्रयोग किए हुए सभी चिह्न वैष्णव पद्धति के हैं।

# द्रमुक ने तमिलनाडु के लोगों को पुरानी सोच में फंसाये रखा है

**एजेंसी। चेन्नई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि द्रमुक ने तमिलनाडु को न सिर्फ पुरानी सोच और पुरानी राजनीति में जकड़ कर रखा है बल्कि 'फूट डालो, फूट डालो और फूट डालो' और राज करो के अपने एजेंडा को भी पूरी ताकत से आगे बढ़ा रहा है। वेल्लोर फोर्ट मैदान से वेल्लोर, कृष्णागिरि, धर्मपुरी, अरणी, अरक्कोणम और तिरुवन्नामलाई लोकसभा सीटों के भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने द्रमुक पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का भी आरोप लगाया। द्रमुक की राजनीति पर अफसोस जताते हुए उन्होंने कहा, द्रमुक पारिवारिक राजनीति, भ्रष्टाचार और तमिल विरोधी संस्कृति को आधार बनाकर चुनाव



लड़ता है। उन्होंने कहा कि द्रमुक के परिवार ने तमिलनाडु के युवाओं को अस्थिर कर दिया है और व्यवस्थित लूट को बढ़ावा दिया है, जिससे तमिलनाडु विकास से वंचित रह गया है। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार द्रमुक का कॉपीराइट है। प्रधानमंत्री ने द्रमुक की राजनीति पर हमला करते हुए उल्लेख किया कि पार्टी ने नए संसद भवन में 'पवित्र सेंगोल' की 'स्थापना' का भी बहिष्कार किया था, जो भारत की स्वतंत्रता का संस्थापक प्रतीक है। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास हमेशा तमिल संस्कृति को बढ़ावा देने का रहा है, चाहे वह काशी-तमिल संगमम हो, सौराष्ट्र-तमिल संगमम हो या संयुक्त राष्ट्र में तमिल बोलना हो। पीएम ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि 21वीं सदी 'विकसित भारत' और 'विकसित तमिलनाडु' के लिए बेहद अहम है।

### 'शक्ति' के महत्व पर जोर

तमिलनाडु के लोगों के लिए 'शक्ति' के महत्व पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन का लक्ष्य तमिलनाडु के लोगों की प्रिय 'शक्ति' को खत्म करना है। प्रधानमंत्री ने राज्य पर केंद्र सरकार के फोकस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह तमिलनाडु में रक्षा गलियारे को आगे बढ़ा रही है जो राज्य का चेहरा बदल देगा। तमिलनाडु से अंतरिक्ष क्षेत्र में भी कई स्टार्ट-अप हैं जिन्होंने देश की अंतरिक्ष यात्राओं में मदद की है। इससे पहले वेल्लोर के लोगों ने पीएम का जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं वेल्लोर के इतिहास, पौराणिक कथाओं और बहादुरी को नमन करता हूं। वेल्लोर ने अंग्रेजों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण क्रांति की, और वर्तमान में, एनडीए के लिए इसका मजबूत समर्थन 'फिर एक बार मोदी सरकार' की भावना दर्शाता है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवारों, ए.सी. षणमुगम (वेल्लोर), सौम्या अंबुमणि (धर्मपुरी), बालू (अरक्कोणम), सी.आर. नरसिम्हन (कृष्णागिरी), असुवथमन (तिरुवन्नामलाई), ए. गणेश कुमार (अरानी) का भी परिचय कराया और लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की।

भाजपा ने लोस उम्मीदवारों की एक और लिस्ट की जारी

# आसनसोल से एसएस अहलुवालिया को टिकट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा ने बुधवार को अपने लोकसभा उम्मीदवारों की दसवीं सूची जारी कर दी। पार्टी ने लोकसभा उम्मीदवारों की इस सूची में उत्तर प्रदेश से 7, पश्चिम बंगाल से 1 और चंडीगढ़ सहित कुल 9 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल लोकसभा क्षेत्र से भोजपुरी स्टार पवन सिंह की जगह एसएस अहलुवालिया को उम्मीदवार घोषित किया है। दरअसल, पश्चिम बंगाल में अपनी उम्मीदवारी को लेकर राजनीतिक विवाद पैदा हो जाने के कारण पवन सिंह ने स्वयं आसनसोल से चुनाव लड़ने में असमर्थता जता दी थी। वहीं, भाजपा ने फिल्म अभिनेत्री एवं चंडीगढ़ से वर्तमान लोकसभा सांसद किरण खेर का टिकट काट दिया है। पार्टी ने इस बार चंडीगढ़ से किरण खेर की बजाय संजय टंडन को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने मैनपुरी से जयवीर सिंह ठाकुर, कौशांबी से विनोद सोनकर, फूलपुर से प्रवीण पटेल, इलाहाबाद से नीरज त्रिपाठी, बलिया से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर, मछलीशहर से बीपी सरोज और गाजीपुर से पारस नाथ राय को चुनावी मैदान में उतारा है।

### बिहार के काराकाट से लड़ेंगे चुनाव पवन सिंह

**पटना।** भोजपुरी सिनेमा के चर्चित अभिनेता पवन सिंह बिहार के काराकाट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। इसकी जानकारी बुधवार को पवन सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए सार्वजनिक की। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'माता गुरुतरा भूमेरू' अर्थात माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं और मैंने अपनी मां से वादा किया था कि मैं इस बार चुनाव लड़ूंगा। मैंने निश्चय किया है कि मैं 2024 का लोकसभा चुनाव काराकाट, बिहार से लड़ूंगा। जय माता दी।

### वकील के साथ और समय बिताने की केजरीवाल की मांग खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक और झटका लगा है। अदालत ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने वकील के साथ ज्यादा समय बिताने की मांग की थी, ताकि वो देशभर में अपने खिलाफ चल रहे केस से निपटने के लिए पूरी रूपरेखा तैयार कर सकें। राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा ने याचिका को खारिज कर दिया, जिसे केजरीवाल के लिए एक और बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय के लिए विशेष वकील जोहेब हुसैन ने केजरीवाल द्वारा दाखिल की गई याचिका पर आपत्ति जताई। आवेदक सप्ताह में पांच बार कानूनी बैठक की मांग कर रहे हैं, जो स्पष्ट रूप से जेल मैनुअल के खिलाफ है। मैनुअल के अनुसार, सप्ताह में एक ही बैठक किए जाने की मंजूरी अदालत की ओर से मिली है। हालांकि, किसी विशेष परिस्थिति में दो बैठकें कर सकते हैं। सीएम केजरीवाल को फिलहाल दो बैठकें करने की मंजूरी मिली हुई है।

कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश

## अदालत की निगरानी में सीबीआई करेगी संदेशखाली मामले की जांच

**एजेंसी। कोलकाता**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि यह जांच कोर्ट की निगरानी में की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई को नई ई-मेल आईडी खोलकर संदेशखाली घटना से जुड़ी शिकायतें लेनी होंगी। संदेशखाली को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में कुल पांच जनहित याचिकायें दायर की जा चुकी हैं, जिन पर सुनवाई होनी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि संदेशखाली मामले की गंभीरता को देखते हुए इसमें कोई शक नहीं है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। हमारी राय है कि जांच एजेंसी को राज्य को भी सहयोग देना चाहिए। इस मामले में गिरफ्तारी समेत हर तरह की कार्रवाई के लिए कोर्ट ने सीबीआई को अनुमति दी है।

## कांग्रेस के घोषणापत्र में 'मुस्लिम लीग की छाप' बताने पर राहुल गांधी ने दिया जवाब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर भाजपा लगातार हमला कर रही है। भाजपा कांग्रेस के घोषणापत्र को मुस्लिम लीग से प्रभावित बता रही है। इसी बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा और पीएम द्वारा उनके घोषणापत्र पर सवाल उठाने पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "ये चुनाव दो विचारधाराओं की लड़ाई है! एक तरफ कांग्रेस है, जिसने हमेशा भारत को जोड़ा और दूसरी तरफ वो हैं, जिन्होंने हमेशा लोगों को बांटने की कोशिश की है। इतिहास गवाह है, किसने देश का विभाजन चाहने वाली ताकतों से हाथ मिलाकर उन्हें मजबूत किया और कौन देश की एकता और स्वतंत्रता के लिए लड़ा।" कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आगे लिखा, "कौन 'भारत छोड़ो आंदोलन' के समय अंग्रेजों के साथ खड़ा था? जब भारत की जेलें कांग्रेसी नेताओं से भर गई थी, तब कौन देश को बांटने वाली ताकतों के साथ राज्यों में सरकार चला रहा था? राजनीतिक मंचों से 'झूठ की बौछार' करने से इतिहास नहीं बदलता।" मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम के कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप बताने पर जवाब दिया था। खरगे ने कहा था कि पीएम और अमित शाह व उनके नॉमिनेटेड अध्यक्ष आज कांग्रेस घोषणापत्र के बारे में उल्टी-सीधी भ्रांतियां फैला रहे हैं।

## अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड के चुनाव में भारत की जीत

सुश्री जगजीत पवाडिया को फिर चुना गया

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

संयुक्त राष्ट्र में भारत की एक और बड़ी जीत हुई है। भारत की सुश्री जगजीत पवाडिया को अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड के लिए फिर से चुना गया। इस चुनाव का आयोजन संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद ने किया। इसे सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी चुनाव माना जाता है। सुश्री पवाड़िया ने सर्वाधिक मत हासिल किए। भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को एक्स हैंडल पोस्ट में कहा, आज, भारत की उम्मीदवार सुश्री जगजीत पवाडिया को न्यूयॉर्क में हुए चुनाव में 2025-2030 की अवधि के लिए अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड के लिए फिर से चुना गया है। भारत ने बोर्ड के सभी निर्वाचित सदस्य देशों के बीच सबसे अधिक वोट हासिल किए। उल्लेखनीय है कि जगजीत पवाड़िया ने 2019 में भी जीत हासिल की थी।

भारत के राजदूत ने इजरायल के श्रम मंत्री याओव बेन जुर से की मुलाकात

# कामगारों की सुरक्षा पर भारत गंभीर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इजरायल में भारत के राजदूत संजीव सिंगला ने बुधवार को इजरायल के श्रम मंत्री याओव बेन जुर से मुलाकात की। इस बैठक में द्विपक्षीय संबंधों और इजरायल में काम कर रहे भारतीय कामगारों की सुरक्षा के मुद्दे पर बातचीत हुई। भारतीय कामगारों का पहला जत्था दोनों देशों की सरकारों के बीच हुई समझौते के तहत इजरायल पहुंच गया है। भारत सरकार ने इजरायल सरकार से भारतीय कामगारों की सुरक्षा को गंभीरता से लेने की अपील की थी। कुछ समय पहले हरियाणा के रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विवि में 10 हजार भारतीय कामगारों को इजरायल भेजने की भर्ती की शुरूआत हुई थी। बीती 4 अप्रैल को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया था कि इजरायल में 4 हजार भारतीय कामगार मौजूद हैं। इजरायल स्थित भारतीय दूतावास इन कामगारों के लगातार संपर्क में है और उनकी सुरक्षा को लेकर अलर्ट है।



भारत और कजाखस्तान के बीच आतंकवाद संबंधी चुनौतियों को लेकर अहम बैठक हुई, जिसमें दक्षिण एशिया में सीमापार आतंकवाद, राज्य प्रायोजित आतंकवाद और अफगानिस्तान-पाकिस्तान से इतर क्षेत्रों में आतंकवाद के मुद्दे पर भी बात हुई। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर यह जानकारी दी है। यह बैठक कजाखस्तान के अस्ताना में हुई। भारत की तरफ से इस बैठक का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव केडी देवल ने किया। वहीं कजाखस्तान के दल का नेतृत्व कजाखस्तान के विदेश मंत्रालय के राजदूत तलगत कालियेव ने किया। यह दोनों देशों के संयुक्त कार्यसमूह के बीच इस साल आतंकवाद के मुद्दे पर पांचवीं बैठक थी।

**भारत-लक्जमबर्ग के बीच दिल्ली में हुई बैठक :** भारत-लक्जमबर्ग के बीच दूसरी विदेश विभाग की औपचारिक बैठक हुई। यह बैठक मंगलवार को दिल्ली में हुई। इस बैठक में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के साथ ही भारत-यूरोप के मुक्त व्यापार समझौते के आपसी फायदों पर भी बात हुई। दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक सहयोग पर दोनों देशों ने खुशी जताई।

### दिल्ली सरकार के मंत्री राजकुमार आनंद ने दिया इस्तीफा, पार्टी भी छोड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी की नीति का विरोध करते हुए बुधवार को मंत्री पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया। आनंद ने पत्रकार वार्ता के दौरान भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के रवैए पर सवाल उठाए। साथ ही उन्होंने दलितों और पिछड़ों के प्रतिनिधित्व का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी देश में राजनीति बदलने के उद्देश्य से आई थी। हालांकि राजनीति नहीं बदली लेकिन राजनेता बदल गए। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने वाली पार्टी आज स्वयं भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गई है। ऐसे में उनका पार्टी में रहना असहनीय था और उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

ट्रंप राष्ट्रपति चुने गए तो बाइडन से लेंगे बदला!

# संघीय जांच एजेंसियां जो के खिलाफ कर सकती हैं कार्रवाई

**एजेंसी। वॉशिंगटन**

अमेरिकी मीडिया के हवाले से कहा जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप अगर आगामी चुनाव में राष्ट्रपति चुने जाते हैं तो इससे जो बाइडन की परेशानियां बढ़ सकती हैं। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप, जो बाइडन और उनके परिवार के खिलाफ चल रही संघीय जांच पर फोकस कर सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप की प्रचार टीम के एक करीबी ने बताया कि जो भी बाइडन सरकार कर रही है, वही ट्रंप भी कर सकते हैं।

**ट्रंप के खिलाफ 44 मामलों में चल रही है संघीय जांच :** डोनाल्ड ट्रंप के एक अन्य करीबी ने बताया कि जिस तरह से डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ संघीय एजेंसियां जांच कर रही हैं, उसने एक मिसाल कायम कर दी है कि बाइडन को भी ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। उनका कहना है कि बाइडन ने जो किया है, वही उन्हें मिलेगा। डोनाल्ड ट्रंप अभी संघीय अपराध के 44 मामलों का सामना कर रहे हैं। इनमें से 40 मामले गोपनीय दस्तावेजों से संबंधित हैं और चार मामले 2020 के चुनाव में कथित धांधली से जुड़े हैं।

### बाइडन के खिलाफ चल रहे मामलों पर फोकस करेंगे ट्रंप



डोनाल्ड ट्रंप अगर राष्ट्रपति चुने जाते हैं तो वह अपने खिलाफ लगे संघीय आरोपों को खारिज कर सकते हैं, लेकिन राज्यों की तरफ से लगे आरोप, खासकर न्यूयॉर्क में उन्हें कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ सकता है। न्यूयॉर्क की अपीलीय अदालत में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ नागरिक मामलों जैसे टैक्स में धोखाधड़ी, मानहानि और दुष्कर्म जैसे मामलों की सुनवाई हो रही है। वहीं जो बाइडन भी गोपनीय दस्तावेजों से संबंधित मामलों को लेकर आरोपी हैं, लेकिन अभी तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है।